रांची, धनबाद एवं पटना से प्रकाशित

# शुभम संदेश

एक राज्य - एक अखबार

www.lagatar.in

रांची, सोमवार 30 सितंबर 2024 ● आश्विन कृष्ण पक्ष 13 संवत 2081 ● पृष्ठ : 12, मूल्य : ₹ 6 ● वर्ष : 2, अंक : 172

आमंत्रण मूल्य : ₹ 3 मात्र


**मौसम**

| शहर | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| धनबाद | 32.6 | 25.3 |
| जमशेदपुर | 33.0 | 25.2 |
| डालटनगंज | 35.2 | 26.1 |

तापमान डिग्री सेल्सियस में.



* *

**सर्राफा**

| | |
|---|---|
| सोना (बिक्री) | 71,550 |
| चांदी (किलो) | 93,000 |

## ब्रीफ खबरें

### सुनीता विलियम्स को वापस लाने का मिशन

**वाशिंगटन।** भारतीय मूल की अमेरिकी एस्ट्रोनॉट सुनीता विलियम्स जून से ही अंतरिक्ष में फंसी हुई हैं. उनके साथ नासा के एक और एस्ट्रोनॉट बुच विल्मोर भी हैं. दोनों अगले साल फरवरी में धरती पर वापस आ पाएंगे. दोनों एस्ट्रोनॉट्स को लेने के लिए स्पेस एक्स क्रू-9 मिशन सक्सेसफुल लॉन्च कर दिया गया है. इसी स्पेसक्राफ्ट के जरिए दोनों की वापसी होगी. मिशन की लॉन्चिंग तो सक्सेसफुल रही, लेकिन फॉल्कन-9 रॉकेट के सेकेंड स्टेज में एक दिक्कत आ गई. हालांकि, यह ज्यादा परेशान करनेवाली नहीं है और सुनीता व बुच विल्मोर की वापसी इससे ज्यादा प्रभावित नहीं होगी.

### नेपाल में भारी बारिश से तबाही, 150 की मौत

**काठमांडू।** नेपाल के कई हिस्सों में गुरुवार से मूसलाधार बारिश के साथ भूस्खलन हो रहा है. इससे नेपाल में भारी तबाही हुई है. अब तक बाढ़ व भूस्खलन के कारण 150 से अधिक लोगों की मौत हो चुकी है. वहीं कई लोग अभी भी लापता हैं. काठमांडू में 226 मकान जलमग्न हो गए हैं. देश में कई पुल गिर गए हैं. प्रभावित इलाकों में नेपाल पुलिस ने करीब तीन हजार सुरक्षाकर्मियों की बचाव टीम तैनात की है.

### स्टालिन ने बेटे को बनाया डिप्टी सीएम

**चेन्नई।** तमिलनाडु की एमके स्टालिन सरकार का रविवार को कैबिनेट विस्तार हुआ. स्टालिन ने अपने बेटे और खेल मंत्री उदयनिधि स्टालिन के ओहदे में बढ़ोतरी की है. उन्हें राज्य का डिप्टी सीएम बनाया गया है. राज्यपाल आरएन रवि ने आर राजेंद्रन, वी सेंथिल बालाजी, एम नसर एवं उदयनिधि को पद और गोपनीयता की शपथ दिलाई गई.

### छग में आईईडी ब्लास्ट पांच जवान हुए घायल

**रायपुर।** बीजापुर जिले के उसूर ब्लॉक के तररेम और गुंडम क्षेत्र में रविवार की सुबह सर्चिंग पर निकले सीआरपीएफ जवान नक्सलियों के द्वारा लगाए गए आईडी की चपेट में आ गए. इस हमले में पांच जवान घायल हो गए. घायल जवानों को अस्पताल ले जाया गया. इस घटना के बाद किसी भी तरह से कोई फायरिंग नहीं हुई. यह पूरी घटना चिन्नागलूर कैंप से करीब 350 मीटर की दूरी पर हुई.

### भाजपा ने आठ बागियों को किया निष्कासित

**चंडीगढ़।** हरियाणा विधानसभा चुनाव में भाजपा के कई बागी निर्दलीय उम्मीदवार के तौर पर चुनाव लड़ रहे हैं. ऐसे में भाजपा ने बागियों के खिलाफ कार्रवाई की है. पार्टी के खिलाफ जाकर चुनाव लड़ रहे आठ कार्यकर्ताओं को भाजपा ने निष्कासित कर दिया है. इनमें रणजीत सिंह चौटाला का भी नाम शामिल है. सभी को छह साल के लिए पार्टी से निकाला गया है.

## आरोप-प्रत्यारोप: हरियाणा में गरजे शाह, जम्मू में खरगे हुए बीमार

### राहुल बाबा झूठ बोलने की मशीन बन गए हैं : गृह मंत्री

**एजेंसी। गुरुग्राम।**

▪ हरियाणा में गृह मंत्री ने अग्निवीर पर भी कही बड़ी बात



हरियाणा के गुरुग्राम की चुनावी जनसभा को संबोधित करते हुए केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कांग्रेस पर जमकर निशान साधा. उन्होंने कहा, इंदिरा गांधी, राजीव और सोनिया गांधी... कांग्रेस पार्टी की तीन पीढ़ियों ने सेना का सम्मान नहीं किया, वन रैंक-वन पेंशन की मांग को पूरा नहीं किया. आपने नरेंद्र मोदी को पीएम बनाया और वन रैंक-वन पेंशन की मांग पूरी की. वन रैंक-वन पेंशन का तीसरा वर्जन भी पीएमने लागू कर दिया, अब नई तनख्वाह के साथ पेंशन मिलेगी. शाह ने कहा कि राहुल बाबा झूठ बोलने की मशीन हैं. उनका कहना है कि अग्निवीर योजना इसलिए लाई गई है क्योंकि सरकार उन्हें पेंशन वाली नौकरी नहीं देना चाहती. अग्निवीर योजना सिर्फ हमारी सेना को जवान बनाए रखने के लिए बनाई गई है. मैं आपसे कहना चाहता हूं कि अपने बेटों को सेना में भेजने से पहले संकोच ना करें. हर अग्निवीर को पेंशन वाली नौकरी मिलेगी.

### राजनीति में समानता व न्याय के लिए महिलाओं की जरूरत

**एजेंसी। नयी दिल्ली**

▪ राहुल गांधी ने बताई शक्ति अभियान की खासियत



लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने रविवार को कांग्रेस के शक्ति अभियान के बारे में महिलाओं को जानकारी दी. राहुल गांधी ने कहा कि राजनीति में सच्ची समानता और न्याय के लिए महिलाओं की अधिक आवश्यकता है. जो महिलाएं राजनीति में बदलाव लाना चाहती हैं, वे शक्ति अभियान का हिस्सा बनें. इसके जरिए वह महिलाओं के हित के लिए समान स्थान बना सकती हैं. राहुल गांधी ने एक्स पर पोस्ट किया कि एक साल पहले हमने राजनीति में महिलाओं की आवाज़ को बढ़ाने के लिए मिशन के साथ इंदिरा फ़ेलोशिप शुरू की थी. यह पहल अब महिला नेतृत्व के लिए एक शक्तिशाली आंदोलन बन गई है. सच्ची समानता और न्याय के लिए राजनीति में अधिक महिलाओं की आवश्यकता है. मिशन आधी आबादी, पूरा हक इस मुद्दे के प्रति हमारी अटूट प्रतिबद्धता का प्रतीक है.

### मोदी को हटाने से पहले मैं इतनी जल्दी नहीं मरूंगा: खरगे

**एजेंसी। जम्मू**

▪ मंच पर भाषण देते हुए बिगड़ी खरगे की तबीयत



जम्मू के कठुआ में जनसभा को संबोधित करते हुए मंच पर अचानक कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे की तबीयत बिगड़ गई. पार्टी महासचिव गुलाम अहमद मीर ने बताया कि जसरोटा में जनसभा में मंच पर बोलते समय खरगे को चक्कर आए, बेहोश होने लगे. हालांकि समय रहते मौजूद लोगों ने उन्हें संभाल लिया. उन्हें पानी पिलाया. हालांकि कुछ देर बाद खरगे ने कहा कि हम जम्मू-कश्मीर को राज्य का दर्जा बहाल करने के लिए लड़ेंगे. मैं 84 साल का हूं, मैं इतनी जल्दी नहीं मरने वाला हूं. मैं तब तक जिंदा रहूंगा, जब तक मोदी सत्ता से बाहर नहीं हो जाते. खरगे ने कहा कि ये लोग कभी चुनाव नहीं कराना चाहते थे. अगर वे चाहते तो एक-दो साल में ही चुनाव करा लेते. सुप्रीम कोर्ट के आदेश के बाद वो चुनाव के लिए तैयार हो गए. मोदी ने 10 वर्षों में भारत के युवाओं को कुछ नहीं दिया. मोदी यहां आकर युवाओं के भविष्य के लिए झूठे आंसू बहा रहे हैं.

## गुवा व बड़ाजामदा रेलवे साइडिंग पर माफिया गिरोह सक्रिय

# सफाई के नाम पर अरबों के लौह अयस्क की तस्करी

**शैलेश सिंह। किरीबुरु**

गुवा रेलवे साइडिंग के लाइन नंबर 5-6 और बड़ाजामदा रेलवे साइडिंग की कुछ लाइनों की साफ-सफाई के नाम पर लौह अयस्क की तस्करी बड़े पैमाने पर जारी है. महीनों से बड़ा माफिया गिरोह इसमें सक्रिय है. अब तक अरबो रुपए की लौह अयस्क की तस्करी दोनों रेलवे साइडिंग से हो चुकी है. यह सिलसिला अभी भी जारी है. उल्लेखनीय है कि रेलवे के वरिष्ठ मंडल वाणिज्यिक प्रबंधक, चक्रधरपुर कार्यालय द्वारा बीते दिनों बिनय कुमार पंकज, निदेशक, एनवाईबी, इंफ्रा प्राइवेट लिमिटेड, होल्डिंग नंबर 10 ए, रोड नंबर 1, लक्ष्मीनगर, टेल्को, जमशेदपुर को कोटेशन के आधार पर गुवा यार्ड की लाइन नंबर 5 और 6 के घाट की एक बार सफाई के कार्य के लिए स्वीकृति पत्र दिया गया था. इस कार्य के लिए कुल स्वीकृत दर 2,30,260.23 रुपए हैं. इसमें 18 फीसदी जीएसटी शामिल है.

गुवा के अलावे बड़ाजामदा रेलवे साइडिंग की भी दो लाइन साफ करने की अनुमति रेलवे द्वारा देने की बात कही गई है. दोनों रेलवे साइडिंग से लौह अयस्क व स्पंज आयरन की ढुलाई विभिन्न खदानों, प्लांटों और खनन कंपनियों द्वारा विभिन्न राज्यों में स्थित अलग-अलग स्पंज व स्टील प्लांटों में भेजा जाता है. खदानों व क्रशर से रेलवे साइडिंग में आने वाली लौह अयस्क गिर कर एक बड़ा भंडार होकर साइडिंग की गहराई भर चुकी थी. इसी पर माफिया की गिद्ध दृष्टि वर्षों से थी. इसे रेलवे ट्रैक अथवा लाइन की साफ-सफाई के नाम पर बड़ा खेला किया जा रहा है.

विश्वस्त सूत्रों के अनुसार यह काम मई में शुरू होना था, लेकिन जुलाई में शुरू किया गया. गुवा साइडिंग की लाइन खुदाई में हजारों टन लौह अयस्क जिसका ग्रेड 58-60 के आसपास था, उसे उठा कर बेच दिया गया है. इसी तरह बड़ाजामदा रेलवे साइडिंग की लाइन सफाई के नाम पर भी अब तक हजारों टन लौह अयस्क जिसका ग्रेड 55-58 के आसपास था, उसे बेचा गया है. सूत्र बताते हैं कि लगभग तीन फीट के आसपास गड्ढा खोदना चाहिए था. लेकिन जमीन के अंदर क्रसिंग साइज ओर लौह अयस्क का भारी भंडार मिलने की वजह से लगभग 7 फीट तक गहरी खुदाई कर अयस्क का उठाव किया गया है. अभी 4-5 दिन से काम रोका गया है, लेकिन पुनः काम चलेगा. रेलवे साइडिंग से लौह अयस्क उठाकर विभिन्न प्लॉट पर अवैध तरीके से भंडारण किया जाता रहा है. यहां का हजारों टन लौह अयस्क रामगढ़, गिरिडीह, दुर्गापुर, वाईजाग, खड़गपुर आदि शहरों के प्लांटों में जा रहा है.

### खनन, रेलवे विभाग और कई बड़ी कंपनियां संदेह के घेरे में



बड़ाजामदा रेलवे साइडिंग की तस्वीर.



गुआ रेलवे साइडिंग का 5-6 लाईन की सफाई हेतु रेलवे द्वारा जारी पत्र.

#### खेल में शामिल हैं बड़े-बड़े लोग

माफिया द्वारा कहा जाता है कि रेलवे साइडिंग की लाइन किनारे जमा लौह अयस्क का रॉयल्टी सरकार को पहले विभिन्न खदान प्रबंधनों द्वारा दिया जा चुका है. खदान से जो भी अयस्क साइडिंग थी उसकी रॉयल्टी सरकार को देकर ही आती थी. जो अयस्क लोड होकर बच गया, वह यहां पड़ा है और यह रेलवे का है. रेलवे का ट्रैक जाम हो रहा है, जिस कारण रेलवे साफ करवा रही है. ऐसा दावा किया जा रहा है कि इस बाबत रेलवे ने भी खनन विभाग को पत्र लिखा है. दूसरी ओर माफिया द्वारा ये बातें कही जा रही है कि इस लौह अयस्क का उठाव हेतु जिला खनन विभाग ने लगभग ढाई हजार टन का माइनिंग चालान भी दिया है. ऐसी स्थिति में साफ है कि माफिया, रेलवे व खनन विभाग का बड़ा गंठजोड़ अवैध लौह अयस्क का बड़ा खेला कर दिया है. यह उच्च स्तरीय जांच से सामने आएगा. अगर अयस्क की रॉयल्टी खदान प्रबंधन सरकार को दे चुकी हैं और हजारों-लाखों टन अयस्क रेलवे साइडिंग में दबा पड़ा हुआ है, तो उस अयस्क का मालिक कौन होगा! यह बड़ा सवाल है जिसका जवाब सरकार, रेलवे व खनन विभाग को देना होगा. इस बड़े खेल में बडे-बडे.लोग शामिल हैं.

#### क्या है रेलवे का निर्देश

रेलवे द्वारा जारी निर्देशों के अनुसार गुवा रेलवे साइडिंग में स्वीकृत ड्राइंग के अनुसार उत्खनन में मिट्टी का कार्य तथा रेलवे भूमि के अंदर तटबंध स्थल या खराब ढेर पर डंपिंग जिसमें 50 मीटर लीड तथा 1.5 मीटर लिफ्ट शामिल है. लीड को उत्खनन के गुरुत्वाकर्षण केंद्र से खराब ढेर के गुरुत्वाकर्षण केंद्र तक मापा जाएगा, लिफ्ट को प्राकृतिक भूमि स्तर से मापा जाएगा तथा सभी प्रकार की मिट्टी में विनिर्देशों के अनुसार, आकस्मिक कार्य सहित, 1.5 मीटर प्रत्येक परत में भुगतान किया जाएगा. कुल मात्रा-1318.59 घन मीटर होगा. इसके अलावे लीडिंग गिट्टी, कंकड़, ईंटें, पत्थर के टुकड़े, सिंगल, पत्थर के बोल्डर, ब्लॉक कंकड़, पिचिंग स्टोन, मलबे के पत्थर, लेटराइट, कोयला, सुर्खी, सूखा मोर्टार, रेतीली मुरुम, मिट्टी, खाद या कीचड़, राख, चूना, मलबा, गंदगी, मलबा आदि 25 किलोमीटर तक लीड के लिए. इस मद के अंतर्गत लीड का भुगतान तब किया जाएगा जब यह 500 मीटर से अधिक हो. इसकी भी कुल मात्रा-1318.59 घन मीटर निर्धारित है.

## नेतरहाट विद्यालय में रैगिंग से तंग आकर छात्र ने पी फिनाइल

**आशीष टैगोर। लातेहार**

**लातेहार**

▪ कक्षा आठ के दो छात्रों पर लगाया मारपीट व प्रताड़ना का आरोप

▪ **कहा- आश्रम प्रभारी से की थी शिकायत, कोई कार्रवाई नहीं हुई**

▪ विद्यालय प्रबंधन ने किसी तरह की रैगिंग से साफ इनकार किया



लातेहार सदर अस्पताल में भर्ती छात्र.

प्रतिष्ठित नेतरहाट आवासीय विद्यालय में रैगिंग का मामला प्रकाश में आया है. रविवार को विद्यालय के कक्षा सात के छात्र ने रैंगिग और मारपीट से तंग आकर फिनाइल पी ली. इसके बाद विद्यालय प्रबंधन द्वारा उसे तत्काल स्थानीय अस्पताल में भर्ती कराया गया.

वहां से उसे सदर अस्पताल रेफर कर दिया गया है, जहां उसका इलाज चल रहा है. सदर अस्पताल में भर्ती छात्र ने पत्रकारों को बताया कि वह कक्षा सात में पढ़ता है. कक्षा आठ के दो छात्र उसके साथ मारपीट करते थे. वह उनकी प्रताड़ना से तंग था. उसने इसकी शिकायत अपने आश्रम के प्रभारी से भी की थी, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई. रविवार को भी उसके साथ मारपीट की गई. प्रताड़ना से तंग आ कर उसने रविवार की सुबह छह बजे बाथरूम में रखा फिनाइल पी लिया. प्रताड़ित छात्र ने बताया कि विद्यालय में सीनियर छात्र जूनियर की रैगिंग करते हैं. उसकी कक्षा के दो-तीन छात्र तो स्कूल छोड़ कर चले गये हैं. शिकायत करने के बाद भी विद्यालय प्रबंधन कोई कार्रवाई नहीं करता है.

**भाजपा जिला उपाध्यक्ष ने जाना छात्र का हाल :** इधर, नेतरहाट विद्यालय के छात्र के सदर अस्पताल में भर्ती होने की खबर मिलने के बाद भाजपा जिला उपाध्यक्ष राकेश कुमार दुबे अस्पताल पहुंचे और छात्र से मुलाकात की. उसने उन्हें भी अपनी आपबीती सुनाई. दुबे ने चिकित्सकों से छात्र की तबीयत के बारे में जानकारी ली.

**प्राचार्य बोले-पहले भी बीमार हुआ था छात्र :** जब प्राचार्य संतोष कुमार से इस संबंध में पक्ष लेने के लिए संपर्क किया गया, तो उन्होंने रैगिंग जैसी किसी घटना से इंकार किया. उन्होंने कहा कि छात्र की तबीयत अचानक खराब हो जाने के कारण उसे अस्पताल में भर्ती कराया गया था. पूर्व में भी उसकी तबीयत बिगड़ी थी.

### तो आईएमएफ से ज्यादा पैसा हम दे देते: राजनाथ

**जम्मू।** रक्षामंत्री राजनाथ सिंह ने आईएमएफ के बेलआउट पैकेज पर चल रहे पड़ोसी देश पाकिस्तान को सलाह दी. उन्होंने कहा, केंद्र लगातार जम्मू-कश्मीर के विकास के लिए पैसा देती है. उससे भी कम पैसे के लिए पाकिस्तान आईएमएफ की राह तकता है. रक्षामंत्री ने कहा कि पाकिस्तान को जितनी भी वित्तीय सहायता मिलती है, वह उसका दुरूपयोग ही करता है. उन्होंने कहा किअगर पाकिस्तान ने भारत के साथ दोस्ताना संबंध बनाए रखे होता, तो हमने पड़ोसी होने के नाते आईएमएफ से बड़ा बेलआउट पैकेज दिया होता. राजनाथ ने कहा कि केंद्र की मोदी सरकार ने 2014-15 में जम्मू-कश्मीर के विकास के लिए एक विशेष पैकेज की घोषणा की थी, जो कि अब 90 हजार करोड़ रुपए तक पहुंच गया है. आज पाकिस्तान आईएमएफ से जितने पैसों की गुहार लगा रहा है, यह उससे कहीं अधिक है.

### हाजिरजवाबी: शाहरुख ने धौनी के साथ अपनी समानता पर खुलकर की बात, कहा

## दिग्गजों को पता होता है...कब रिटायर होना है




**एजेंसियां। अबू धाबी**

बॉलीवुड मेगास्टार शाहरुख खान और फिल्मकार करण जौहर के बीच की दोस्ती आईफा मंच पर भी देखने को मिली, जब दोनों ने विक्की कौशल के साथ कार्यक्रम की मेजबानी की. करण जौहर और शाहरुख खान जो एक-दूसरे के अच्छे दोस्त हैं, रिटायरमेंट के विषय पर बातचीत करने लगे. शाहरुख खान ने कहा, दिग्गजों के बारे में सबसे बड़ी बात यह है कि उन्हें पता होता है कि कब रुकना है, कब रिटायर होना है.

महान सचिन तेंदुलकर, फुटबॉलर सुनील छेत्री, महान टेनिस खिलाड़ी रोजर फेडरर की तरह, वे सभी जानते हैं कि कब रिटायर होना है. मुझे लगता है कि अब समय आ गया है कि आपको भी संन्यास लेना चाहिए. कृपया वापस जाएं. आपका बहुत-बहुत धन्यवाद. इसका जवाब देते हुए करण ने कहा, तो, उस मानक के अनुसार, आप रिटायर क्यों नहीं हो जाते? शाहरुख ने कुछ ही सेकेंड में जवाब दिया, मैं और धौनी अलग-अलग दिग्गजों की लीग से हैं, हम कई बार नहीं कहने के बावजूद आईपीएल में दिखाई देते रहते हैं.

दर्शकों के बीच बैठे विक्की कौशल ने कहा, रिटायरमेंट दिग्गजों के लिए होती है. किंग हमेशा के लिए होते हैं. करण ने चारों ओर देखा और पूछा, यह किसने कहा? विक्की ने अपना हाथ उठाया और करण जौहर को पुकारते हुए कहा, सर यह मैं हूं. शाहरुख ने आगे कहा, उन्होंने जो भी कहा वह बहुत अच्छा था. शाहरुख, करण जौहर और विक्की ने अबू धाबी में आईफा के मंच पर धमाल मचा दिया. तीनों ने शाहरुख अभिनीत फिल्म पठान के गाने झूमे जो पठान पर डांस भी किया.

**ना-ना करते भी 10 साल...**

शाहरुख खान ने एमएस धौनी के साथ अपनी तुलना करते हुए बताया, मैं और धौनी एक अलग किस्म के लीजेंड हैं. ना-ना करके भी 10 बार आईपीएल खेल जाते हैं. बता दें कि धौनी ने 2019 में अपने अंतर्राष्ट्रीय करियर को अलविदा कह दिया था. उसी के बाद से कयास लगने लगे थे कि धौनी अब आईपीएल और सीएसके का साथ भी छोड़ देंगे. यहां तक कि आईपीएल 2022 में उन्होंने चेन्नई की कप्तानी छोड़ कर टीम की कमान रवींद्र जडेजा के हाथों में सौंप दी थी. मगर जडेजा ने सीजन के बीच में ही कप्तानी दोबारा धौनी को लौटा दी थी. 2023 में खुद धौनी ने कप्तानी संभाली, लेकिन 2024 में ऋतुराज गायकवाड़ को टीम का नया कप्तान घोषित कर दिया गया. चूंकि गायकवाड़ के अंडर सीएसके ने काफी बढ़िया प्रदर्शन किया, उसके बाद अटकलें तेज होने लगी थीं कि धौनी शायद अब आईपीएल 2025 में नहीं खेलेंगे.

## जंग की आहट: ईरान ने इजरायल को दी खुली चेतावनी, कहा- इस मामले में अमेरिका भी बराबर का दोषी

# हिजबुल्लाह और मजबूत होगा, नसरल्लाह की मौत का बदला

**एजेंसियां। तेहरान**

लेबनान में हिजबुल्लाह चीफ हसन नसरल्लाह की मौत पर ईरान में कोहराम है. उसने अपने सर्वोच्च नेता अयातुल्ला खामेनेई को कड़ी सुरक्षा के बीच किसी सुरक्षित स्थान पर छिपा दिया है. उधर, लेबनान पर इजरायली हमले हिजबुल्लाह चीफ की मौत के बाद भी रुके नहीं हैं. इजरायली लड़ाकू विमान व मिसाइलें अब भी हिजबुल्लाह के ठिकानों पर कहर बरपा रही हैं.

इधर बीच, ईरान के विदेश मंत्री अब्बास अराकची ने कहा, नसरल्लाह की मौत का इजरायल से बदला लिए बिना शांत नहीं बैठेंगे. इन हमलों से हिबुल्लाह और मजबूत होगा और अब उसकी ताकत की कोई सीमा नहीं है. ईरान के विदेश मंत्री कहा कि निश्चित रूप से नसरल्लाह की मौत बड़ी क्षति है, लेकिन इससे प्रतिरोध में कोई बाधा नहीं आएगी और जैसे हिजबुल्लाह के पूर्व जनरल सैय्यद अब्बास मुसावी की मौत की तरह, नसरल्लाह की मौत से हिज्बुल्लाह की ताकत को बढ़ाया है. उन्होंने ने ये भी कहा कि उन्होंने जो किया, उससे इजरायल का इस क्षेत्र में गाजा और फिर लेबनान में कोई भविष्य नहीं होगा और इससे शांति नहीं होगी. उन्होंने जो किया उसका परिणाम जायोनी शासन के पतन में तेजी लाएगा. उन्होंने कहा कि हमारी राय में अमेरिका इस गुनाह में हिस्सेदार है और किसी भी तरह से वह खुद को इस वास्तविकता से अलग नहीं कर सकता. इस घटना में मारे गए लोगों की मौत का बदला जरूर लिया जाएगा और हम निश्चित रूप से लेबनान के साथ खड़े हैं.

### हिजबुल्लाह का नया चीफ बना सफीद्दीन

वहीं, नसरल्लाह की मौत के बाद हिजबुल्लाह ने अब हाशिम सफीद्दीन को संगठन की कमान सौंप दी है.



सफीद्दीन भी हसन नसरल्लाह की तरह मौलवी है और रिश्ते में उसका चचेरा भाई भी है. जानकारी के अनुसार, 1964 में दक्षिणी लेबनान के डेर कानून एन नहर में जन्मा हाशिम सफ़ीद्दीन एक प्रमुख लेबनानी शिया मौलवी और हिजबुल्लाह का वरिष्ठ अधिकारी रहा है.

### जम्मू कश्मीर में भी लोगों ने किया प्रदर्शन



न्यूज एजेंसी एएनआई की रिपोर्ट के मुताबिक हसन नसरल्लाह की मौत के बाद जम्मू-कश्मीर के बडगाम की सड़कों लोगों ने जमकर प्रदर्शन किया. इस दौरान लोगों के हाथ में नसरल्लाह के पोस्टर भी थे. इसके अलावा श्रीनगर के पुराने शहर और राज्य के अन्य इलाकों में भी इसी तरह के विरोध प्रदर्शन हुए. प्रदर्शन कर रहीं एक छात्रा ने इजरायल पर गुस्सा दिखाते हुए कहा, मैं हर उस इंसान से बात कर रही हूं, जो फिलिस्तीन के खिलाफ है. मैं लेबनान के लोगों को हौसला देना चाहूंगी कि वो बिल्कुल भी फिक्र न करें जो हम उनके साथ हैं. हम उनका साथ कभी नहीं छोड़ेंगे. आपको पता नहीं है कि आपने किसको शहीद किया है. अब हर घर से हिजबुल्लाह निकलेगा.

### निर्वाचन से जुड़े पदाधिकारियों का दो दिवसीय प्रशिक्षण संपन्न

# ट्रेनिंग में स्वच्छ, निष्पक्ष व शांतिपूर्ण मतदान को लेकर मिले जरूरी टिप्स

**संवाददाता। रांची**

मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के. रवि कुमार के निर्देशानुसार राज्य के सभी 81 विधानसभा क्षेत्रों के निर्वाचन से संबंधित पदाधिकारियों का बैच वार दो दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम निर्वाचन भवन में संपन्न हुआ. इस सत्र में प्रशिक्षण प्रकोष्ठ के नोडल, एसएलएमटी, डीएलएमटी, उप निर्वाचन पदाधिकारी एवं एसएलएमटी को राष्ट्रीय स्तर एवं जिला स्तरीय प्रशिक्षकों द्वारा निर्वाचन संबंधित विभिन्न विषयों पर प्रशिक्षण प्रदान किया गया. प्रशिक्षण सत्र में पदाधिकारियों को बताया गया कि निर्वाचन के उनके पहले के अनुभव एवं आयोग द्वारा समय - समय पर जो


प्रशिक्षण कार्यक्रम के दौरान जानकारी देतीं पदाधिकारी.

प्रशिक्षण दिए जा रहें हैए उसका एक मात्र उद्देश्य है कि निर्वाचन प्रक्रिया सहज बनाते हुए स्वच्छ, निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण मतदान कराया जा सके. प्रशिक्षण सत्र में भारत निर्वाचन आयोग द्वारा निर्वाचन से जुड़े प्रत्येक प्रक्रिया के लिए तैयार उचित मापदंड एवं दिशा निर्देशों पर बिंदुवार पीपीटी के माध्यम से जानकारी दी गई साथ ही इन पीपीटी के सॉफ्ट कॉपी पेनड्राइव के माध्यम से सभी पदाधिकारियों को उपलब्ध कराया गया. इस रिवीजन सह प्रशिक्षण कार्यक्रम में पदाधिकारियों को भारत निर्वाचन आयोग के अद्यतन दिशा निर्देशों का अनुपालन ही सुगम्य मतदान कराने के लिए एक मात्र मूल मंत्र है, प्रदान किया गया. प्रशिक्षण सत्र में प्रशिक्षकों द्वारा मतदान दलों के कर्तव्य और जिम्मेदारियां, मतदान दलों के लिए ईवीएम/वीवीपैट, मतदाता मतदान समय प्रबंधन, मतदान दिवस पर वेब-कास्टिंग, बीएलओ के मतदान की पूर्व संध्या और मतदान दिवस, वालंटियर, माइक्रो ऑब्जर्वर की भूमिका, सेक्टर अधिकारी द्वारा गलतियां, त्रुटियां और आईटी अनुप्रयोग, पोस्टल बैलेट, एफएसटी के कर्तव्य और जिम्मेदारियां, सामग्री प्राप्ति केंद्र अधिकारी और कर्मचारियों के कर्तव्य, मतदान दिवस निगरानी प्रणाली ऐप, फॉर्म भरना, सील करना और पैकिंग करना जैसे विभिन्न विषयों पर पदाधिकारियों को प्रशिक्षित किया गया.

मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के. रवि कुमार के मार्गदर्शन में अपर मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी डॉ. नेहा अरोड़ा, राष्ट्रीय स्तर के प्रशिक्षक गीता चौबे, महेंद्र कुमार, देव दास दत्ता, मृत्युंजय कुमार एवं सुनील कुमार सिंह, जिला स्तरीय प्रशिक्षक सुदीप सहाय, अश्विनी कुमार तिवारी द्वारा पदाधिकारियों को प्रशिक्षित किया गया.

## ललना लाल होईहें कुलवा के दीपक, मनवा में आस जागल हो...

**संजय सिंह**

झारखंड में कई गो इलाका बिहार-यूपी से सटले बा. अउर ऊहां के लोगबाग के कल्चर भी मोटामोटी बिहारिए लेखा (जईसन) बा . बिहार से सटले झारखंड के पलामूउ प्रमंडल बा. प्रमंडल में तीन गो जिला बटुए- लातेहार, गढ़वा और पलामू. पालमू के लोग तो खायका छोड़ी के नेतई चमकाईले रहे लें. पेटवा में भरपेट दाना-पानी होखे भय नत होखे, राजनीति तो अईसन करीहें कि पूछीं मत. अब एही पलामूउवा में एगो विधानसभा के सीट बा, जेकरा हथियावे लगी पांड़े जी से लेके, दुबे-शुक्ल जी सभे पंडीजी लोगन फेंटा कसके मैदान में उतरे खातिर ताल ठोंकले बाड़े. अब पुरनना महाजन भला कइसे पिछुवाईएहें. चंद्र के वंशज बातवेवाला वंशी बजवइया भी बाड़ें, लेकिन अब उनके उमिरया बाली ना रह गईल. धोती कसले तैयार बाड़ें. हालत ई गईल बा कि ई सीटवा जौन-जौन नेताजी लोग के विश्रामावस्था में जाए के कहतिया, ऊ लोग मानते नईखे. धोती कसले अब धीया-पोता ला जोर लगाईले बा लोग. एहिजा से एगो बाबा ढेरे दिन से नेतई कईलें बाड़ें, एहिजे से पहचान बनल बाबा जी के. प लेकिन नाम के अनुरूप सीटवा उहां के कह देलस कि रउवा अब विश्राम करीं. लेकिन बाबा मानिएहें तब न. अब त बाबो को बुझागईल बा कि उमरिया बाली नईखे रह गईल. ईहो बढ़िया ले बुझा गईल बा कि बुढ़ौती सिर पर सवार हो गईल बिया. तो बाबा जी आपन पोताजी लगी हाथ पैर मारले बाड़ें, ताकि ऊ राजनीति के खानदानी विरासत के जिआवले राखे. पोता जी खातिर बाबा एहसे अफनाईल बाड़ें कि उनके लाडला तनिका नेतई से दूरी बनाइले रहेलन. मतलब मिलसार नईखन. एही से बेटा के लाडला खातिर बाबा तपस्या तो करते बाड़ें, पलामू से भाया रांची दिल्ली तक पुरनका नेताजी लोग के भरोसे पोता खातिर पपैडल मारले बांड़ें. उम्मीद पालले बाड़ें कि ललना राजनीति में लाल होईहें, तो कुलवो के दीपक चकमकाईल रही. बाबा के मनवा में आस जागिए गईल बा तो भला का कहल जाओ. वइसे बाबा के पंडीजी वाला कोटा से कई लोग पंजा लड़ावे ला बेचैन बाड़ें. एहमे कुछड पांड़े जी बाड़ें, पड़ियाईनो जी बाड़ी आउर शुकुल जी भी बाड़ें. अब देखल जाओ बाबा के दाल गल जाता कि उनके बिरादरी के दूसर लोग पंजवा लड़ावेवाला फाईनल के टिकटवा झटक के भाग जाता.

**चुनावी चकल्लस**



अब उनके राह पर अगो चंद्र के वंशज कहावे वाला नेता झी भी बाड़ें. पहिलवा लालटन जराईले घूमत रहें. लालटेन धईले रहें, तो ओहिजो ढेर मजा मार लिहलन. फिर भाजपा रघु राज के होखे की सीन बन गईल, वंशी बजवईजी अंकल जी धोतिया टाईट कईले पलामू जईसन सुखाड़वाला इलाका में कमल खिलावे ला घुसिया गईलें. तकदीरो के साथ मिल गईल, जीत गईलें, तो रघु राज आईए गईल और बाबा एक बार फिरो से लालबत्तिया मंत्री जी बन गईलें. मिलल तो रहे वंशी बजवईया अंकिल के लोग के स्वास्थ्य सुधारे के जिम्मेवारी, लेकिन वंशी बजवईया अंकिल जी आपन स्वास्थ्य बढ़िया ले सुधार लीहलें, ताकि पुस्त दर पुस्त कुछुओ सोचे का ना पड़े. वईसे वंशी बजवईया अंकिल जी पहिलहुं से शिक्षा के कथित दीप जलावेवाला ढकोसला कईले ही रहन, अबकी तो अपने नाम पर मेडिकल के कॉलेज अउर न जाने का- का तो खोल लीहलें. धंधा चोखा चलत बड़हिन अंकिल जी. जब शासन में रहिन वंशी बजवईया अंकिल जी, जो मालो पत्तर बटोर के धईले रहन. लेकिन अब वंशी बजवईया अंकिल जी के बुझा गईल है कि अबकी कमल खिलावे के चांस न मिली. उमरियो होईए गईल है. तो वंसी बजवईया अंकिल जी अब तो अपन लाडला लगी हाथ-पैर मारले एनिया-उनिया ढिमलाईल फिरत बाड़े. आपन जगहिया पर विश्राम कईला के बजाए वंशी बजवईया अंकिल जी रांची भाया ओडिशा भाया दिल्ली तक घुमरी चकईया खेल रहिन हैं. अंकिल से के बुजाए लगल है उनकर राजनीतिक विरासत संभाले लगी ईश्वर के माथा वाले चंद्र दुलारे लाडला जी के किस्मतवा जरूर चमकेगी. एही से वंशी बजवईया अंकिल ढेरे उछल-कूद कईले जेने-तेने ढिमलाईत फिर रहे हैं. वईसे उनकी पार्टिया से जे दूसर नेताजी लोग जोर लगाईलें बाड़ें, ऊ लोग वंशवाद गो बैंक के नारा लगाईले पूरा इलाका में मौहाल बनाईले घूम रहिन हैं. ऊ लोग के एके गो एजेंडा है, वंशवाद नाई चली. अंकिल अब विश्राम करीं. अब देखल जाओ धीया-पुता और ललना में केकर किस्मतवा साथ देई और के छितराई जाईहें. वईसे धीया-पुता, ललना प्रेम के चर्चा कईके लोग खूबे चुस्की ले रहिन हैं.

### अर्जुन मुंडा, चंपाई सोरेन और मधु कोड़ा की साख लगी है दांव पर

# कोल्हान में कमल खिलाने की चुनौती तीन पूर्व सीएम पर

**प्रवीण कुमार। रांची**

झारखंड में विधानसभा का चुनाव नजदीक है. ऐसे में तमाम पार्टियां अपनी-अपनी रणनीति के तहत अपने मजबूत इलाकों में दांव लगा रही हैं. कोल्हान झामुमो का सबसे मजबूत किला है. यहां की 14 विधानसभा सीटों में से 11 सीटों पर झामुमो है, तो वहीं 2 सीट पर कांग्रेस का कब्जा है. एक सीट पर निर्दलीय सरयू राय चुनाव जीते है. पूर्व मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन और मधु कोड़ा के भाजपा में शामिल होने के बाद कोल्हान में कमल खिलाने की जिम्मेवारी अब भाजपा ने तीन पूर्व सीएम अर्जुन मुंडा, चंपाई सोरेन और मधु कोड़ा को सौंपी है. कोल्हान की 14 सीटो में से कम से कम 8 सीटें ऐसी हैं, जहां के परिणाम बहुत हद तक तत्कालीन राजनीतिक स्थिति पर निर्भर करते हैं. झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन के भाजपा में शामिल होने के बाद अब भाजपा कोल्हान की सरायकेला विधानसभा सीट पर जीत की उम्मीद काफी बढ़ गई है. क्योंकि चंपाई सोरेन सरायकेला विधानसभा क्षेत्र से पांच बार विधायक चुने गए हैं. 1995 में वह पहली बार सरायकेला से विधायक बने, जिसके बाद से चंपाई लगातार सरायकेला से विधानसभा जीतते आए हैं. उनकी पकड़ सरायकेला और आस पास के इलाकों में काफी अधिक है. इस सीट के अलावा खरसावां विस में भी कमल खिलाने की जिम्मेवारी चंपाई के कंधों पर है.



**2019 में 14 में 13 सीटों पर जीता था गठबंधन**

| विधानसभा सीट | झामुमो-कांग्रेस | मिले वोट | भाजपा |
|---|---|---|---|
| बहरागोड़ा | झामुमो | 106017 | 45452 |
| घाटशिला | झामुमो | 63531 | 56807 |
| पोटका | झामुमो | 110753 | 67643 |
| जुगसलाई | झामुमो | 88581 | 66647 |
| सरायकेला | झामुमो | 111554 | 95887 |
| खरसावां | झामुमो | 73341 | 50546 |
| इचागढ | झामुमो | 57546 | 38836 आजसू |
| चाईबासा | झामुमो | 69485 | 43326 |
| मझगांव | झामुमो | 67750 | 20558 |
| मनोहरपुर | झामुमो | 50945 | 34926 |
| जगन्नाथपुर | कांग्रेस | 32499 | 20893 |
| चक्रधरपुर | झामुमो | 43832 | 31598 |
| जमशेदपुर पूर्वी | निर्दलीय | 73945 | 58112 |
| जमशेदपुर पश्चिम | कांग्रेस | 96778 | 74195 |

**इलाके में चलेगा मधु कोड़ा फैक्टर भी :** राज्य के पूर्व सीएम मधुकोड़ा ने हाल ही में खुले मंच से भाजपा का दामन थामा है. मधु कोड़ा के भाजपा में शामिल होने से पश्चिमी सिंहभूम का पूरा समीकरण बदल गया है. मधु कोड़ा के भाजपा में शामिल होने से पांच विधानसभा सीटों चाईबासा, मझगांव, मनोहरपुर, जगन्नाथपुर, चक्रधरपुर में झामुमो का खेल बिगड़ सकता है. मधु कोड़ा 'हो' जाति से आते है और 'हो'' जाति में इनके बराबर कोई नेता सिंहभूम में नहीं है. यही वजह है कि मधु कोड़ा का एक इशारा ही पूरे वोट का समीकरण बदल सकता है. 2019 के विधानसभा चुनाव परिणाम को देखें तो मधु कोड़ा कांग्रेस में ही थे , तो उनकी पत्नी कांग्रेस के टिकट पर सांसद बन कर दिल्ली पहुंची थीं.

**अर्जुन सीट बदल कर उतर सकते हैं चुनाव में**

अर्जुन मुंडा झारखंड भाजपा के बड़े चेहरों में से एक हैं. भाजपा ने उन्हें तीन बार राज्य का मुख्यमंत्री बनाया. इसके साथ ही जमशेदपुर लोकसभा क्षेत्र के सांसद भी रह चुके है. अर्जुन मुंडा की पकड़ कोल्हान के जमशेदपुर पूर्वी, पोटका, घाटशिला और बहरागोड़ा में काफी ज्यादा है. अगर विधानसभा के चुनाव में अर्जुन मंडा को इन सीटों कि जिम्मेदारी दी जाती है, तो अर्जुन मुंडा इन सीटों पर झामुमो के मंसूबे पर पानी फेर कर भाजपा का झंडा फहरा सकते हैं.

## अपराधी प्रकाश रिनपास के कैदी वार्ड से कारोबारी को दे रहा था धमकी

### प्रशासन की छापेमारी में दो मोबाइल बरामद

**संवाददाता। रांची**

जमशेदपुर का कुख्यात अपराधी प्रकाश मिश्रा रांची रिनपास के कैदी वार्ड में रहकर खुलेआम मोबाइल का इस्तेमाल कर रहा था. इतना ही नहीं वह पिछले कुछ दिनों से जमशेदपुर के कारोबारी को फोन पर रंगदारी के लिए धमकी दे रहा था. जमशेदपुर एसएसपी की सूचना पर रांची जिला प्रशासन की टीम ने रविवार की सुबह रिनपास के कैदी वार्ड में छापेमारी की और प्रकाश मिश्रा के पास से दो मोबाइल फोन बरामद किये. बताया जा रहा है कि प्रकाश मिश्रा पहले रांची के होटवार जेल में बंद था. इसी दौरान वह मानसिक बीमारी की बात कहकर रिनपास में भर्ती हो गया. वहीं से वह खुलेआम मोबाइल का उपयोग कर रहा था और कारोबारी को धमकी दे रहा था.

**आगे की कार्रवाई की जा रही है : डीसी :** इस मामले में रांची डीसी राहुल सिन्हा ने बताया कि जमशेदपुर पुलिस से मिली सूचना के बाद एसडीओ के नेतृत्व में छापेमारी टीम का गठन किया गया था. टीम ने छापेमारी कर दो मोबाइल, चाकू समेत कई अन्य सामान बरामद किया है. इस मामले में आगे की कार्रवाई जारी है.

**एक महीने पहले जमशेदपुर में दिलाया था गोलीबारी की घटना को अंजाम :** जमशेदपुर के टेल्को थाना क्षेत्र जेम्को में बीते 17 अगस्त की शाम बाइक से आये बदमाशों ने सिद्धि इंटरप्राइजेज के पार्टनर महेश मिश्रा पर अंधाधुंध फायरिंग की थी. इस हमले में वे बाल-बाल बच गये थे. लेकिन उनके साथ गाड़ी में बैठे सूरज यादव (26) को गोली लगी थी. मौके पर बदमाशों ने 12 राउंड गोलियां चलायी थी, जो महेश मिश्रा की गाड़ी के बोनेट और शीशे में लगी थी. फायरिंग करने के बाद बदमाश बाइक से फरार हो गये थे. इस हमले में होटवार जेल में बंद प्रकाश मिश्रा का हाथ था. प्रकाश मिश्रा ने घाघीडीह जेल में बंद नीरज दुबे और उसके सहयोगियों से हाथ मिला लिया है और महेश मिश्रा पर हमला करवाया है.

## पीएम के मन की बात है जन-जन की आवाज: संजय

**रांची।** भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य संजय कुमार जायसवाल ने बूथ संख्या 26 पर पन्ना प्रमुख और कार्यकर्ताओं के साथ पीएम की मन की बात कार्यक्रम को सुना. कहा कि यह एक ऐसा कार्यक्रम है जो देशभर के लाखों लोगों के दिलों में अपनी जगह बना चुका है. इस कार्यक्रम के असली सूत्रधार देश के करोड़ों श्रोता हैं. मन की बात में नई-नई जानकारियां हासिल होती है एवं प्रेरणा का संचार होता है. मौके पर महानगर उपाध्यक्ष विनय कुमार सिंह, युवा मोर्चा जिला के मंत्री शुभम जायसवाल, सुखदेवनगर मंडल के महामंत्री राजकुमार जायसवाल, ओम प्रकाश, अविनाश राय बबीता देवी, सरला देवी, सविता देवी, पुष्पा देवी, प्रिंस राय, उज्जवल राय, आनंद गुप्ता, संतोष चौधरी आदि मौजूद थे.

### पितृ पक्ष के बाद सीटों का हो जाएगा ऐलान: हिमंता विस्वा सरमा

# झारखंड में आजसू व जदयू के साथ गठबंधन करेगी भाजपा

**प्रमुख संवाददाता। रांची**

जम्मू-कश्मीर और हरियाणा विधानसभा चुनाव के बाद अब चुनाव आयोग ने महाराष्ट्र-झारखंड में चुनाव कराने के लिए कमर कस ली है. भाजपा झारखंड में आगामी विधानसभा चुनाव के लिए अपने सहयोगियों के साथ सीट बंटवारे पर बातचीत के अंतिम चरण में है. असम के मुख्यमंत्री हिमंता बिस्वा सरमा और ऑल झारखंड स्टूडेंट्स यूनियन (आजसू) के अध्यक्ष सुदेश महतो ने शनिवार रात केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के साथ उनके आवास पर बैठक की. बैठक में सीटों के आवंटन पर चर्चा की और उसे अंतिम रूप दिया. बैठक में दोनों दलों के वरिष्ठ नेता सीटों के बंटवारे के मुद्दे पर चर्चा करने के लिए एक साथ आए, जो



झारखंड में एनडीए की चुनावी रणनीति के लिए अहम है. इससे पहले शनिवार को झारखंड चुनाव के लिए भाजपा के सह-प्रभारी हिमंता विश्व सरमा ने घोषणा की कि पार्टी अपने एनडीए सहयोगियों, आजसू और जेडीयू के साथ गठबंधन में चुनाव लड़ेगी. सूत्रों के अनुसार, आजसू ने राज्य की कुल 81 सीटों में से 16 सीटों की मांग की है. हालांकि, सीटों के बंटवारे पर एक मोटी सहमति बन चुकी है, लेकिन एक या दो अतिरिक्त सीटों पर चर्चा अभी भी जारी है. भाजपा और आजसू ने समझौते को अंतिम रूप देने के लिए अगले कुछ दिनों में दिल्ली में एक और बैठक आयोजित करने की योजना बनाई है. मीडिया को संबोधित करते हुए सरमा ने आगामी चुनावों की सहयोगी प्रकृति पर जोर देते हुए कहा, झारखंड के विधानसभा चुनाव में जेडीयू और आजसू के साथ भाजपा का गठबंधन होगा. सीट बंटवारे पर लगभग अंतिम मुहर लग चुकी है, एक या दो सीटों पर चर्चा बाकी है. पितृपक्ष समाप्त होने के बाद हम गठबंधन की घोषणा करेंगे. झारखंड में विधानसभा चुनाव की तारीखों की घोषणा 8 अक्टूबर के बाद होने की उम्मीद है. राज्य में हेमंत सोरेन का झारखंड मुक्ति मोर्चा के नेतृत्व वाला गठबंधन सत्ता में है.

## नामकुम अंचल जांच करने पहुंचे सदर एसडीओ, सीओ ने ताला तोड़ लिया था प्रभार

**संवाददाता। रांची**

नामकुम अंचल कार्यालय का ताला तोड़ सीओ का प्रभार लेने के मामले की जांच करने के लिए रविवार को सदर एसडीओ उत्कर्ष कुमार वहां पहुंचे. उनके साथ जिला प्रशासन की टीम भी मौजूद थी. रांची डीसी ने एसडीओ को मामले की जांच कर इसमें संलिप्त पदाधिकारियों और कर्मियों को चिन्हित कर 24 घंटे के अंदर रिपोर्ट देने का आदेश दिया था.

**पूर्व सीओ एवं कर्मियों के बयान दर्ज किए गए :** एसडीओ ने मामले कि जांच करते हुए नामकुम पूर्व अंचल अधिकारी प्रभात भूषण सिंह एवं कर्मियों के बयान दर्ज किया. इसके साथ प्रभार लेने वाले नए अंचल अधिकारी राम प्रवेश कुमार से अपना पक्ष रखने के लिए बुलाया गया. इस दौरान वहां के पंचायत समिति के सदस्य और उप प्रमुख ने भी अपनी बात रखते हुए अपना


जांच करते सदर एसडीओ.

ज्ञापन दिया.

**सीओ ने नामकुम अंचल का ताला तोड़ लिया था प्रभार :** बता दें कि भू-राजस्व विभाग ने शुक्रवार देर रात 91 अंचल अधिकारियों का तबादला किया था. कोडरमा सदर में पदस्थापित सीओ राम प्रवेश कुमार को नामकुम का सीओ बनाया गया. इसके बाद शनिवार को राम प्रवेश कुमार नामकुम अंचल प्रभार करने पहुंचे. लेकिन अंचल में ताला लगा था. जिसके बाद सीओ ने ताला तोड़कर सीओ प्रभार ग्रहण किया था. सीओ का यह वीडियो सोशल मीडिया में खूब वायरल हुआ था. वीडियो वायरल होने के बाद रांची डीसी राहुल कुमार सिन्हा ने मामले में संज्ञान लिया और जांच के आदेश दिये. जिसकी जांच करने रविवार को जिला प्रशासन की टीम सदर एसडीओ उत्कर्ष कुमार के नेतृत्व में नामकुम अंचल पहुंची.

## धनबाद में आज स्किल कॉन्क्लेव, सीएम लेंगे हिस्सा

**रांची।** धनबाद के बलियापुर स्थित एयरोड्रम ग्राउंड में सोमवार को जॉब ऑफर लेटर सह रोजगार प्रोत्साहन व परिवहन भत्ता वितरण समारोह (स्किल कॉन्क्लेव 2024) का आयोजन किया जाएगा. इस कार्यक्रम में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन बतौर मुख्य अतिथि उपस्थित रहेंगे. समारोह में स्टॉल्स के माध्यम से संबंधित विभाग अंतर्गत संचालित योजनाओं और जिला प्रशासन व चुनिंदा औद्योगिक संस्थानों की प्रदर्शनी लगायी जाएगी. साथ ही विभाग अंतर्गत संचालित योजनाओं और कार्यों के निष्पादन में बेहतर प्रदर्शन करने वाली सहयोगी संस्थाओं को सम्मानित किया जाएगा.

### विश्रामपुर
### भाजपा विधायक रामचंद्र चंद्रवंशी ने चुनाव लड़ने से किया इनकार

# पोता और बेटे को विरासत सौंपने की तैयारी

- कांग्रेस के पूर्व सांसद ददई दुबे भी पोता को विरासत सौंपने को तैयार

**समीर चक्रवर्ती। रांची**

पलामू जिले के बिश्रामपुर विधानसभा सीट की राजनीति पिछले चार दशक से चंद्रशेखर दुबे उर्फ ददई दुबे और रामचंद्र चंद्रवंशी के ईद-गिर्द घूमती रही. लेकिन वर्ष 2024 के विधानसभा चुनाव में दोनों ही नेता चुनाव मैदान में आमने-सामने नहीं होंगे. बल्कि ददई दुबे और रामचंद्र चंद्रवंशी ने राजनीतिक विरासत को पुत्र और पोते को सौंपने की तैयारी में है. बिश्रामपुर विधानसभा सीट से चार बार विधायक रहे रामचंद्र चंद्रवंशी अपने पुत्र डॉ. ईश्वर सागर चंद्रवंशी को राजनीतिक विरासत सौंपना चाहते हैं. वहीं दोनों ही राजनीति के धुरंधरों का पार्टी में परिवारवाद अपनाने का विरोध भी होने लगा है. भाजपा में टिकट की चाहत में रामाशीष यादव लगातार विधानसभा क्षेत्र के विभिन्न क्षेत्रों का दौरा कर अपने पक्ष में मतदाताओं रिझा रहे है. वहीं खुलकर परिवारवाद पर बोल भी रहे है. वहीं वृजेंद्र पाठक तो भाजपा की रायशुमारी में भी परिवारवाद का खुलकर विरोध भी कर चुके है.सूत्रों की माने तो ओबीसी मोर्चा बनाकर बीडी प्रसाद भी भाजपा व कांग्रेस से टिकट लेने की जुगाड़ में लगे है. काग्रेस में भी इस सीट को लेकर कम किचकिच नहीं है. इस सीट पर कांग्रेस से अमृत शुक्ला, बाढ़ू दूबे व पूर्णिमा पांडेय ने भी अपनी दावेदारी पेश की है. पिछले दो चुनाव से समाजसेवी अभिमन्यु सिंह की पत्नी भी विधायक बनने के लिए प्रयासरत है.

**1995 ददई दुबे पटखनी देकर चंद्रवंशी विधानसभा पहुंचे थे :** वर्ष 1995 में ददई दुबे को पहली बार हराकर विधायक बने रामचंद्र चंद्रवंशी ने 2004, 2014 और 2019 में भी बिश्रामपुर सीट से जीत हासिल की. लेकिन इस बार उन्होंने बीजेपी नेताओं से साफ कह दिया है कि वो अब चुनाव नहीं लड़ना चाहते हैं और अपने पुत्र को विधायक के रूप में देखना चाहते हैं.दूसरी तरफ बिश्रामपुर सीट से चार बार विधायक रहे और धनबाद के पूर्व सांसद चंद्रशेखर दुबे उर्फ ददई दुबे ने भी अब विधानसभा चुनाव लड़ने से इनकार किया है. वर्ष 1980, 1985, 2000 और 2009 में विश्रामपुर के विधायक रहे चंद्रशेखर दुबे ने 2004 में ही अपने बड़े बेटे अजय दुबे को कांग्रेस टिकट पर विश्रामपुर सीट से लड़ाया था. लेकिन सफलता नहीं मिली. 2019 में उनका निधन हो गया. अब वो अपने छोटे बेटे अभय दुबे के बेटे ज्ञानेंद्र दुबे को आगे बढ़ा रहे हैं. यह भी संभव है कि अभय दुबे ही इस बार चुनाव मैदान में नजर आए.

**सामान्य से एससी और फिर सामान्य सीट में बदला :** एकीकृत बिहार के समय 1952 में यहां पहली बार विधानसभा चुनाव, उस समय यह विधानसभा क्षेत्र लेस्लीगंज सह छतरपुर के नाम से जाना जाता था, जिसमें लेस्लीगंज और मनातू क्षेत्र भी शामिल था. उस वक्त यह सीट सामान्य सीट हुआ करता था, लेकिन 1969 में इस विधानसभा सीट को अनुसूचित जाति के लिए आरक्षित कर दिया गया.


क्लासिफाइड















राज्यभर की खबरों के लिए स्कैन करें

# शुभम संदेश

एक राज्य - एक अखबार

www.lagatar.in | जमशेदपुर, सोमवार 30 सितंबर 2024 ● आश्विन कृष्ण पक्ष 13 संवत 2081 ● पृष्ठ : 12, मूल्य : ₹ ~~6~~ ● वर्ष : 2, अंक : 172 | आमंत्रण मूल्य : ₹ 3 मात्र




ब्रीफ खबर

### वर्ल्ड हार्ट डे पर किड्जी में हेल्थ चेकअप कैंप आयोजित

**घाटशिला ।** किड्जी प्रीस्कूल में रविवार को वर्ल्ड हार्ट डे के उपलक्ष्य में हेल्थ कैंप का आयोजन किया गया. इस मौके पर मुख्य अतिथि डॉ जयंत कुमार भगत ने बच्चों के स्वास्थ्य की जांच की और स्वास्थ्य संबंधी जानकारी दी. इसके अलावे हर बच्चों को गुड टच तथा बैड टच के बारे में बताया गया. छात्र दीक्षांत पटनायक तथा छात्रा मंसिरत कौर ने हार्ट डे पर विचार प्रस्तुत किये.

### धालभूमगढ़ के शिविर में 57 यूनिट रक्त संग्रह

**घाटशिला ।** धालभूमगढ़ प्रखंड के जुनबनी पंचायत भवन परिसर पर नव युवा रक्तदान वीर समिति एवं कुडमी संस्कृति विकास समिति की ओर से रविवार को आयोजित रक्तदान शिविर में 57 यूनिट रक्त संग्रह किया गया. मुख्य अतिथि डॉ सुनीता देवदूत सोरेन, जिला मंत्री गीता मुर्मू ने दीप प्रज्वलित कर रक्तदान शिविर का शुभारंभ किया. शिविर में काफी संख्या में युवा उपस्थित थे.

### रक्तदान के क्षेत्र में उत्कृष्ट सेवा के लिए सम्मानित

**घाटशिला ।** ब्लड डोनर्स ग्रुप अल फलाह सोसाइटी, सिमडेगा के तत्वाधान में रक्तदान शिविर सह सम्मान समारोह शहर के जमजम हॉल में रविवार को आयोजित की गई. इसमें रक्तदान के क्षेत्र में उत्कृष्ट सेवा प्रदान करने के लिए कुर्मी संस्कृति विकास समिति के केंद्रीय अध्यक्ष सपन कुमार महतो, शिक्षक साजिद अहमद एवं समाजसेवी अफरोज आलम को सम्मानित किया गया.

### सरजामदा में पार्षद ने किया सड़क का शिलान्यास

**जमशेदपुर ।** जिला परिषद सदस्य कुसुम पूर्ती ने रविवार को अपने जिला परिषद क्षेत्र के मध्य सरजामदा में माणिक कर्मकार के घर से चांदनी चैक तक पेवर्स ब्लॉक सड़क का निर्माण कार्य का शिलान्यास किया. इस सड़क का निर्माण 15वें वित्त आयोग के मद से किया जा रहा है. वर्तमान में सड़क की स्थिति जर्जर होने के कारण स्थानीय निवासियों को काफी कठिनाई होती थी.

### ट्रेजर हंट में टीम वंदे भारत बनी विजेता

**जमशेदपुर ।** पूर्वी सिंहभूम जिला अग्रवाल सम्मेलन द्वारा आयोजित अग्रसेन जयंती कार्यक्रम के तीसरे दिन ट्रेजर हंट समेत कई कार्यक्रम आयोजित किए. ट्रेजर हंट का आयोजन अग्रवाल युवा मंच, मारवाड़ी युवा मंच और टाटानगर अचीवर्स शाखा के सयुंक्त तत्वाावधान में किया गया. इस कार्यक्रम में कुल 19 टीमों ने हिस्सा लिया. जिसमें टीम वंदे भारत विजेता रही.

### पटमदा से चोरी गया टेम्पो आजादनगर से बरामद

**पटमदा ।** जल्ला गांव से पिछले 2 सितंबर की रात चोरी किया गया टेम्पो शनिवार को पुलिस ने मानगो के आजादनगर थाना क्षेत्र के रोड नंबर 3 स्थित एक सर्विसिंग सेंटर से बरामद कर लिया. डीएसपी वचन देव कुजूर के निर्देश में गठित टीम द्वारा पिछले कई दिनों से लगातार मेहनत की जा रही थी. पुलिस को चोरी की घटना में शामिल लोगों के खिलाफ कई महत्वपूर्ण सुराग मिले हैं. लेकिन अभी तक वे पुलिस की गिरफ्त से वे बाहर हैं. जल्द ही पुलिस खुलासा करेगी.

### मंदिर निर्माण की आड़ में जमीन छेंकने का आरोप

**आदित्यपुर ।** वार्ड संख्या 17 हरिओम नगर स्थित शांति नगर सहकारी गृह निर्माण समिति के सचिव वीरेंद्र तिवारी पर स्थानीय लोगों ने मंदिर निर्माण के आड़ में सरकारी जमीन छेंकने का आरोप लगाया है. दूसरी तरफ मंदिर से सटे सरकारी भूखंड को मिट्टी से भरने के मुद्दे पर वीरेंद्र तिवारी का कहना है कि सामाजिक कार्यों के लिए जमीन की साफ-सफाई कराई जा रही है. जमीन घेरने का उद्देश्य नहीं है.

## वर्ल्ड हार्ट डे पर नारायणा हॉस्पिटल ने किया वॉकथॉन का आयोजन



**जमशेदपुर ।** विश्व हृदय दिवस के उपलक्ष्य में ब्रह्मानन्द नारायणा हॉस्पिटल, जमशेदपुर (नारायणा हेल्थ, बेंगलुरु की इकाई) ने हृदय स्वास्थ्य के प्रति जागरुकता बढ़ाने के लिए वॉकथॉन का आयोजन किया. यह वॉकथॉन जुबिली पार्क, लेक गेट से शुरू होकर वापस वहीं समाप्त हुआ, जिसमें सैकड़ों लोगों ने भाग लिया. कार्यक्रम का उद्देश्य समाज में बढ़ते हृदय रोगों के प्रति चिंता को उजागर करना और लोगों को स्वस्थ जीवनशैली अपनाने के लिए प्रेरित करना था. नारायणा हॉस्पिटल के सीनियर कार्डियक सर्जन डॉ. परवेज आलम, कार्डियोलॉजिस्ट डॉ. अभय कृष्णा, डॉ. अजय अग्रवाल, डॉ. अखलाक अहमद, और पीडियाट्रिक कार्डियोलॉजिस्ट डॉ. अन्वेषा मुखर्जी ने हृदय स्वास्थ्य के बारे में महत्वपूर्ण जानकारियां साझा की.

## डिमना रोड में दिनदहाड़े युवक की गोली मारकर हत्या

### दरभंगा डेयरी के समीप बाइक सवार अपराधियों ने दिया घटना को अंजाम

- जल्द गिरफ्तार किये जाएंगे अपराधी : पुलिस

वरीय संवाददाता । जमशेदपुर

जमशेदपुर के उलीडीह थाना अंतर्गत दरभंगा डेयरी के समीप रविवार की सुबह करीब 11 बजे विकास गुप्ता नामक युवक की गोली मारकर हत्या कर दी गई गई. घटना डिमना रोड में दरभंगा डेयरी के समीप हुई. घटना से कुछ समय पहले ही विकास वहां पहुंचा था. उसी दौरान एक बाइक पर आए दो अपराधकर्मियों ने उसपर ताबड़तोड़ फायरिंग शुरू कर दी.

गोली लगने के बाद विकास वहीं गिर गया. इस दौरान वहां मौजूद लोगों में भगदड़ मच गई. विकास गुप्ता बगल में शिव मंदिर लाइन में रहता था. इसकी जानकारी परिजनों को मिलने के बाद वे मौके पर पहुंचे तथा उसे उठाकर एमजीएम अस्पताल ले गए. जहां जांच के बाद चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया.

दूसरी ओर घटना को अंजाम देने के बाद दोनों बदमाश डिमना चौक की ओर फरार हो गए. इस बीच घटना की जानकारी उलीडीह एवं मानगो थाना की पुलिस को मिलने के बाद पुलिस मौके पर पहुंची. पुलिस ने बताया कि अपराधकर्मियों की पहचान कर ली गई है. इसको लेकर जगह-जगह छापेमारी की जा रही है. जल्द ही उनकी गिरफ्तारी कर ली जाएगी.

वहां मौजूद लोग एवं दुकानदारों से घटना की जानकारी प्राप्त की. पुलिस ने आस-पास मौजूद सीसीटीवी फुटेज देखकर अपराधियों की शिनाख्त में जुट गई हैं. वहीं विकास के मरने के बाद उसके परिजनों में शोक व्याप्त हो गया है. एमजीएम अस्पताल में परिजनों ने बताया कि घर से चाय पीने की बात कहकर वह दरभंगा डेयरी के पास आया था. कुछ ही देर में घटना हो गई. परिजनों ने दोषियों पर कार्रवाई की मांग की.

#### गणेश सिंह गुट से जुड़ा था विकास

बताया जा रहा है कि अमरनाथ सिंह हत्याकांड में आरोपी गणेश सिंह गुट से विकास का संबंध था. अक्सर वह गणेश गिरोह के लोगों के साथ देखा जाता था. उस पर भी पुलिस ने कई मामले दर्ज किए हैं. संभावना है कि प्रतिद्वंद्वी गुट के द्वारा घटना को अंजाम दिया गया हो. क्योंकि हाल ही में अमरनाथ के भाई शक्तिनाथ सिंह की चटाई कुली में हत्या कर दी गई थी. हालांकि उक्त घटना में कांग्रेस नेता ईश्वर सिंह समेत अन्य शामिल थे.



विकास गुप्ता की फाइल फोटो.

### चक्रधरपुर में छात्र ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

**चक्रधरपुर ।** चक्रधरपुर थाना क्षेत्र के वार्ड संख्या एक पुरानी बस्ती में रविवार की शाम 16 साल के छात्र ने घर में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली. बताया जाता है कि चक्रधरपुर के उलीडीह मध्य विद्यालय के शिक्षक पुरानी बस्ती निवासी बीजू मंडल रविवार शाम घर के छत पर एक कमरे में विद्यालय संबंधित कार्य कर रहे थे. वहीं उनकी पत्नी किसी कार्य से अपनी सास व छोटे बेटे के साथ जमशेदपुर गई हुई थी.

बीजू मंडल के सोलह वर्षीय पुत्र श्रीमय मंडल अपने घर के निचले तल्ले स्थित कमरे में साड़ी के सहारे छत में लगे पंखे में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली. वहीं जब शिक्षक बीजू मंडल नीचे आकर देखा तो बेटे को पंखे के सहारे फांसी से झूलते देखा. उन्होंने इसकी जानकारी उसने आस पड़ोस के लोगों को दी. इसके बाद छात्र श्रीमय मंडल को नीचे उतारकर अनुमंडल अस्पताल लाया गया.

वहां डॉक्टर नंदू होनहागा ने जांच कर उसे मृत घोषित कर दिया. वहीं पुरानी बस्ती के लोगों ने बताया कि श्रीमय मंडल चक्रधरपुर की संत जेवियर इंग्लिश मीडियम स्कूल में पढ़ाई करता था. इधर घटना की सूचना पाकर पूर्व पार्षद सह झामुमो नेता दिनेश जेना समेत स्थानीय लोग अनुमंडल अस्पताल पहुंचे थे.

## दम है तो चंपाई को सीएम कैंडिडेट घोषित करे भाजपा : रामदास सोरेन

संवाददाता । डुमरिया

राज्य के जल - संसाधन, उच्च व तकनीकी शिक्षा मंत्री रामदास सोरेन ने भाजपा के आदिवासी सम्मान की बात पर तंज करते हुए कहा कि झामुमो नेता चंपाई सोरेन का अपमान का आरोप लगाकर भाजपा में शामिल कराया. अब दम है तो भाजपा चंपाई सोरेन को मुख्यमंत्री कैंडिडेट घोषित करे. रामदास सोरेन गुड़ाबांदा के फॉरेस्ट ब्लॉक पंचायत अंतर्गत माछभांडार फुटबॉल मैदान परिसर में जनसभा को संबोधित कर रहे थे. उन्होंने कहा कि भाजपा के पास मुख्यमंत्री का चेहरा नहीं है. भाजपा पूरे देश के नेताओं को लाकर झारखंड की सत्ता को हथियाने का प्रयास कर रही है. उन्होंने कहा अकेले मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की पत्नी कल्पना सोरेन उन सभी नेताओं पर भारी पड़ रही है. भाजपा को झारखंड के अपने नेताओं पर भरोसा नहीं है इसलिए असम के सीएम और केंद्रीय मंत्री को बुला रही है.

उन्होंने कहा स्वर्णरेखा नदी से झारखंड की पानी से ओडिशा को सिंचाई के लिए पानी मिल रहा है, जमशेदपुर को पेयजल आपूर्ति हो रही है. लेकिन झारखंड के किसानों को सिंचाई के लिए पानी नहीं मिल रहा है.पानी नहीं मिलने का कारण क्षेत्र के किसान दूसरे प्रदेशों में जाकर मजदूरी करने को मजबूर थे. उन्होंने कहा कि गालुडीह बराज से ओडिशा सीमा तक प्रति हजार मीटर में वेयर बनाकर पानी झारखंड के किसानों को पानी देने का आदेश उन्होंने विभाग को दिया गया है. आनेवाले समय में झारखंड के किसानों को सिंचाई के लिए पानी मिलेगा. भाजपा कभी भी झारखंड का विकास नहीं चाहती, आदिवासी व मूलवासियों कमजोर बनाकर रखना चाहती है.



#### माछभांडार में 85 लाख की लागत से स्टेडियम का निर्माण होगा

गुड़ाबांदा प्रखंड के फॉरेस्ट ब्लॉक पंचायत के माछभांडार में 85 लाख की लागत से स्टेडियम का निर्माण किया जायेगा. रविवार को रामदास सोरेन ने नारियल फोड़कर इसका शिलान्यास किया.

### उलीडीह ओपी क्षेत्र में बढ़ी चोरी की घटनाएं

**जमशेदपुर ।** उलीडीह ओपी क्षेत्र में इन दिनों चोरी की घटनाएं बढ़ गई हैं. आए दिन किसी न किसी घर में चोरी हो रही है. शनिवार की रात चोरों ने एक-एक करके कालिंदी बस्ती में कई घरों से पांच मोबाइल फोन एवं जेवरात की चोरी की. जिसमें सुनीता कालिंदी का दो मोबाइल फोन, ब्लूटूथ, हेडफोन और चार्जर, गंगा गोप का एक मोबाइल फोन, उदय गोप का एक मोबाइल फोन, अनिल गोप एक मोबाइल फोन चोरी कर लिया गया. सभी लोग इसकी शिकायत थाने में कई गई. लेकिन पुलिस ने इसे गंभीरता से नहीं लिया.

कालिंदी बस्ती की सुनीता कालिंदी ने बताया कि वह अपने मायके आई है. घर में मोबाइल रखकर सोई थी. सुबह उठा तो देखा मोबाइल घर में नहीं है. इसी तह वहीं की रहने वाली सरस्वती गोप की सोने की कान की बाली चोरी कर ली गई. सुनीता ने बताया कि थाने में शिकायत करने पर पुलिस पदाधिकारी ने दो दिन बाद आकर शिकायत दर्ज कराने की बात कही. साथ ही जो नंबर दिया है उस पर फोन लग नहीं रहा है.

मामले की जानकारी मिलने के बाद कालिंदी बस्ती पहुंचे भाजपा नेता विकास ने बताया कि बस्ती में खुलेआम लॉटरी एवं अवैध कारोबार होता है. शिकायत करने पर पुलिस कार्रवाई नहीं करती है.

### चक्रधरपुर की सिलफोड़ी पंचायत में पहुंची मंईयां सम्मान यात्रा

## केंद्र से झारखंड अपना हक मांग रहा, भीख नहीं : कल्पना सोरेन

संवाददाता । चक्रधरपुर/गोइलकेरा

केन्द्र सरकार के पास बकाया पैसा झारखंड के लोगों का है, लेकिन केन्द्र सरकार झारखंड के लोगों का हक मारकर बैठी है. केन्द्र सरकार से झारखंड अपना हक मांग रहा है, भीख नहीं. यह बातें राज्य के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की पत्नी सह गांडेय विधायक कल्पना सोरेन ने कहीं. वे रविवार को मंईयां सम्मान यात्रा की चक्रधरपुर प्रखंड की सिलफोड़ी पंचायत के बुढ़ीगोड़ा मैदान में आयोजित सभा में बोल रही थीं. उन्होंने कहा कि केन्द्र सरकार झारखंड का बकाया राशि 1 लाख 36 करोड़ रुपये देना नहीं चाहती है. इस हक के लिए आपको निरंतर लड़ना होगा. जिस तरीके से आपके मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन दिर-रात निरंतर लड़ रहे हैं. विधायक कल्पना सोरेन ने कहा कि मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने राज्य की आधी आबादी को सम्मान दिया है. राज्य की आधी आबादी, बुजुर्ग व लोग खुश हों, इसे लेकर हेमंत सोरेन सरकार कार्य कर रही है. झारखंड संगठित है, झारखंड की माता-बहनें, बड़े-बुजुर्ग, सभी धर्म से आने वाले लोग संगठित हैं, लेकिन विपक्षी को यह बर्दाश्त नहीं होती है. उन्होंने भाजपा पर निशाना साधते हुये कहा कि चुनाव को लेकर बहुत सारे बहरुपिये घूम रहे हैं और लोगों को जाति, धर्म के नाम पर लड़ा रहे हैं. इसे यहां की जनता बर्दाश्त नहीं करेगी. मंच से ही उन्होंने हेमंत सोरेन जिंदाबाद का नारा लगाते हुये मौजूद भीड़ से पूछा कि मंईयां सम्मान योजना जारी रहना चाहिए या नहीं...राज्य का मुख्यमंत्री कैसा हो, हेमंत सोरेन जैसा हो. चक्रधरपुर के विधायक सुखराम उरांव ने नारी शक्ति को महत्वपूर्ण बताया. वहीं राज्य की कृषि मंत्री दीपिका पांडेय ने किसानों का भी कर्ज माफ करने की बात कही. इस मौके पर सांसद जोबा माझी, मंत्री दीपक बिरुवा समेत झारखंड मुक्ति मोर्चा के अन्य नेता, कार्यकर्ता, विभिन्न पंचायत के पंचायत प्रतिनिधि, आंगनबाड़ी सेविका-सहायिकाएं, विभिन्न महिला समूह से जुड़ी बड़ी संख्या में महिलाएं मौजूद थीं.



चक्रधरपुर में जनसभा को संबोधित करतीं गांडेय की विधायक कल्पना सोरेन.

#### सोनुआ में हुआ जोरदार स्वागत

**सोनुआ |** चक्रधरपुर से गोइलकेरा जाने के क्रम में गांडेय विधायक कल्पना सोरेन का सोनुआ में जोरदार स्वागत किया गया. यहां झामुमो की ओर से आयोजित स्वागत समारोह सह नुक्कड़ सभा का आयोजन किया गया. मौके पर विधायक कल्पना सोरेन ने कहा कि झारखंड बनने के बाद आधी आबादी महिलाओं को कोई सम्मान दिया है तो वह सिर्फ आपकी हेमंत सरकार है. हेमंत सरकार ने महिलाओं का सम्मान करते हुए उनके लिए मंईयां सम्मान योजना की शुरुआत की. इसके तहत 18 से 50 साल की महिलाएं, युवतियों के खाते में हर महीना एक हजार रुपये सम्मान राशि के रूप से दिया जा रहा है. इससे वह अपनी जरुरतें पूरी करने के साथ स्वावलंबी बनने के लिए कुछ काम कर सकती हैं. इस दौरान कल्पना सोरेन ने स्थानीय भाषा ओडिया के अलावे संथाली व हो भाषा में संबोधित किया. इस दौरान नृत्य मंडली के कलाकारों व महिलाओं ने नृत्य करते हुए पारम्परिक तरीके से स्वागत किया. वहीं, उपस्थित महिलाओं ने कल्पना सोरेन पर पुष्प बरसाए. मौके पर विधायक कल्पना सोरेन ने अपनी कार में खड़ी होकर महिला समेत अन्य लोगों का हाथ जोड़कर अभिवादन स्वीकार किया.



### गोइलकेरा में कल्पना सहित मंत्रियों ने स्व. देवेंद्र माझी को दी श्रद्धांजलि

**गोइलकेरा |** मंईयां सम्मान यात्रा रविवार को गोइलकेरा पहुंची. इस दौरान गोइलकेरा बाजार में गांडेय की विधायक सह झामुमो की स्टार प्रचारक कल्पना सोरेन, कृषि मंत्री दीपिका पांडेय सिंह, महिला, बाल विकास एवं सामाजिक सुरक्षा विभाग की मंत्री बेबी देवी, आदिवासी कल्याण एवं परिवहन मंत्री दीपक बिरुवा ने जल, जंगल, जमीन आंदोलन के अगुवा पूर्व विधायक देवेंद्र माझी की स्मारक स्थल पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की. इस दौरान स्व. देवेंद्र माझी की पत्नी सिंहभूम की सांसद जोबा माझी समेत सैकड़ों की झामुमो कार्यकर्ता और समर्थक उपस्थित थे. विधायक कल्पना सोरेन ने सभा में कहा कि देवेंद्र माझी जैसे लोगों की शहादत से जल, जंगल और जमीन की रक्षा की प्रेरणा मिलती हैं. उन्होंने मंईयां सम्मान योजना को लेकर लोगों से पूछा कि खाते में राशि आ रही है न, भीड़ से हां की आवाज आते ही कहा विपक्ष चाहे जितना जोर लगा ले मंईयां सम्मान योजना कभी बंद नहीं होगी. गोइलकेरा से मनोहरपुर जाने के क्रम में डेरवां चौक पर गुवा गोलीकांड के शहीद ईश्वर सरदार के स्मारक पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की. इस मौके पर झामुमो के प्रखंड अध्यक्ष मनसुख गोप, प्रखंड बीस सूत्री अध्यक्ष अकबर खान, तरकटकोचा पंचायत के मुखिया गणेश बोदरा, कायदा पंचायत की मुखिया सोमवारी बहांदा, प्रखंड सचिव दिनेश सुरीन, प्रिंस खान, बजरंग प्रसाद गुप्ता, दीनू हांसदा, दिनेश गुप्ता, दिनेश नायक समेत अन्य के अलावे बड़ी संख्या में भीड़ मौजूद थी.



**जिंदगी** बिष्टुपुर नरभेराम स्कूल में मोटिवेशनल स्पीकर ने 'आजीवन खुश रहने का मंत्र' बताया

## विचार, वाणी और व्यवहार की शुद्धता ही करती है बेहतर जीवन का निर्माण

वरीय संवाददाता । जमशेदपुर

बिष्टुपुर स्थित नरभेराम हंसराज इंग्लिश स्कूल परिसर के कुसुम कमानी ऑडिटोरियम में सामाजिक संस्था नारायण रेकी सत्संग परिवार (एनआरएसपी) टाटानगर की ओर से जीवन जीने का नया अंदाज ('आजीवन खुश रहने का मंत्र') कार्यक्रम का आयोजन किया गया. इस आयोजन की मुख्य वक्ता विश्व प्रसिद्ध मोटिवेशनल स्पीकर रेकी ग्रैंड मास्टर राजेश्वरी मोदी (राज दीदी) ने लगभग ढाई घंटे तक प्रशंसा, प्रेरणा व प्रोत्साहन से पाएं सुख, शांति, समृद्धि से संबंधित सकारात्मकता से भरे अपने विचार विस्तार से कई प्रसंग सुनाते हुए व्यक्त किये.

उन्होंने आगे कहा कि हर व्यक्ति के जुबान पर मां सरस्वती विराजमान है. विचार, वाणी और व्यवहार की शुद्धता ही बेहतर जीवन का निर्माण करती है. आपके कार्य को कोई क्रेडिट दे या नहीं दे आप अपना सर्वोत्तम देना जारी रखे. हर्ट न हों क्योंकि हर्ट सबसे निम्नतर ऊर्जा है जो आपके जीवन में आते हुए सुख, शांति, समृद्धि को रोकती है. हमें हमेशा शुभ और सकारात्मक बातें करनी चाहिए. किसी भी मनुष्य को अपशब्द और नकारात्मक बातें नहीं करनी चाहिए. तोल मोलकर बोलें व शब्दों की शक्ति को पहचाने. ऐसा नहीं बोले जिससे किसी को तकलीफ हो. उन्होंने कहा कि जो दूसरों को देंगे वही आपको वापस मिलेगा. किसी को हर्ट करेंगे तो हर्ट होंगे और जब हर्ट हों तो आत्मचिंतन करें.

राजेश्वरी मोदी ने कहा कि जीवन की भाग दौड़ व तेज गति में किसी का भी हक ना मारें. अपने निर्मल मन व सहज स्वभाव से जीवन को आसान बनाया जा सकता है. अनेक प्रश्नों के उत्तर में उन्होंने कहा कि स्नेह सब पर खूब बरसायें. स्नेह व समर्पण से हम लोगो का विश्वास जीतते है जो हमें जीवन पर्यंत खुशियां देता है.

**गणेश वंदना से हुआ कार्यक्रम का शुभारंभ :** इससे पहले गणेश वंदना गीत पर आधारित नृत्य एवं दीप प्रज्वलन तथा राष्ट्र गान की प्रस्तुति के साथ कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ. पता नहीं किस रूप में तुमको नारायण मिल जायें.. गीत पर छोटे-छोटे बच्चों ने सामूहिक नृत्य किया. राज दीदी संग श्रोताओं ने पूरी हो हमारी हर शुभ मनोकामना प्रार्थना की. संस्था की टाटानगर सेंटर हेड उमा अग्रवाल और प्रीति अग्रवाल ने राज दीदी को फूलों का गुलदस्ता और अंग वस्त्र देकर स्वागत किया.

गुरु मां राज दीदी को मोर पंख की छांव में कार्यक्रम स्थल तक लाया गया. कार्यक्रम को सफल बनाने में प्रमुख रूप से उमा अग्रवाल, प्रीति सुल्तानिया, स्मिता मूनका, सरिता अग्रवाल, लक्ष्मी भरतिया, पिंकी सिंह, आशा चौधरी, प्रीति अग्रवाल, आदि का योगदान रहा.

#### बुराई करने वालों की नकारात्मकता को सकारात्मकता में बदलें : राज दीदी




राज दीदी ने कहा जीवन दो जोन में बंटा है. ए यानि सकारात्मकता और बी यानि नकारात्मकता. उन्होंने दोनों जोन के बारे में कहानियों के माध्यम से समझाया. राज दीदी ने घर के सदस्यों सास-बहू, जेठानी, देवरानी, से लेकर दोस्तों के बीच की नकारात्मकता को दूर करने की चर्चा की. साथ ही जीवन जीने के मंत्र के 5 - सूत्र भी सबसे साझा किये. उन्होंने कहा कि यदि कोई आपकी बुराई करें तो उसे नजरअंदाज करें. उसकी नकारात्मकता को सकारात्मकता में बदलें.



नरभेराम स्कूल के ऑडिटोरियम में कार्यक्रम में मौजूद लोग.

## मनोजित बने झारखंड प्रगतिशील शिक्षक संघ डुमरिया के अध्यक्ष

- प्रखंड कमेटी का गठन, संतोष कुमार मान चुने गए सचिव

संवाददाता । डुमरिया

झारखंड प्रगतिशील शिक्षक संघ पूर्वी सिंहभूम की बैठक प्रदेश उपाध्यक्ष बृजमोहन यादव की अध्यक्षता में रविवार को जीसीजीडी उच्च विद्यालय मुसाबनी सभागार में संपन्न हुई. जिसमें सर्व सहमति से डुमरिया प्रखंड इकाई शिक्षक संघ का गठन किया गया. बैठक में डुमरिया प्रखंड के अलावे गुड़ाबांदा एवं अन्य प्रखंडों के सैकड़ों शिक्षक उपस्थित थे. कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में संघ के कोल्हान प्रभारी विजय कुमार सिंह, जिला अध्यक्ष राजीव कुमार पांडेय, आईटी सेल प्रभारी आलोक कुमार, मीडिया प्रभारी दल गोविंद नायक, जिला संगठन मंत्री झंटू लाल एवं झुरो देवी उच्च विद्यालय के संस्थापक सह सचिव कुंदन कुमार सिंह उपस्थित थे. शिक्षक संघ के इस महत्वपूर्ण बैठक को प्रदेश अध्यक्ष आनंद कुमार साहू ने ऑनलाइन संबोधित किया.

चुनाव पर्यवेक्षक की देखरेख में झारखंड प्रगतिशील शिक्षक संघ डुमरिया प्रखंड इकाई कमेटी का गठन किया गया. जिसमें अध्यक्ष - मनोजित मंडल, उपाध्यक्ष- पिनाकी चटर्जी, गिरधारी दास, सचिव- संतोष कुमार मान, संगठन सचिव- विभीषण मंडल, संगठन मंत्री- उज्जवल कुमार खां, कोषाध्यक्ष- संदीप चंद्र, उप कोषाध्यक्ष- विश्वनाथ मंडल, प्रखंड प्रवक्ता- प्रदीप चौधरी, आईटी सेल प्रभारी- नित्यानंद दां, उपसचिव- अब्दुल लतीफ, उप संगठन सचिव- तापस सिन्हा, प्रखंड कार्यकारिणी सदस्य- अशोक गोराई, मृत्युंजय सरकार, शिवनाथ सहानी, अमीरुद्दीन, अवधेश चंद्र नाग, देवाशीष मंडल आदि का चयन किया गया. कार्यक्रम को प्रदेश उपाध्यक्ष बृजमोहन यादव, कोल्हान प्रभारी विजय कुमार सिंह जिला अध्यक्ष राजीव कुमार पांडेय, आईटी सेल प्रभारी आलोक कुमार आदि ने संबोधित किया.

## ब्रीफ खबरें

### भाजमो कार्यकर्ताओं ने चलाया जनसंपर्क अभियान

**जमशेदपुर ।** भारतीय जनतंत्र मोर्चा महानगर जिला अध्यक्ष सुबोध श्रीवास्तव के नेतृत्व में भाजमो कार्यकर्ताओं ने बिरसानगर में जनसंपर्क अभियान चलाया. भाजमो नेताओं ने लोगों को एक अक्टूबर को उपायुक्त कार्यालय के समक्ष आयोजित होने वाले एक दिवसीय धरना प्रदर्शन कार्यक्रम के संबंध में जानकारी दी और शामिल होने की अपील की. बताया गया कि अक्षेस एवं जिला प्रशासन की नाकामी के कारण जमशेदपुर पूर्वी में कई महत्वपूर्ण योजनाएं शिलान्यास होने के बाद भी कार्य प्रारंभ होने के लिए बाट जोह रही है.

### बहरागोड़ा मंडल के सभी बूथों पर सुनी गई मन की बात

**बहरागोड़ा ।** रविवार को मंडल के सभी 78 बूथों पर भाजपा के पदाधिकारी, कार्यकर्ता एवं ग्रामीणों ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मन की बात का 114वां संस्करण सुना. बूथ 171 पर जिलाध्यक्ष चांडी चरण साव, 177 पर मंडल अध्यक्ष राजकुमार कर, 172 पर जिला उपाध्यक्ष बाप्तु साव, 173 पर रंजीत बाला, 156 पर भक्तिश्री पांडा, 228 पर उत्पल पैरा, 177 पर काजल महाकुड़, 174 पर कबिन्द्र कुंडू, 222 पर बिना पात्र, 226 पर मनोज पाल सहित सभी ने अपने-अपने बूथों पर मन की बात सुनी.

### बहरागोड़ा व बरसोल थाना में शांति समिति की बैठक

**बहरागोड़ा ।** बहरागोड़ा व बरसोल थाना परिसर में रविवार को शाम नवरात्र को देखते हुए शांति समिति की बैठक आयोजित की गई. बहरागोड़ा में थाना प्रभारी ईश्वर दयाल मुंडा, बरसोल में थाना प्रभारी चंदन कुमार ने बैठक की अध्यक्षता की. इसमें थाना क्षेत्र के सभी दुर्गा पूजा कमेटी के पदाधिकारी और सदस्य उपस्थित हुए. जिसमें पूजा को बेहतर तरीके से मनाने का निर्णय लिया गया. एसडीपीओ अजीत कुमार कुजूर व अंचल अधिकारी भोला शंकर महतो ने पूजा कमेटियों के पदाधिकारी तथा सदस्यों को कई बिंदुओं पर दिशा निर्देश दिए.

### चुनावी रोटी सेंक रहे डॉ. अजय कुमार : बंटी

**जमशेदपुर ।** भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश कार्य समिति सदस्य एवं खादी बोर्ड के पूर्व सदस्य कुलवंत सिंह बंटी ने कहा कि डॉ. अजय कुमार गड़े मुर्दे उखाड़कर लोगों को गुमराह कर राजनीतिक रोटी सेंक रहे हैं. लेकिन उनकी मंशा सफल नहीं होगी. जनता उनकी असलियत जान चुकी है. कुलवंत सिंह बंटी बर्मामाइंस लाल बाबा फाउंड्री मामले को 86 बस्ती से अलग नहीं किए जाने के डॉ. अजय के आरोप को बेतुका करार दिया. कहा, यह मामला कोर्ट में विचाराधीन था. इसलिए 86 बस्ती से अलग नहीं हो सका.

### केवट समाज के शिविर में 100 लोगों ने किया रक्तदान

**जमशेदपुर ।** केवट समाज वेलफेयर एसोसिएशन के द्वारा ब्लड बैंक धातकीडीह में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया. जिसमें स्वैच्छिक रूप से 100 लोगों ने रक्तदान किया. इससे पहले कार्यक्रम का उद्घाटन भक्त गुहा निषाद के चित्र पर दीप प्रज्वलित कर भाजपा के पूर्व जिला अध्यक्ष दिनेश कुमार, समाज के अध्यक्ष सुरेश निषाद और समाज के वरिष्ठ सदस्य मछिंदर निषाद ने संयुक्त रूप से किया. शहर में डेंगू के बढ़ते प्रकोप के चलते प्लेटलेट्स की बढ़ती मांग और रक्त की कमी के मद्देनजर समाज की महिला शक्ति के द्वारा यह आयोजन किया गया.

### गोकुल नगर पहुंचे पुरेंद्र समस्याओं से हुए अवगत

**आदित्यपुर ।** नगर परिषद के पूर्व उपाध्यक्ष पुरेंद्र नारायण सिंह रविवार को वार्ड -24 अंतर्गत गोकुल नगर पहुंचे. जहां बड़ी संख्या में लोगों ने उपस्थित होकर स्थानीय समस्याओं से अवगत कराते हुए महीनों से जाम पड़े नालियों की वृहद स्तर पर साफ सफाई कराए जाने की मांग की. साथ ही लोगों ने बतलाया कि नगर निगम से कई बार नाली के लिए नापी हो चुकी है, टेंडर निकाले जाने की भी सूचना है. मगर अब तक कोई काम धरातल पर नहीं दिखाई पड़ रहा है. स्थानीय लोगों ने बतलाया कि जल-जमाव से मच्छर जनित बीमारियों के फैलने की आशंका बनी रहती है. पुरेन्द्र नारायण सिंह ने लोगों को आश्वस्त किया कि नगर निगम व प्रशासन के समक्ष सभी समस्याओं को उठाकर उनका समाधान करवाया जाएगा.

---

### नौका परिचालन बंदोबस्ती रद कर ग्राम सभा के माध्यम से परिचालन कराने की मांग

# ग्रामीणों ने बुरुडीह डैम जाने वाली सड़क को किया जाम, बंद कराया नौका परिचालन

**संवाददाता । घाटशिला**


नौका परिचालन के स्थान पर खड़े होकर विरोध करते ग्राम प्रधान एवं ग्रामीण.

बुरुडीह. टिकरी, हीरागंज, रामचन्द्रपुर गांव के प्रधान के नेतृत्व में रविवार को बुरुडीह डैम जाने वाली सड़क को ग्रामीणों ने जाम कर दिया. ग्रामीणों की मांग है कि जिस तरह से पूर्व में होता आया है उसी तरह बुरुडीह डैम में नौका परिचालन ग्राम सभा के माध्यम से ही कराया जाय. सरकार इसे व्यवसाय के रूप में देख रही है जिसके कारण नौका परिचालन का डाक आठ लाख से भी ज्यादा बोली लगाकर गांव से बाहर के लोग ले रहे हैं. यह किसी भी कीमत पर ग्राम सभा बर्दाश्त नहीं करेगी. ग्राम समिति बनाकर ही नौका का परिचालन किया जाए.

ग्रामीणों ने बताया कि 24 सितंबर को बंदोबस्ती रद्द करने के संबंध में अनुमंडल पदाधिकारी को ज्ञापन सौंपा गया था. ग्राम सभा के ज्ञापन पर कोई विचार नहीं किया. नौका परिचालन के लिए नीलामी प्रशासन द्वारा करा दी गई. लेकिन चारों ग्राम के ग्राम प्रधान और ग्राम सभा अनुमति के बिना वे एक अक्टूबर से नौका परिचालन नहीं होने देंगे. ग्रामीणों ने सड़क पर चार घंटा का सांकेतिक प्रदर्शन किया एवं डैम पर नौका परिचालन को बंद कर दिया. इसके बाद भी प्रशासन गंभीर नहीं होता है तो ग्रामीण चरणबद्ध आंदोलन करेंगे. ग्रामीणों ने एसडीओ से आग्रह किया है कि बन्दोबस्ती रद्द की जाए. इससे ग्रामीण बेरोजगार युवक को रोजगार मिलेगा.

पैसा के अभाव में वे डाक में भाग लेने में असमर्थ हैं. ग्राम सभा का मांग है कि गांव में ग्राम नौका समिति का गठन किया जाय. विरोध करने वाले में मुख्य रूप से ग्राम प्रधान श्याम चरण मुर्मू, लखी चरण सिंह, नंद हांसदा, प्राण मुर्मू तथा ग्रामीण जोसेफ मुर्मू, रवि हेंब्रम, विभीषण भुईयां, बाबूलाल कर्मकार, जॉन मुर्मू, मानिक महतो, सालगे माडी, सुचित्रा हांसदा, पार्वती मुर्मू सहित काफी संख्या में चारों गांव के ग्रामीण शामिल थे.

#### 2000 से 2007 तक ग्राम सभा के माध्यम से होता था नौका परिचालन

विरोध कर रहे ग्रामीणों ने बताया कि बुरुडीह जलाशय में नौका परिचालन का वर्ष 2000 से 2007 तक गांव में ग्राम सभा के माध्यम से अनुमंडल पदाधिकारी के उपस्थिति में नौका परिचालन समिति का गठन करके अस्थायी बन्दोबस्ती दी गई थी. समिति ने निर्धारित राशि भी समय से चुकता किया. इस समिति में जलाशय से प्रभावित जिनका जमीन अधिग्रहण किया गया है तथा विस्थापित परिवार एवं बेरोजगार युवक को सम्मिलित किया गया है. लेकिन चानक ग्राम सभा को अनदेखी कर दी गई. यह साबित होता है कि बिचौलिया एवं पदाधिकारी के साठगांठ से बन्दोबस्ती किया गया जो पांचवीं अनुसूचित क्षेत्रों के लिए अपमानजनक कार्य है. ग्राम सभा को प्राथमिकता देना आवश्यक है.

---

### आवासीय संघर्ष समिति के बैनर तले की बैठक

# आवास बोर्ड के सर्वे के विरोध में उतरे जनता फ्लैट के निवासी

### नहीं चाहते पुनर्निर्माण, बोर्ड के एमडी से मिलने का निर्णय

- सभी प्रकार का सर्वे बंद कराने की मांग की

**संवाददाता । आदित्यपुर**


आदित्यपुर में आवास बोर्ड के फैसले के खिलाफ बैठक करते फ्लैटवासी.

आदित्यपुर 2 के रोड नंबर 11-12 स्थित आवास बोर्ड के जनता फ्लैट वासियों ने रविवार को आवास बोर्ड के नोटिस और सर्वे के विरुद्ध मोर्चा खोलते हुए बैठक की और विरोध जताया. फ्लैट वासियों ने आवासीय संघर्ष समिति के बैनर तले यह बैठक की. इसका नेतृत्व स्थानीय संयोजक निरंजन मिश्रा ने कर रहे थे. बैठक में हाउसिंग बोर्ड द्वारा कराए जा रहे सर्वे पर चर्चा की गई. जनता फ्लैट वासियों ने इस सर्वे का विरोध करने का फैसला किया.

सभी ने एकजुट होकर कहा कि हाउसिंग बोर्ड द्वारा जनता फ्लैट में रह रहे लोगों को बिना विश्वास में लिए पुनर्निर्माण की योजना के तहत सर्वे कराया जा रहा है. जनता फ्लैटवासी पुनर्निर्माण नहीं चाहते हैं. सभी का कहना है कि पिछले कई वर्षों से वे लोग फ्लैट की मरम्मत करवा कर रह रहे हैं. मरम्मत में लाखों रुपये खर्च हो गये हैं. इस विषय पर बहुत जल्द आवासीय संघर्ष समिति का एक प्रतिनिधिमंडल हाउसिंग बोर्ड के एमडी से मिलेगा. बैठक में स्थानीय समाजसेवी आशीष धर, सुबोध शरण, विश्वजीत मजूमदार, तारक नाथ सिंह, मौसमी मित्रा, पूर्व पार्षद रिंकु राय, करूणलता मिश्रा, शशि प्रभा सिंह, नवीन सिंह, सुनंदा देवी, मीरा सिंह, रूबी यादव, शिप्रा दास, नीलू कुमारी, त्रिलोकी मिश्रा, कुमारेश झा, विकास सिंह एवं बड़ी संख्या में जनता फ्लैट वासी उपस्थित थे.

#### 2011 के तय दर पर फ्लैट आवंटित करने की मांग

लोगों ने मांग की कि बोर्ड द्वारा सभी प्रकार के सर्वे को अविलंब बंद कराया जाए और जो जिस फ्लैट में रह रहे हैं वह फ्लैट उनके नाम पर 2011 में बोर्ड द्वारा तय दर पर आवंटित की जाए. फ्लैटवासी पुनर्निर्माण योजना का विरोध करते हैं और अगर बोर्ड को किसी प्रकार का सर्वे कराना है तो पहले सभा बुलाकर फ्लैट वासियों को इसकी पूरी जानकारी दे, तब सर्वे कराया जाए.

---

## यूसिल ने जिले के दो सामाजिक संस्थाओं को सौंपे तीन एंबुलेंस


मुख्य अतिथि कर्नल प्रभात कुमार पांडा और एम के सिंघई हरी झंडी दिखाकर एंबुलेंस सौंपते हुए.

**संवाददाता । जादूगोड़ा**

यूरेनियम कारपोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड (यूसिल) ने आज रविवार को पूर्वी सिंहभूम जिले की दो महत्वपूर्ण सामाजिक संस्थाओं को तीन एंबुलेंस सौंपा. नरवा पहाड़ मैनेजमेंट ट्रेनिंग सेंटर में आयोजित समारोह में रेड क्रॉस सोसायटी के मानद सचिव विजय कुमार सिंह को दो एंबुलेंस और भारत सेवाश्रम दबंकी पोटका के सचिव मुक्ताम नंद महाराज को एक एबुलेंस की चाबी सौंपी गई.

इसके पूर्व पूजा अर्चना के बाद स्मृति चिन्ह देकर अतिथियों का स्वागत किया गया. कार्यक्रम के मुख्य अतिथि यूसिल कारपोरेट सामाजिक दायित्व के अध्यक्ष कर्नल डॉक्टर प्रभात कुमार पांडा व यूसिल सीएसआर के नोडल अधिकारी एम के सिंघई ने हरी झंडी दिखाकर तीन एंबुलेंस को रवाना किया. कार्यक्रम का संचालन सीएसआर के संयोजक जीतेश कुमार ने किया.

#### यूसिल सेवा भावना से पीछे नहीं हटेगी : डॉ प्रभात

इस मौके पर समारोह के मुख्य अतिथि सह वीरता मेडल पुरस्कार से सम्मानित कर्नल डॉक्टर प्रभात कुमार सिन्हा ने कहा कि यूसिल की समाज के प्रति सेवा भावना आगे भी जारी रहेगी. उन्होंने कहा कि यह संपत्ति समाज की है. जिस पर उसका हक बनता है. इस अवसर पर एम के सिंघई ने कहा कि यूसिल की ओर से दिया गया यह तीन एबुलेंस क्षेत्र के सुदूर ग्रामीण क्षेत्र की सेवा में काम आएगा.

**104 व्हील चेयर भी बांटे :** इस मौके पर सीएसआर के संयोजक जीतेश कुमार ने कहा की कंपनी की ओर से दिव्यांगों के लिए 104 व्हीलचेयर, तुरामडीह में महिला समूह को सिलाई मशीन, परंपरागत ढोल नगाड़े भी बांटे.

---

## समारोह में बीएसएनएल के सीजीएम को दी गई विदाई



**जमशेदपुर ।** झारखंड बीएसएनएल परिमंडल के मुख्य महाप्रबंधक संजय कुमार की सेवनिवृत्ति के अवसर पर होटल में विदाई समारोह का आयोजन किया गया. इस अवसर पर उनकी धर्मपत्नी नीतू कुमार भी मौजूद थीं. इस दौरान बीएसएनएल कर्मियों और बच्चों ने मनमोहक सांस्कृतिक कार्यक्रम भी प्रस्तुत किया. शुक्रवार की शाम आयोजित इस विदाई समारोह के मौके पर जमशेदपुर व्यापार क्षेत्र के महाप्रबंधक विजय कुमार, झारखंड सर्किल के अधिकारी उमेश प्रसाद साह, रामाश्रय प्रसाद, एके सामंता, उपकार केडिया, पीके राज एवं अन्य उपस्थित थे. इसके पहले सुबह के कार्यक्रम में बीएसएनएल के सभी चैनल पार्टनर के साथ मुख्य महाप्रबंधक के साथ एक रिव्यू मीटिंग का भी आयोजन किया गया. इसमें कई चैनल पार्टनर के साथ कई अधिकारियों को भी सम्मानित किया गया. इस मीटिंग में जमशेदपुर व्यापार क्षेत्र के महाप्रबंधक विजय कुमार, झारखंड सर्किल के अधिकारी उमेश प्रसाद साह, रामाश्रय प्रसाद, एके सामंता, उपकार केडिया, पीके राज एवं अन्य उपस्थित थे. कार्यक्रम का संचालन अभय कुमार और अबू आसिफ हसन ने किया.

## लगातार हो रही बारिश से कच्चा मकान ध्वस्त, परिवार आया खुले आसमान के नीचे



**संवाददाता । बहरागोड़ा**

बहरागोड़ा प्रखंड क्षेत्र की मुटूरखाम पंचायत अंतर्गत जाड़ाबनी गांव निवासी मंगल सोरेन का कच्चा मकान रविवार की सुबह ध्वस्त हो गया. मिली जानकारी के अनुसार विगत कई दिनों से हो रही बारिश के कारण घर गिर गया. घर में सोया ठाकुर सोरेन को दीवार के नीचे दबने से आंशिक चोट पहुंची है. कच्चा मकान ध्वस्त हो जाने से पूरा परिवार खुले आसमान के नीचे आ गया. मंगल सोरेन मजदूरी कर अपने परिवार का भरण पोषण करता है. उसकी पत्नी बानगी सोरेन एवं बेटा ठाकुर सोरेन की मानसिक स्थिति ठीक नहीं है.मंगल सोरेन ने बताया कि काफी मशक्कत के बाद एक छोटा सा कच्चा मकान का घर बनाया था. लगातार बारिश होने के कारण मिट्टी की दीवारों में दरार आ गया था. अचानक रविवार की सुबह घर पर बेटा ठाकुर सोरेन सोया हुआ था. उसके ऊपर दीवार गिर गई. सूचना पाकर पूर्व प्रमुख शास्त्री हेंब्रम घटनास्थल पहुंचे और घटना की जानकारी ली. साथ ही उन्होंने तत्काल संबंधित कर्मचारियों को अवगत कराया. कर्मचारियों ने मुआवजा का फार्म भरकर देने की बात कही, जिससे जल्द से जल्द मुआवजा मिल सके.

## जाहेरथान कमिटी का हुआ पुनर्गठन, चुने गए पदाधिकारी



**जमशेदपुर ।** दिशोम जाहेर, करनडीह में जाहेरथान कमिटी की आम सभा माझी जुबराज टुडू के अध्यक्षता में हुई. जिसमें सचिव रबिन्द्र नाथ मुर्मू ने वार्षिक प्रतिवेदन प्रस्तुत किया. जबकि कोषाध्यक्ष वीर प्रताप मुर्मू ने आय-व्यय का ब्यौरा रखा. इस दौरान सर्वसम्मति से प्रबंधक समिति का पुनर्गठन किया गया. जिसमें चेयरमैन माझी जुबराज टुडू, अध्यक्ष सीआर माझी, वरीय उपाध्यक्ष गणेश टुडू, उपाध्यक्ष छुटाई सोरेन एवं कुशाल हांसदा, महासचिव बुढ़ान माझी, सचिव रबीन्द्र नाथ मुर्मू, सहायक सचिव निशोन हेम्ब्रम एवं बाबूराम सोरेन, कोषाध्यक्ष वीर प्रताप मुर्मू, सहायक कोषाध्यक्ष कुशा सोरेन एवं नायके बाबा दीपक सोरेन, सदस्य के रुप में दुखूराम हांसदा, पिताम्बर हांसदा, रामचन्द्र मुर्मू,, करण सोरेन, जोबा मुर्मू, ताला टुडू, डोमन टुडू, दिनेश सोरेन, उपेन्द्र मुर्मू, ताराचंद बेसरा एवं राजू टुडू को बनाया गया. इस दौरान निशोन हेम्ब्रम को युवा शाखा का समन्वयक, ताला टुडू को महिला शाखा का समन्वयक तथा अर्जुन समद को क्रीड़ा शाखा का समन्वयक बनाया गया.

---

### उत्सव | दो अक्टूबर को प्रवीण सेवा संस्थान व तीन को एस टाइप के पूजा पंडाल का होगा उद्घाटन

# पहली पूजा से ही आदित्यपुर के दुर्गा पूजा पंडालों में श्रद्धालुओं की उमड़ेगी भीड़

**संवाददाता । आदित्यपुर**

इस बार पहली पूजा से ही आदित्यपुर के दुर्गा पूजा पंडालों में श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ेगी. यहां के पंडालों में होने वाली भीड़ को देखते हुए एक ओर जहां प्रवीण सेवा संस्थान ने दो अक्टूबर को ही पंडाल के पट खोलने का निर्णय लिया है तो दूसरी ओर एस टाइप स्थित सिंहभूम बॉयज क्रिकेट क्लब के दुर्गा पूजा पंडाल का भी उद्घाटन वहां की कमेटी ने पहली पूजा के दिन 3 अक्टूबर को ही पूजा पंडाल उद्घाटन करने का निर्णय लिया है. बता दें कि इन दोनों पंडालों की खूबसूरती अलौकिक होती है, जिसे देखने राज्यभर के श्रद्धालु पहुंचते हैं.

#### सोमनाथ मंदिर की तरह बनाया जा रहा एस टाइप दुर्गा पंडाल


एस टाइप दुर्गा पूजा पंडाल में बनने वाले सोमनाथ मंदिर की आकृति.

एस टाइप दुर्गा पंडाल के निर्माण उद्घाटन की तिथि को देखते हुए जोर-शोर से किया जा रहा है. बता दें कि इस वर्ष एस टाइप दुर्गा पूजा पंडाल में गुजरात की सोमनाथ मंदिर की खूबसूरत आकृति बनाई जा रही है. करीब 100 फीट चौड़ी और 80 फीट ऊंचे पंडाल निर्माण को तैयार करने में कारीगर दिन-रात लगे हैं. दुर्गा पूजा कमेटी के मुख्य संरक्षक मनोज सिंह और अध्यक्ष बबलू सिंह दिनेश ने बताया कि इस बार पूरे जमशेदपुर शहर का टॉप पंडाल यहां बनाया जा रहा है. पश्चिम बंगाल के मायापुर के कलाकार दो माह पंडाल निर्माण में लगे हैं. सिंहभूम बॉयज क्रिकेट क्लब 1972 से यहां पूजा कर रही है.

दुर्गा पूजा और यहां लगने वाले मेले को सम्पन्न कराने में कमेटी के कोषाध्यक्ष संजीव पांडेय, नीरू सिंह, प्रकाश मेहता, संजीव सिंह बबुआ, पूर्व पार्षद सुधीर कुमार सिंह, बंटी सिंह आदि पूरी मेहनत कर रहे हैं.

#### चार पूर्व मुख्यमंत्री करेंगे प्रवीण सेवा संस्थान के पंडाल का उद्घाटन



प्रवीण सेवा संस्थान के पंडाल उद्घाटन के लिए भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी, पूर्व मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन, अर्जुन मुंडा और मधु कोड़ा को संयुक्त रूप से आमंत्रण भेजा गया है. सभी दो अक्टूबर को शाम 7 बजे प्रवीण सेवा संस्थान के दुर्गा पूजा पंडाल का उद्घाटन करने आदित्यपुर पहुंचेंगे. यह जानकारी संस्थान के मुख्य संरक्षक पूर्व विधायक अरविंद सिंह ने रविवार को प्रेसवार्ता में दी. उन्होंने कहा कि इस बार पंडाल का थीम भारत की सामाजिक सांस्कृतिक और सामाजिक समरसता पर आधारित है. पंडाल म्यांमार का बौद्ध टेंपल की आकृति पर आधारित है. महालया के दिन पंडाल उद्घाटन करने के सवाल पर पूर्व विधायक ने कहा कि ज्यादा से ज्यादा श्रद्धालु और भक्त दर्शन कर सकें इसलिए महालया के दिन से ही पट खोले जा रहे हैं. उन्होंने बताया कि उद्घाटन समारोह की सांस्कृतिक कार्यक्रम सभी धर्मों को दर्शाता सांस्कृतिक कार्यक्रम है. इसमें लोक कलाकार अपनी प्रतिभा दिखाएंगे.

---

## न्यूज अपडेट

### टोल प्लाजा के समीप अनियंत्रित कंटेनर डिवाइडर से टकराई



**घाटशिला ।** धालभूमगढ़ थाना क्षेत्र के कोकपाड़ा टोल प्लाजा के समय रविवार को अनियंत्रित कंटेनर डिवाइडर से टकराकर क्षतिग्रस्त हो गई. घायल कंटेनर की चालक को टोल प्लाजा के एंबुलेंस से अनुमंडल अस्पताल घाटशिला पहुंचाया गया. चालक विक्रम सिंह का इस दुर्घटना में जीभ कट गया है. अनुमंडल अस्पताल में कंटेनर चालक विक्रम सिंह इलाजरत है. घटना के संबंध में विक्रम सिंह ने बताया कि कोलकाता से अलीगढ़ जा रहा था अचानक ब्रेक नहीं लगा जिससे कंटेनर दुर्घटनाग्रस्त हो गई.

### पर्यावरण मित्र व एनएसएस ने कदमडीह में लगाए पौधे



**घाटशिला ।** पर्यावरण मित्र घाटशिला और घाटशिला कॉलेज एनएसएस इकाई के संयुक्त तत्वावधान में रविवारीय विशेष पौधारोपण के तहत प्रो. इंदल पासवान और डा. संदीप चंद्रा के नेतृत्व में कदमडीह फुटबॉल मैदान में 20 फलदार और छायादार पौधे लगाए गए. मैदान के चारों किनारे आम, करंज, नीम, छतनी, आंवला के पौधे लगाए और उसे बांस के जाली बनाकर सुरक्षित किया गया. मैदान के आसपास और नहर के किनारे लगाए गए सभी पौधों की साफ सफाई की गई और खराब हो गए पौधों को बदलकर दूसरे पौधा लगाया. पौधरोपण अभियान में मिहिर भकत, देबू भकत, गोपी भकत, रोहन भकत, हर्षित राज, अशोक भकत, त्रिदेव भकत ने सक्रिय भूमिका निभाई.

### टाटानगर स्टेशन से रंगे हाथ धराया मोबाइल चोर



**जमशेदपुर ।** टाटानगर स्टेशन में यात्री का मोबाइल चोरी कर भाग रहे एक युवक को आरपीएफ की उड़नदस्ता टीम ने पकड़ा. घटना शनिवार की देर रात की है. पूछताछ में युवक ने अपना नाम संटू बताया. आरपीएफ ने उसे जीआरपी के हवाले कर दिया. तलाशी लेने पर उसके पास से एक मोबाइल फोन बरामद हुआ. युवक बागबेड़ा का रहने वाला है. वह पूर्व में परसुडीह थाना से आर्म्स एक्ट और बागबेड़ा से चोरी के मामले में जेल जा चुका है. संटू ने बताया कि प्लेटफार्म नंबर-4 पर खड़े लोकल ट्रेन से एक यात्री का मोबाइल चोरी कर भाग रहा था.

### पूर्व विधायक ने ग्रामीणों संग सुनी मोदी के मन की बात



**घाटशिला ।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मन की बात कार्यक्रम को घाटशिला मंडल के बूथ संख्या 54 में पूर्व विधायक लक्ष्मण टुडू ने रविवार को भाजपा कार्यकर्ताओं तथा आम लोगों के साथ सुना. उन्होंने कहा कि इस कार्यक्रम के आगामी 3 अक्टूबर को दस वर्ष पूरे होने वाले हैं. अब तक इसके माध्यम से प्रधानमंत्री ने देशवासियों को कई विषय से रूबरू कराया. कई अनोखे काम के बारे में चर्चा की. लोगों के अच्छे कार्यों को प्रोत्साहित किया. यह कार्यक्रम अपने आप में ज्ञान का भंडार है. जिससे हर किसी को कुछ न कुछ सीखने को मिलता है. प्रधानमंत्री जनजातीय समुदाय में हो रहे कार्यों की भी बारीकी से नजर रखते हैं. आज उन्होंने संथाली भाषा को लेकर चर्चा की. इस भाषा के डिजिटलीकरण का काम ओडिशा के मयूरभंज जिले के रामजीत टुडू कर रहे हैं.

### सड़क पर जल जमाव व कीचड़ भर जाने से ग्रामीण परेशान



**बहरागोड़ा ।** बहरागोड़ा प्रखंड क्षेत्र में विगत दिनों हुई भारी बारिश के दौरान बरसोल क्षेत्र में कई गांवों में सड़कें पूरी तरह से बंद हो गई हैं. इससे ग्रामीणों का आवागमन भी प्रभावित हो रहा है. ऐसे कई गांव हैं जो बारिश में चारों ओर से पानी से घिर जाने के कारण एक तरह से टापू में तब्दील हो गए हैं. इनमें से एक फुलकुड़िया गांव है. इस गांव में बारिश ने बदतर हालात बना दी है. फुलकुड़िया में वैसे तो गर्मी के मौसम में पानी का विकराल संकट लेकर आती हैं. इस बार ज्यादा बारिश भी संकट लेकर आई है. फुलकुड़िया से भागाकुली तक जाने वाले रास्ते पर इन दिनों जोरदार बारिश के कारण लगभग एक किमी तक कीचड़ हो गया है.

### आईआईएमएम जमशेदपुर चैप्टर की हुई वार्षिक आम बैठक



**आदित्यपुर ।** इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ मटेरियल्स मैनेजमेंट जमशेदपुर चैप्टर ने शनिवार की देर शाम अपनी वार्षिक आम बैठक (एजीएम) का आयोजन किया. इस कार्यक्रम में 100 से अधिक सदस्यों और राष्ट्रीय परिषद के सम्मानित सदस्यों के साथ जमशेदपुर की कार्यकारी समिति के सदस्यों ने भाग लिया. बैठक में मुख्य अतिथि के रूप में एक्सएलआरआई के प्रोफेसर राजीव मिश्रा और विशिषट अतिथि के रूप में राष्ट्रीय परिषद के पूर्वी क्षेत्र के उपाध्यक्ष राणा दास मौजूद थे. बैठक में राष्ट्रीय परिषद के कई सदस्य और अध्यक्ष सिद्धार्थ दास भी मौजूद थे. आईएमएम जमशेदपुर के मानद सचिव डॉ. निलेश कुमार मिश्रा ने चैप्टर की पूरे वर्ष की गतिविधियों पर प्रकाश डाला.

### बेहतर प्रबंधन करने वाली कमिटी होगी सम्मानित : बीडीओ



**डुमरिया ।** डुमरिया थाना परिसर में शनिवार शाम को शांति समिति की बैठक हुई. प्रखंड विकास पदाधिकारी (बीडीओ) निलेश कुमार मुर्मू ने उपस्थित दुर्गापूजा कमिटी के सदस्यों से कहा कि दुर्गापूजा का आयोजन व्यवस्थित तरीके से करें. श्रद्धालुओं को किसी भी प्रकार की असुविधा नहीं हो, इसके लिए समुचित प्रबंध किया जाये. उन्होंने कहा कि शांति और सौहार्द के साथ दुर्गापूजा आयोजन में सभी कमिटी तत्पर रहें. बेहतर प्रबंधन करने वाले कमिटी को पुरस्कृत और सम्मानित किया जायेगा. पुलिस इंस्पेक्टर संजय जगन मूर्ति ने कहा कि किसी भी प्रकार की अफवाह की सूचना प्रशासन को दें. प्रशासन की ओर से आवश्यक कार्रवाई की जायेगी. मौके पर थाना प्रभारी सुगना मुंडा, प्रमुख गंगामनी हांसदा, बसंत मदिना, मिर्जा सोरेन, भगत बास्के, संजीत महापात्र, नित्यानंद साव, गौरी शंकर दास, सुरेश कुमार साव, अवनी कुमार साव, मुखिया सुरेश चंद्र हेंब्रम आदि उपस्थित थे.

## विधायक कल्पना सोरेन से मिले समाजसेवी डॉ. विजय



**चक्रधरपुर।** मंईयां सम्मान यात्रा को लेकर कोल्हान दौरे पर पहुंची मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की पत्नी सह गांडेय विधायक कल्पना सोरेन के चाईबासा पहुंचने पर चक्रधरपुर के पीपुल्स वेल्फेयर एसोसिएशन के सचिव डॉ. विजय सिंह गागराई ने चाईबासा परिसदन में उनसे मुलाकात की. समाजसेवी डॉ. विजय सिंह गागराई ने विधायक कल्पना सोरेन को फूलों का गुलदस्ता देकर स्वागत किया. समाजसेवी डॉ. विजय सिंह गागराई ने अपने सामाजिक संगठन पीपुल्स वेल्फेयर एसोसिएशन के तत्वावधान में चलाये जा रहे सामाजिक कार्यों के बारे में अवगत कराया. मौके पर पीपुल्स वेल्फेयर एसोसिएशन के अन्य सदस्य मौजूद थे.

## फरार चल रहे भाजपा के पूर्व मंडल अध्यक्ष के घर पुलिस ने चिकपाया इस्तेहार



**चांडिल।** कथित हत्या के एक मामले में फरार चल रहे आरोपी भाजपा के पूर्व मंडल अध्यक्ष खगेन महतो के लेंगडीह स्थित मकान में चांडिल थाना की पुलिस ने इस्तेहार चिपकाया है. थाना प्रभारी वरूण यादव पुलिस बल के साथ डुगडुगी बजाते हुए खगेन महतो के मकान तक पहुंचे और लोगों की उपस्थिति में इस्तेहार चिपकाया. हत्या के आरोपी नामजद अभियुक्त खगेन महतो को लंबे समय से फरार रहने के कारण उसके मकान में पुलिस ने इस्तेहार चिपकाया है. विदित हो कि चांडिल थाना क्षेत्र के रावताड़ा निवासी 19 वर्षीय छात्र करण महतो की हत्या के आरोप में मृतक के परिजनों ने उसे नामजद अभियुक्त बनाया है.

## हो शॉर्ट फिल्म प्लान बी का पोस्टर लांच किया गया



**चाईबासा।** रविवार हैंगआउट तांबो में कोल्हान हो फिल्म्स एंड म्यूजिक एसोसिएशन की गुरा सिंकू की अध्यक्षता में आमसभा बैठक हुई. बैठक में एसोसिएशन की ओर सामाजिक मुद्दों पर आधारित हो शॉर्ट फिल्म प्लान बी का पोस्टर लांच किया गया है. यह फिल्म 4 अक्टूबर को हो दिसुम यूट्यूब चैनल पर रिलीज होगी. इस फिल्म के निर्माता जेम्स बेल्जियम देवगम ने कहा कि हम समाज को शॉर्ट फिल्म के जरिए संदेश देना चाहते हैं कि आज की युवा पीढ़ी सोशल मीडिया में जो भी घटनाएं घटित होती हैं उनसे बहुत ज्यादा प्रभावित होती है. इसका सीधा असर समाज पर होता है. एसोसिएशन के अध्यक्ष मधुसूदन बानरा ने कहा कि हम सभी कलाकार अगर एक मंच पर नहीं आएंगे तो आने वाले भविष्य हमारे लिए अंधकारमय होगा. इसलिए जितने भी स्थानीय कलाकार हैं सभी को संगठित रहने की जरूरत है. मौके पर ऑल इंडिया हो फिल्म्स एसोसिएशन के अध्यक्ष सुरा बिरुली संजय सरील देवगम,जेम्स देवगम, श्याम कुदादा, लाल दिग्गी, बुरु हो, सत्यजीत सुंडी, डोबरो पुरती, विकास उगुरसांडी, तुराम सुंडी, प्रधान तामसोय, अभिषेक मुखी, बिंग विक्रम बिरूली, सूर्या जामुदा, सोना सुलेमान हासदा, मानी माई आदि उपस्थित थे.

## लक्ष्य निर्धारित कर युवा आगे बढ़ें : डॉ. विजय सिंह



**चक्रधरपुर।** लक्ष्य निर्धारित कर युवा वर्ग आगे बढ़ें, अवश्य सफलता मिलेगी. यह बात पीपुल्स वेल्फेयर एसोसिएशन के सचिव डॉ. विजय सिंह गागराई ने कहीं. वे रविवार को चक्रधरपुर के सरस्वती शिशु विद्या मंदिर, तुलसी भवन में वाडो रियु स्पोर्ट्स कराटे स्कूल के तत्वावधान में 8वीं राज्य स्तरीय आमंत्रण कराटे प्रतियोगिता के समापन समारोह में बतौर मुख्य अतिथि संबोधित कर रहे थे. सरस्वती शिशु विद्या मंदिर के अध्यक्ष उमा शंकर गिरि ने कराटे प्रतिभागियों का हौसला बढ़ाया. प्रतियोगिता के समापन पर काता समेत अन्य स्पर्धाएं आयोजित की गयी. इसमें प्रतिभागियों ने अपना दमखम दिखाया.

### ईचागढ़ विधानसभा क्षेत्र के नीमडीह प्रखंड के गांवों में जंगली हाथियों का उत्पात जारी, ग्रामीण परेशान

# जामडीह में हाथी ने घर की दीवार व दुकान का शटर तोड़ा

- तीन दिन पहले कदला पहाड़ पर 14 हाथियों का देखा गया था झुंड, एक हाथी बिछड़ा

**संवाददाता । चांडिल**

ईचागढ़ विधानसभा क्षेत्र में जंगली हाथियों का उत्पात बदस्तूर जारी है. शनिवार की देर रात जंगली हाथियों ने नीमडीह प्रखंड अंतर्गत जामडीह गांव में संजय दास के मकान के बाहर की दीवार और दुकान का शटर तोड़ दिया. हालांकि इस दौरान किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है. इस क्षेत्र में पिछले कई दिनों से जंगली हाथी अपनी उपस्थिति दर्ज करा रहे हैं. तीन दिन पहले कदला पहाड़ पर 14 हाथियों का झुंड देखा गया था. बताया जा रहा है कि उसी झुंड में से एक हाथी बिछड़ कर जामडीह, जुगिलोंग, कुशपुतुल, सीधागोड़ा आदि क्षेत्र में घूम रहा है. जंगली हाथियों की समस्या का समाधान नहीं होने के कारण गरीब किसानों के बीच वन विभाग के पदाधिकारी, जनप्रतिनिधि और सरकार के प्रति नाराजगी देखी जा रही है. लोगों का कहना है कि दलमा वन्य जीव आश्रयणी के निकट रहने के बावजूद जंगली हाथियों का झुंड पलायन कर आबादी वाले क्षेत्र में डेरा डाल रहा है. ईचागढ़ विधानसभा क्षेत्र में जंगली हाथियों की समस्या अब विकराल रूप ले लिया है. जंगली हाथियों के कारण क्षेत्र में सामान्य जनजीवन अस्त-व्यस्त हो रहा है. जंगली हाथियों के कारण स्थानीय लोंगो का जीवन प्रभावित होने लगा है. हाथी जंगल को छोड़कर गांव में प्रवेश कर रहे हैं और जान-माल को नुकसान पंहुचा रहे हैं. आए दिन जंगली हाथी खेतों में लगी फसलों को अपना आहार बनाकर और रौंदकर नुकसान पहुंचा रहे हैं. इससे किसानों में नाराजगी है. जंगली हाथी किसानों के साल भर की मेहनत को एक ही रात में बर्बाद कर रहे हैं. हाथियों के उत्पात के कारण लोग शाम ढलते ही अपने घरों में दुबक रहे हैं. शाम होते ही हाथियों का झुंड जंगल-झाड़ियों से उतर कर गांव में प्रवेश कर जाता है.



नीमडीह प्रखंड के जामडीह गांव में संजय दास के मकान की हाथी द्वारा तोड़ी गई दीवार.

# चांडिल में 12 नवंबर से होगा 28वां श्री श्याम जन्मोत्सव



श्री श्यामकला भवन की बैठक में उपस्थित सदस्य.

**संवाददाता । चांडिल**

श्री श्याम कला भवन के सह संयोजक दुर्गा चौधरी की अध्यक्षता में रविवार को 28वां श्री श्याम जन्म महोत्सव को लेकर श्याम मंदिर भवन चांडिल में बैठक हुई. बैठक में 12 नवंबर से होने वाले तीन दिवसीय 28वां श्री श्याम जन्मोत्सव को लेकर विचार-विमर्श किया गया. निर्णय लिया गया कि इस वर्ष जन्मोत्सव में होने वाले भजन संध्या के लिए दिल्ली, जयपुर, कोलकाता और मुंबई से प्रसिद्ध भजन गायकों को आमंत्रित किया जाएगा. इसके अलावा दिल्ली की प्रसिद्ध नृत्य नाटिका टीम को भी आमंत्रित किया जाएगा. कला भवन के अध्यक्ष संजय चौधरी ने कहा कि प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष महोत्सव को धूमधाम से मनाया जाएगा. श्याम कला भवन में एकादशी के अवसर पर भजन संध्या का आयोजन किया गया. मौके पर स्थानीय भजन गायक रवि शर्मा ने कई भावपूर्ण भजन प्रस्तुत किए.

### मनोहरपुर रेलवे स्टेशन से मानव तस्कर को रस्सी से बांध ले गये सारंडा

# ग्रामीणों ने मानव तस्कर से नाबालिग लड़की को बचाया

- धराए युवक से ग्रामीण अन्य गायब नाबालिग लड़कियों के बारे में करेंगे पूछताछ

**संवाददाता । किरीबुरु**

मनोहरपुर रेलवे स्टेशन से 29 सितम्बर की दोपहर लगभग 12 बजे मानव तस्कर टुपरा कोड़ा पिता पोगोड कोड़ा को सारंडा के ग्रामीणों ने पकड़ रस्सी से बांध पूछताछ के लिए अपने साथ सारंडा ले गये. टुपरा कोड़ा टोंटो थाना अन्तर्गत बियूबेड़ा गांव का निवासी है. वह सारंडा व कोल्हान रिजर्व वन क्षेत्र के गावों से निरंतर गरीब आदिवासी नाबालिग युवतियों को बहला-फुसलाकर बडे.

मानव तस्करों के सहयोग से अन्य राज्यों में भेजता है. इसके एवज में उसे मोटी कमाई होती है. रविवार को भी वह दुईया व बियूबेड़ा गांव की दो नाबालिग युवतियों को अन्यत्र भेजने वाला था. इसी दौरान स्टेशन से एक युवती के साथ पकड़ा गया. सारंडा के गंगदा पंचायत के विभिन्न गांवों के ग्रामीण रविवार को मुखिया राजू सांडिल के पास पहुंचे.

उन्हें बताया की उनकी नाबालिग लड़कियों को उक्त मानव तस्कर बिना जानकारी के घर से गायब कर अन्यत्र भेज रहा है. इसके बाद मुखिया राजू सांडिल, घाटकुड़ी मुंडा भोंज चाम्पिया, बियूबेड़ा, दुईया के 8-10 ग्रामीण मनोहरपुर रेलवे स्टेशन, बस स्टैंड आदि स्थानों पर खोजबीन की, लेकिन सफलता नहीं मिली. इस बीच उन्हें जानकारी मिली कि 12 बजे मनोहरपुर स्टेशन से इस्पात ट्रेन खुलेगी. इसके बाद सभी छुप कर स्टेशन में नजर रखने लगे. इसी दौरान उक्त मानव तस्कर को बियूबेड़ा गांव की नाबालिग युवती के साथ ग्रामीणों ने पकड़ लिया. युवती को छोड़ ग्रामीण पूछताछ हेतु मानव तस्कर को अपने साथ अन्यत्र ले गये हैं, ताकि सभी युवतियों को बरामद कर उनके परिजनों को सौंपा जा सके. ग्रामीणों ने बताया की बियूबेड़ा निवासी मानव तस्कर अन्य राज्यों के बडे. मानव तस्करों के साथ मिलकर गरीब युवक-युवतियों की मानव तस्करी कर अन्य राज्यों में भेज रहे हैं. इसके एवज में उसे मोटी रकम मिलती है. ग्रामीणों ने बताया कि पहले भी घाटकुड़ी व अन्य क्षेत्र की कई युवतियों को वह मानव तस्करी कर बाहर भेजा है. ये युवतियां वहां मजदूरी करती हैं, लेकिन पैसा युवतियों या उनके अभिभावक को नहीं देकर अपने पास रख लेता है.



मानव तस्कर को बांधकर ले जाते ग्रामीण.

## बैठक में भाईचारा से दुर्गा पूजा मनाने का निर्णय



**किरीबुरु।** किरीबुरु थाना में थाना प्रभारी मुनाजीर हसन की अध्यक्षता में शांति समिति की बैठक हुई. बैठक में थाना प्रभारी ने सभी पूजा कमिटी को हाईकोर्ट के निर्देशों का पालन करने के लिए कहा. उन्होंने नशापान नहीं करने, डीजे नहीं बजाने, सभी दुर्गा पूजा पंडाल में अग्निशमन यंत्र, अधिकारियों व आपातकालीन नम्बर को डिस्प्ले करने, महिला एवं पुरुष के लिये अलग-अलग गेट बनाने का निर्देश दिया. सभी दुर्गा पूजा पंडालों में भक्ति गीत बजेंगे और रात 10 बजे के बाद साउंड पूरी तरह बंदी रहेगा. रावण दहन कार्यक्रम 13 अक्टूबर को मेघाहातुबुरु मैदान में होगा. मेघाहातुबुरु, प्रोस्पेक्टिंग एवं मुर्गापाड़ा कमिटी का मूर्ति विसर्जन 14 अक्टूबर को, किरीबुरु का 12 अक्टूबर को होगा. बैठक में मेघाहातुबुरु कमिटी के सचिव डीसी परीडा, किरीबुरु के अध्यक्ष सुरेश पात्रो, सचिव सूरज सिंह, मुर्गापाड़ा कमिटी के सचिव कुशो करुवा, प्रोस्पेक्टिंग कमिटी के चतुर्भुज पुथाल, जलेश्वर गिरि, अनिल पांडेय, पंसस मुक्ता मुंडू, वीरेन्द्र मिश्रा, प्रफुल्ल मंडल, दयानन्द कुमार आदि दर्जनों शामिल थे.

## न्यूज अपडेट

### मोटरसाइकिल दुर्घटना में युवक गंभीर रुप से घायल



**किरीबुरु।** प्रोजेक्ट सेंट्रल स्कूल, किरीबुरु के समीप मोटरसाइकिल दुर्घटना में चर्च हाटिंग निवासी सुरेश कान्डियन गंभीर रुप से घायल हो गया. यह घटना 29 सितम्बर की दोपहर लगभग 12.15 बजे की है. सड़क पर युवक को खून से लथपथ बेहोशी की हालत में पड़ा देख किरीबुरु-मेघाहातुबुरु के कुछ युवाओं ने इंसानियत की मिसाल पेश करते हुये तत्काल उसे अन्य वाहन पर लोड कर सेल अस्पताल किरीबुरु पहुंचाया. वहां चिकित्सकों द्वारा इलाज किया गया. सुरेश के चेहरे में गंभीर चोटे आयी हैं. उसका नाक व चेहरे की हड्डी टूटकर अंदर घुस गई है. उसकी गंभीर स्थिति को देख चिकित्सक ने बेहतर इलाज हेतु परिजनों को अन्यत्र ले जाने की बात कही है. गंभीर रुप से घायल सुरेश नशे की स्थिति में मोटरसाइकिल चलाने के दौरान दुर्घटनाग्रस्त हुआ है. परिजन काफी गरीब हैं.

### टोंटो गांव के धोनी आश्रम में चार शौचालय का शिलान्यास



**चाईबासा।** पांचवीं वित्त योजना के तहत सदर प्रखंड अंतर्गत टोंटो गांव स्थित धोनी आश्रम परिसर में जिला परिषद सदस्य लालमुनी पूर्ति ने चार शौचालय का रविवार को फीता काट कर शिलान्यास किया. उन्होंने शिलापट का अनावरण भी किया. लालमुनी पूर्ति ने कहा कि धोनी आश्रम के पुजारी जूनाय बानरा और अर्जुन बानरा के निवेदन पर आश्रम परिसर में चार शौचालय का निर्माण कराया जा रहा है. इसमें दो महिलाओं और दो पुरुषों के लिए है. आश्रम में आने वाले महिला और पुरुषों श्रद्धालुओं को शौच और लघुशंका के लिए काफी परेशानी हो रही थी. इस अवसर पर धोनी आश्रम के पुजारी जुनाय बानरा, अर्जुन बानरा, लक्ष्मण राम, विशाल यादव, विजय देवगन, गंगाराम बिरुली, महिला और पुरुष उपस्थित थे.

### कुकड़ू में सात दिवसीय भागवत कथा महायज्ञ शुरू



**चांडिल।** चांडिल अनुमंडल क्षेत्र अंतर्गत कुकड़ू प्रखंड कार्यालय के समीप स्थित बजरंगबली मंदिर प्रागंण में रविवार से सप्ताह व्यापी चलने वाले श्रीमद्भागवत कथा महायज्ञ का शुभारंभ हुआ. सात दिवसीय श्रीमद्भागवत कथा के शुभारंभ के पूर्व भव्य कलश यात्रा निकाली गई. कलश यात्रा में बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए. कलश स्थापना के बाद अनुष्ठान का शुभारंभ हुआ. अनुष्ठान का शुभारंभ आजसू नेता सह पूर्व जिला परिषद उपाध्यक्ष अशोक साव ने फीता काटकर किया. कुकड़ू ग्राम सोलहआना कमेटी की ओर से आयोजित इस अनुष्ठान में कथावाचक के रूप में श्रीधाम वृंदावन, राधाकुंड, उत्तर प्रदेश के पंडित मुरलीधर दास शास्त्री शामिल हो रहे हैं.

### चक्रधरपुर : रक्तदान शिविर में 144 यूनिट रक्त संग्रह किया




**चक्रधरपुर।** चक्रधरपुर के वनमालीपुर स्थित विधायक सुखराम उरांव के आवास में रविवार को लट्टू उरांव कल्याण समिति व दिशोम गुरु आशीर्वाद योजना के तत्वावधान में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया. रक्तदान शिविर का उद्घाटन झारखंड आंदोलनकारी चिन्हितिकरण आयोग के अध्यक्ष भुवनेश्वर महतो, लट्टू उरांव कल्याण समिति के सचिव नवमी उरांव तथा दिशोम गुरु आशीर्वाद योजना के अध्यक्ष सन्नी उरांव ने दीप प्रज्ज्वलित कर किया. इस शिविर में रक्तदाताओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया. शिविर में कुल 144 यूनिट रक्त संग्रह किया गया. इस मौके पर चाईबासा ब्लड बैंक और सूर्या नर्सिंग होम के स्वास्थ्यकर्मी मौजूद थे. शिविर में 35 नये लोगों ने रक्तदान किया.

# सूर्या नर्सिंग कॉलेज का रिजल्ट शत-प्रतिशत हुआ



सूर्या नर्सिंग कॉलेज में सफल छात्राओं के साथ शिक्षक शिक्षिकाएं.

**संवाददाता । चक्रधरपुर**

झारखंड नर्सेज काउंसिल द्वारा आयोजित परीक्षा में चक्रधरपुर की सूर्या नर्सिंग कॉलेज का रिजल्ट शत-प्रतिशत रहा. परीक्षा में कॉलेज की सभी छात्राएं बेहतर अंक से उत्तीर्ण हुई हैं. इसमें एएनएम द्वितीय वर्ष की परीक्षा में कॉलेज की छात्रा तिलोतमा महतो ने 93 प्रतिशत प्राप्त किया. रिजल्ट शत-प्रतिशत होने पर कॉलेज के डायरेक्टर सह हेल्थ सोसाइटी के सचिव गौरी शंकर महतो ने सभी सफल छात्राओं को बधाई दी है. कॉलेज के प्रबंधक नरसिंह महतो व प्रचार्य मीनु मीनाक्षी तिर्की ने भी सभी छात्राओं की सफलता पर कहा कि शिक्षकों के बेहतर मागदर्शन व छात्राओं की लगन के कारण यह सफलता प्राप्त हुई है. छात्राएं इसी तरह परीक्षा में बेहतर परिणाम लाकर कॉलेज व क्षेत्र का नाम रौशन करें.

**कॉलेज की टॉपर**

**एएनएम द्वितीय वर्ष :** तिलोतमा महतो : 93 प्रतिशत, सुषमा सुंडी : 92 प्रतिशत, रिंकी कुमारी महतो : 92 प्रतिशत, अनामिका सोय : 91 प्रतिशत. **एएनएम प्रथम वर्ष :** रेशमी जारिका : 90 प्रतिशत, जसिंता कांडेयांग : 89 प्रतिशत, खुशबू महतो : 88 प्रतिशत. **जीएनएम प्रथम वर्ष :** पालो पूर्ति : 88 प्रतिशत, रितु हापदगारा : 86 प्रतिशत, अंजलि महतो : 86 प्रतिशत, रानी महतो : 85 प्रतिशत.

# नकली शराब बनाते चार लोगों को पुलिस ने किया गिरफ्तार

### एसपी के निर्देश पर चांडिल थाना पुलिस चलाया छापामारी अभियान

**संवाददाता । चांडिल**

सरायकेला-खरसावां जिला पुलिस अधीक्षक (एसपी) के निर्देश पर चांडिल थाना की पुलिस ने रविवार तड़के अवैध विदेशी शराब की खरीद बिक्री व नकली शराब बनाने के विरुद्ध अभियान चलाया. इस दौरान पुलिस ने चार लोगों को गिरफ्तार किया है. इसके साथ पुलिस ने बड़ी मात्रा में अवैध शराब और नकली शराब बनाने में उपयोग में लाए जाने वाली सामग्री बरामद की है. चांडिल के एसडीपीओ सुनील कुमार रजवार और थाना प्रभारी वरूण यादव ने बताया कि गिरफ्तार अभियुक्तों में एक पर उत्पाद अधिनियम के तहत पूर्व से मामला दर्ज है.

उन्होंने कहा कि चांडिल थाना अंतर्गत जरियाडीह स्थित कैनाल के सामने एक बंद मकान में छापामारी की गयी. उक्त मकान से भारी मात्रा में अवैध नकली विदेशी शराब और शराब बनाने के लिए उपयोग में लाने वाली अन्य समाग्री बरामद की गई. मौके पर अवैध विदेशी शराब बना रहे संचालक और उसके सहयोगियों को गिरफ्तार किया गया है. गिरफ्तार अभियुक्तों में चिलगु के रहने वाले 45 वर्षीय रामनाथ गोप उर्फ कालिया गोप व 35 वर्षीय कालीपदो गोप, भुइयांडीह के रहने वाले 24 वर्षीय राहुल तंतुबाई और 21 वर्षीय कार्तिक कालिंदी शामिल है.

छापामारी अभियान में नकली विदेशी शराब ब्लैक टाइगर (375 एमएल) का कुल 300 पीस, नकली विदेशी शराब ब्लैक हॉर्स (750 एमएल) का कुल 125 पीस, 20 लीटर के 20 प्लास्टिक जार में भरा नकली विदेशी शराब कुल चार सौ लीटर तैयार किया हुआ. ब्लैक हॉर्स का 70 पीस रेपर, प्लास्टिक का खाली बोतल 750 एमएल का कुल 400 पीस, 750 एमएल का प्लास्टिक का काला ढकन कुल 200 पीस, 200 लीटर का हरा ड्राम कुल दो पीस, 20 लीटर का प्लास्टिक का पांच खाली जार, नल लगा दो छोटा जार, खाली कार्टून कुल 150 पीस आदि बरामद किया गया.



चांडिल थाना में जानकारी देते एसडीपीओ व पीछे खड़े गिरफ्तार अभियुक्त.

**कार्यक्रम** 

### सेल के किरीबुरु लौह अयस्क खदान में हिन्दी पखवाड़ा का समापन, प्रतियोगिता के विजेताओं का किया गया पुरस्कृत

# हिन्दी हृदय की भाषा है, हिन्दी से सारे विश्व को पिरोया जा सकता है : कमलेश राय

**संवाददाता । किरीबुरु**

सेल, किरीबुरु लौह अयस्क खदान प्रबंधन के तत्वावधान में सामुदायिक भवन प्रांगण में 28 सितम्बर की रात राजभाषा हिन्दी पखवाड़ा का समापन समारोह आयोजित किया गया. कार्यक्रम का उद्घाटन बतौर मुख्य अतिथि सीजीएम कमलेश राय एवं सुनीता राय, विशिष्ट अतिथि सीजीएम श्याम सुन्दर साह, महाप्रबंधक राम सिंह, उदय भान सिंह राठौर, सहायक महाप्रबंधक रमेश सिन्हा, रथिन विश्वास ने दीप प्रज्ज्वलित कर किया. समारोह में कमलेश राय ने कहा कि हृदय की कोई भाषा नहीं होती, हृदय से बात करता है और हिन्दी हृदय की भाषा है. हिन्दी से सारे भारत व विश्व को एक सूत्र में पिरोया जा सकता है. हिन्दी वह सभी गुणों से अलंकृत है, जिनके बल पर वह विश्व की साहित्यिक भाषाओं की अगली श्रेणी में सभासीन हो सकती है. इस दौरान उक्त अतिथियों ने भी अपने-अपने विचार प्रकट किये. कार्यक्रम के दौरान विभिन्न स्कूलों के बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत कर लोगों का मन मोह लिया.

हिन्दी पखवाड़ा के दौरान विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन हुआ था, जिसके विजेताओं को पुरस्कृत किया गया. इसमें पेंटिंग प्रतियोगिता नर्सरी से 2 वर्ग में सूर्य प्राताप सिंह, श्रेयश कुमार साहु, प्रणव मंडल, आमर्या कुल्लु, वर्ग 3 से 5 तक में सौप्तीक सरदार, आरुशी प्रसाद, अनुष्का गोप, प्रियान राज, वर्ग 6 से 8 तक में ज्योति बिरुआ, श्रेयांस पंडा, रितिका सिंह, कंचन साव क्रमशः प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान पर रहे. वाद विवाद प्रतियोगिता में वर्ग 6 से 8 तक में सारांश सीतिचंदन, श्रीयश सौर्य, प्राकृति चक्रावर्ती, सोहन पात्रो, वर्ग 9 से 10 तक में आभा कुमारी, रानी कुमारी, प्रगति सिंह, संध्या शेट्टी पुरस्कृत किये गये. वर्ग 11 से 12 तक में अनुषा अबरार, शीतल कुमारी, भूमि कुमारी, द्रोपदी पान, निबंध प्रतियोगिता वर्ग 6 से 8 तक में गीतिका सिंह, साथार सिंह, श्रेयांस पंडा, विशाल पान, वर्ग 9 से 10 तक में रानी कुमारी, तृप्ति झा, प्रगाते सिंह, अनुष्का यादव, वर्ग 11 से 12 तक में शीतल कुमारी, मुश्कान भारती, दुर्गेश्वरी कुमारी, अर्पिता यादव पुरस्कृत किये गये.

कविता- पाठ प्रतियोगिता एलकेजी तथा नर्सरी वर्ग में दिव्यांका, आध्या कुमारी, प्रणव मंडल, अगस्ती बालमुचु, सान्वी शर्मा, श्रेयांश कुमार साहू, वर्ग 1 से 2 तक में दिप्ती महतो, सान्वी कुमारी, आकृति मिश्रा, साक्ष सात्विक, वर्ग 3 से 5 तक में आशीष मिश्रा, आदर्श कुमार, मिहीर महान्ता, अक्षत मुखर्जी पुरस्कृत किये गये. वर्ग 6 से 8 तक में अंशिका कुमारी, रिशिका कश्यप, रीतीका सिंह, साकार सिंह, निबंध प्रतियोगिता में संजीव कुमार सिंह, राजीव लोचन महांता, मुकेश कुमार ठाकुर, भाषण प्रतियोगिता में सुनील कुमार पासवान, मुकेश कुमार ठाकुर, संजीव कुमार सिंह, कार्यालयीन पत्र लेखन प्रतियोगिता में मुकेश कुमार ठाकुर, यूबीएस राठौर, अमरजीत महतो, श्रुतिलेख प्रतियोगिता में अमरजीत महतो, मुकेश कुमार ठाकुर, यूबीएस राठौर को पुरस्कृत किया गया. क्विज प्रतियोगिता में गंगा ग्रुप से राजीव लोचन महांता, यूबीएस राठौर, सुनील कुमार पासवान (प्रथम), त्राप्ति ग्रुप से रोहित टोप्पो, मुकेश कुमार ठाकुर, के. सी. शतपती (द्वितीय), गोदावरी ग्रुप से संतोष कुमार, अमरजीत महतो, सोन सौरभ तिवारी (तृतीय) स्थान पर रहे. कविता पाठ में पॉली पाण्डे, राजश्री भारती, सरोजनी महानंता, सुप्रिया सिंह, हिन्दी में सर्वाधिक कार्य के लिए एनसी बेहेरा, निरल कंडुलना को क्रमशः प्रथम, द्वितीय, तृतीय व सांत्वना पुरस्कार दिया गया. इस दौरान रोहित टोप्पो, प्रवीण कुमार, इप्सिता सेठी, कुमारी अनिता, कुंदन झा आदि सैकड़ों लोग मौजूद थे.




दीप प्रज्वलित करते सीजीएम कमलेश राय और उपस्थित अन्य लोग.



हिन्दी पखवाड़ा के समापन समारोह में उपस्थित सेल के कर्मचारी.

शुभम संदेश की टीम ने क्षेत्र के कई गांवों का दौरा कर आम लोगों से बातचीत की

# सदर विस क्षेत्र से भाजपा के दो दावेदारों पर खूब हो रही चर्चा

**शुभम संदेश ग्राउंड रिपोर्ट**

**किसी ने प्रदीप प्रसाद को सराहा तो किसी ने श्रद्धानंद को**

प्रमोद उपाध्याय/खुशबू कुमारी

जैसे-जैसे विधानसभा चुनाव नजदीक आ रहा है, सदर विधानसभा क्षेत्र में संभावित उम्मीदवारों लेकर चर्चा जोर पकड़ने लगी है. शहर सेगांव के चौक चौराहे तक लोग इस बारे में अपनी पसंद जाहिर कर उनकी तारीफों के पुल बांध रहे हैं.

वहीं इस संबंध में शुभम संदेश की टीम ने बीते दिनों क्षेत्र के कई गांवों का दौरा कर आम लोगों से बातचीत की, जिसमें राकेश कुमार, महेश डांगी, रूपेश कुमार, संतोष कुमार, सुमन कुमारी, रेखा कुमारी, मुकेश सिंह, रोशन कुमार, दिलीप पांडे आदि लोगों ने बताया कि सदर विधानसभा क्षेत्र से भाजपा के टिकट के कई दावेदार हैं, लेकिन जनता की निगाहों में दो नाम सबसे ऊपर हैं. इनको क्षेत्रीय लोग भली-भांति जानते हैं और यही दोनों चेहरे ऐसे हैं जो क्षेत्र का विकास करवा सकते हैं. ये दोनों चेहरे ऐसे हैं जो बिना चुनाव जीते हुए भी अपने निजी फंड से आम लोगों का सहयोग करते रहते हैं, हर समस्या में साथ खड़ा रहते हैं. ये जात-पात की जगह जनता के हक की लड़ाई अधिकारियों से लड़ते हैं.

### लोग पहली पसंद के रूप में प्रदीप प्रसाद को देख रहे



लोगों ने शुभम संदेश की टीम से उक्त दोनों नामों प्रदीप प्रसाद और श्रद्धानंद का खुलासा करते हुए कहा कि ये दोनों बड़े घरानों से आते हैं, जो काफी पढ़े लिखे भी हैं. इन दोनों के पास चुनाव लड़ने की क्षमता भी है और पिछली बार सदर विधानसभा क्षेत्र प्रदीप प्रसाद ने चुनाव लड़ा था. उस वक्त जब नामांकन करवाने के लिए जा रहे थे, सभी प्रखंडों से हजारों की संख्या में लोग प्रदीप प्रसाद के सहयोग में निकले थे. प्रदीप प्रसाद ने बड़ी-बड़ी पार्टियों को पसीना निकल दिया था. हालांकि चुनाव में प्रदीप प्रसाद हार गए थे और भाजपा की जीत हुई थी.

### श्रद्धानंद का अनुभव पड़ सकता है दावेदारों पर भारी



वहीं बात श्रद्धानंद की करें तो ये पिछले 30 वर्षो से भाजपा के लिए काम करते हैं और आरएसएस कार्यकर्ता रूप में क्षेत्र में जान जाते हैं. लोगों की नजर में श्रद्धानंद भाजपा के लिए एक बड़े अनुभवी उम्मीदवार हो सकते हैं. ये शहर के बड़े व्यवसाय करते हैं. इसके साथ ही ये छोटे-छोटे किसानों के बीच हमेशा खड़े रहते हैं. सदर विधानसभा क्षेत्र के एक-एक व्यक्ति से इनकी पहचान है. सदर विधानसभा क्षेत्र से भाजपा से कई अन्य भी टिकट के दावेदार हैं जो क्षेत्र में कुछ महीने से काफी मेहनत कर रहे हैं. पसीना बहा कर टोला, गांव, कस्बे में जा-जाकर भाजपा का प्रचार कर रहे हैं. ऐसे में यह देखने वाली बात होगी कि आखिर बीजेपी किसको टिकट देती है. आम लोग भी उम्मीदवार के नाम की घोषणा होने का इंतजार कर रहे हैं.

# सैकड़ों लोग विभिन्न पार्टियों को छोड़कर आजसू पार्टी में शामिल

**खास बातें**

- आजसू पार्टी की केरेडारी पंचायत युवा कमिटी का गठन
- अध्यक्ष प्रमोद कुमार व सचिव राजेश जैक्शन बने

संवाददाता। केरेडारी



कार्यक्रम के दौरान आजसू पार्टी में शामिल हुए लोग.

प्रखंड के डाक बंगला (बाजार टांड) केरेडारी में आयोजित आजसू पार्टी के कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि पार्टी के बड़कागांव विधानसभा प्रभारी रोशनलाल चौधरी की उपस्थिति में कार्यक्रम में प्रतिमा देवी और प्रमोद कुमार, राजेश कुमार के नेतृत्व में सैकड़ों लोग विभिन्न पार्टियों को छोड़कर आजसू पार्टी में शामिल हुए. सभी नए सदस्यों को मुख्य अतिथि ने विधिवत पार्टी में शामिल कराया. इस अवसर पर आजसू पार्टी की गिरधारी पंचायत युवा कमेटी का गठन किया गया, जिसमें सर्व समिति से अध्यक्ष प्रमोद कुमार, सचिव राजेश जंक्शन, कोषाध्यक्ष मिथिलेश कुमार, सहसचिव जगन्नाथ कुमार और उपाध्यक्ष विक्रम कुमार को बनाया गया. मौके पर मुख्य रूप से केंद्रीय सदस्य पंकज साहा, हजारीबाग जिला प्रवक्ता रविशंकर जायसवाल, प्रखंड सहसचिव विनोद गंझु, उपाध्यक्ष प्रमोद कुशवाहा, कंचन यादव, विनोद सिंह, विकास कुमार उपस्थित थे.

**ब्रीफ खबरें**

### बिजली माफी प्रमाण पत्र का किया वितरण

**चतरा।** झारखंड सरकार द्वारा "मुख्यमंत्री ऊर्जा खुशहाली योजना' के तहत चतरा जिला अंतर्गत सभी प्रखंडो के बिजली उपभोक्ताओं के बीच बिजली माफी प्रमाण पत्र का वितरण किया गया. विद्युत कार्यपालक अभियंता चतरा द्वारा बताया गया कि सरकार द्वारा घरेलू उपोभोक्ताओं के 200 यूनिट के माफी के साथ उनके 30 अगस्त तक का वाकया भी माफ किया गया है. सभी प्रखंडों में उर्जामित्र एवं सहायक अभियंता, कनीय अभियंता एवं क्षेत्र के लाइनमैन द्वारा प्रत्येक घरों में जा कर उनका बिल माफी का प्रमाण पत्र उपलब्ध किया जा रहा है.

### उपायुक्त ने नियोजकों को भेजा नोटिस

**चतरा।** उपायुक्त रमेश घोलप ने जिले के विभिन्न नियोजकों को झारखंड राज्य के निजी क्षेत्र में स्थानीय उम्मीदवारों के नियोजन 2021 के तहत नोटिस निर्गत किया है. उ12 सितंबर 2022 से यह अधिनियम झारखंड प्रदेश में प्रभावी हो गया है. इस अधिनियम के तहत 10 या 10 से अधिक मानव बल वाले निजी क्षेत्र के नियोजकों को 40 हजार मासिक वेतन/ पारिश्रमिक तक वाले 75 प्रतिशत वाले पदों को स्थानीय उम्मीदवारों से भरा जाना अनिवार्य बनाया गया है. यह अधिनियम सार्वजनिक क्षेत्र के प्रतिष्ठानों कि आउटसोर्सिंग एजेंसी पर भी लागू होता है.

### हमलावरों को जल्द गिरफ्तार किया जाए

**रामगढ़।** विश्व हिंदू परिषद और बजरंग दल ने रविवार को गोला के गोरक्षा प्रमुख आशीष शर्मा पर हुए हमले में हमलावरों को जल्द गिरफ्तार करने की मांग को लेकर रजरप्पा थाना पहुंचे. इस दौरान लोगों ने आरोपियों को जेल भेजने की मांग की. इस दौरान मुख्य रूप से विश्व हिंदू परिषद और बजरंग दल के सदस्य उपस्थित रहे. 26 सितंबर को बजरंग दल गोला के गौरक्षा प्रमुख आशीष शर्मा पर चितरपुर बाजारटांड टांड के समीप विशेष समुदाय के लगभग 20 अज्ञात लोगों ने मारपीट की थी.

### नेशनल पैरा स्विमिंग में भाग लेगा जितेंद्र

**रामगढ़।** दिव्यांग जितेंद्र पटेल का 24वीं नेशनल पैरा स्विमिंग चैंपियनशिप के लिए चयन हुआ है. दो वर्षों के बाद फिर से 24वीं चैंपियनशिप गोवा में आयोजित की जा रही है. चितरपुर प्रखंड के बड़की लारी निवासी विश्वनाथ महतो के दिव्यांग पुत्र जितेंद्र पटेल रांची से 14 अक्टूबर को वास्कोडिगामा के लिए रवाना होंगे. प्रतियोगिता के लिए झारखंड से 10 खिलाड़ियों का चयन किया गया है. जितेंद्र पटेल 12वीं पैरा स्विमिंग में कई गोल्ड मेडल प्राप्त कर चुके हैं.

सरकारी दुकानों से होती है शराब की तस्करी, पुलिस ने की कार्रवाई

# विदेशी शराब, बियर से लदा बोलेरो वाहन जब्त, एक गिरफ्तार

संवाददाता। चौपारण




पुलिस टीम द्वारा जब्त की गई अवैध शराब की पेटियां.

चौपारण थाना प्रभारी अनुपम प्रकाश ने बीती देर रात्रि अवैध विदेशी शराब लदे एक बोलेरो सहित भगहर के एक शराब तस्कर को धर दबोचा. इस संबध में थाना प्रभारी ने बताया कि पुलिस अधीक्षक को गुप्त सूचना मिली कि ग्राम रामपुर से एक बोलेरो वाहन पर अवैध रूप से अंग्रेजी शराब लोड कर तस्करी करने के लिए बिहार ले जाया जा रहा है. इस सूचना पर टीम गठित कर त्वरति कार्रवाई हेतु ग्राम कठम्बा के पास पहुंचा उक्त बोलेरो वाहन के आने का इंतजार करने लगा. कुछ समय बाद उक्त बोलेरो आता हुआ दिखाई दिया, जिसे सशस्त्र बल द्वारा रुकने का इशारा किया गया, परंतु पुलिस बल को देखकर बोलेरो चालक गाड़ी से उतरकर भागने का प्रयास करने लगा, जिसे सशस्त्र बल के सहयोग से पकड लिया गया. इसकी पहचान लालु यादव, ग्राम- अम्बातरी, थाना- चौपारण के रूप में हुई. वहीं बोलेरो के अंदर से 23 पेटी अंग्रेजी शराब और 10 पेटी केन बियर बरामद किया गया. इस संबंध में चौपारण थाना कांड सं0- 338/24 उत्पाद अधिनियम दर्ज कर गिरफ्तार व्यक्ति को न्यायिक हिरासत में भेजी गया. अन्य अभियुक्तों के विरुद्ध छापामारी की जा रही है.

सूत्रों के जानकारी के अनुसार माने तो कठम्बा और रामपुर में संचालित सरकारी शराब दुकान से हर दिन 4-5 लाख से अधिक की शराब भगहर होते हुए बिहार जाती है। सरकारी तंत्र के द्वारा कठम्बा और रामपुर मे सरकारी शराब दुकान खुलवाने का उद्देश्य से साफ झलकता है कि शराब को अवैध तरीके से बिहार में बेचा जा सके। अगर बसरिया और रामपुर पंचायत सहित अन्य गांव के लिए सरकार शराब की दुकान खुलवाती तो अधिकतर दिन बोहनी पर भी आफत रहता। अब सरकारी तंत्र और सरकार ही जनता को बता सकती है कठम्बा मोड़ पर सरकारी शराब दुकान खुलवाने का उद्देश्य। वही छापामारी दल में थाना प्रभारी अनुपम प्रकाश, बादल कुमार महतो,जेठा हेम्ब्रम सहित चौपारण थाना सशस्त्र बल शामिल थे.

### राजस्थान पुलिस चौपारण से खीरमोहन संचालक को गिरफ्तार कर ले गई साथ

- डोडा-अफीम के मामले में की जाएगी पूछताछ

**चौपारण।** चौपारण प्रखंड खीरमोहन के नाम पर प्रसिद्धि प्राप्त कर चुकी है. इसी की आड़ में बड़े-बड़े खेल खेला जाने लगा है, जिसका पर्दाफाश रविवार को राजस्थान पुलिस की धमक से हो गई. बता दें कि चौपारण बाजार निवासी प्रदीप साव, पिता श्यामलाल साव, खीरमोहन दुकान चलाता है. उसे एकाएक राजस्थान पुलिस धनुका थाना के कांड संख्या 118/24 में के संबंध में विस्तृत जानकारी के लिए पूछताछ के लिए गिरफ्तार कर अपने साथ ले गई. इस संबंध में राजस्थान पुलिस ने बताया कि चौपारण से डोडा-अफीम लेकर राजस्थान में तस्करी की गई है, जिसमें प्रदीप की खीरमोहन दुकान से खीरमोहन के साथ डोडा-अफीम खरीदा गया था. भद्रकाली खीरमोहन दुकान से संचालक की गिरफ्तारी से चौपारण बाजार में संचालित दर्जनों खीरमोहन दुकान और सिंघरावां से चोरदाहा तक जीटी रोड के दोनों तरफ संचालित होटलों पर संदेह की तलवार लटक गई है. इससे चौपारण पुलिस के समक्ष एक नयी चुनौती खड़ी हो गई है.

### फरार उग्रवादी के घर हुई कुर्की जब्ती कार्रवाई

**केरेडारी।** केरेडारी थाना क्षेत्र के अति सुदूरवर्ती पाताल गांव के डमारू निवासी फरार उग्रवादी रामेश्वर महतो उर्फ़ पहाड़ी, पिता मुनेश्वर महतो के घर में पुलिस उप निरीक्षक अनिल कुमार के नेतृत्व में रविवार को जेसीबी मशीन लगाकर घर को ध्वस्त करते हुए घर में रखी सभी सामग्री को जब्त किया गया. थाना प्रभारी अजीत कुमार ने बताया कि रामेश्वर महतो उर्फ पहाड़ी के ऊपर केरेडारी थाना और बड़कागांव थाना कांड संख्या 330/20 आदि कई 10 कांड संख्याओं में सम्मिलित था. वह लगभग 20 वर्षों से फरार चल रहा था. अभियान में बड़कागांव पुलिस उप निरीक्षक अनिल कुमार थाना प्रभारी अजीत कुमार कैश आयोग अजय रविदास एस ई टिंकू सिंह के अलावा पुलिस बल तैनात थे.

## कुंदा में नवभारत जागृति केंद्र ने स्वास्थ्य जांच शिविर लगाया

संवाददाता। कुंदा

नव भारत जागृति केंद्र की ओर से शनिवार को मेदवाडीह उच्च विद्यालय परिसर में किशोरी स्वास्थ्य जांच शिविर सह स्वच्छ भारत अभियान का आयोजन किया गया. यह शिविर एसबीआई फाउंडेशन मुंबई के सहयोग लगाया गया, जिसमें डॉक्टर बंशीधर पांडे, फार्मासिस्ट हरिशंकर यादव, लैब टेक्नीशियन डब्लू पासवान, एएनएम रोमा रागिनी तिर्की, प्रोग्राम प्रबंधक शैलेश कुमार ने 65 किशोरी व महिलाओं को स्वास्थ्य जांच कर आवश्यक दवा दी गई. साथ ही उन्हें सैनिटरी नैपकिन दिया गया. इस दौरान आसपास की जगहों पर स्वच्छ भारत मिशन के तहत सफाई अभियान चलाया गया. इसमें स्कूली बच्चे, ग्रामीण व संस्थान के लोगों ने साफ सफाई की. साथ ही उपस्थित लोगों को स्वच्छता का संदेश दिया. प्रोग्राम प्रबंधक ने बताया कि एसबीआई फाउंडेशन मुंबई एवं एन, बी.जे.के अमृतनगर हजारीबाग के सहयोग से चतरा जिले के अतिसुदुवर्ती दो प्रखंड कुंदा व लावालौंग प्रखंड के 20 गांव में एसबीआई संजीवनी क्लिनिक ऑन व्हील कार्यक्रम के तहत प्रत्येक दिन दो गांव में प्राथमिक स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया जा रहा है. यह शिविर चयनित 20 गांव में प्रत्येक 15 दिन पर लगाया जा रहा है. मौके पर मोबाईल मेडिकल वाहन चालक सुरेंद्र यादव शामिल थे.

## उत्क्रमित उच्च विद्यालय में याद किए गए शहीद-ए-आजम

संवाददाता। हजारीबाग



हजारीबाग स्थित उत्क्रमित उच्च विद्यालय कटकमदाग में शनिवार को शहीद-ए-आजम भगत सिंह को उनकी जयंती पर याद किया गया. प्रभारी प्रधानाध्यापक तासीफ जहीर एहसान की अध्यक्षता में आयोजित जयंती समारोह का शुभारंभ भगत सिंह की तस्वीर के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित और पुष्पार्चन कर किया गया. प्रभारी प्रधानाध्यापक ने भगत सिंह की जीवनी पर प्रकाश डाला और बताया कि उनका जन्म 28 सितंबर 1907 में हुआ था. बचपन से ही उनके मन में देश के प्रति अलग ही जज्बा था. इसलिए बाली उम्र में ही स्वतंत्रता संग्राम में कूद पड़े. अंग्रेजी हुकूमत ने उन्हें फांसी की सजा सुनाई थी और उन्होंने मातृभूमि की आजादी के लिए हंसते-हंसते अपने प्राण न्योछावर कर दिए थे. शिक्षक शंकर लाल चौरसिया ने क्रांतिकारी गीत से जयंती समारोह की शुरुआत की. बच्चों ने शहीद-ए-आजम भगत सिंह जिंदाबाद के नारे लगाए. इस मौके पर संत कोलंबा कालेज के बीएड और देव कालेज आफ एजुकेशन के प्रशिक्षुओं के अलावा स्कूल के शिक्षक - शिक्षिकाएं अनु कुमारी, काजल कुमारी, श्वेता सिन्हा, रूपेश कुमार दास, रामा कुमारी, इंदु कुमारी, पंकज कुमार सिंह, ममता सिंह, जयकुमार साव, मुकेश कुमार, सरिता कुमारी, सरिता कुमारी, सविता कुमारी, बालगोविंद राम, अंजलि कुमारी, भूलो राम, लिपिक जियामिती खान समेत बच्चे मौजूद थे.

कांग्रेस नेता ने किया विभिन्न गांवों का दौरा

## अडरा पंचायत में मूलभूत सुविधा की भारी कमी : डॉ आरसी मेहता



संवाददाता। हजारीबाग

कांग्रेस नेता डॉ आरसी मेहता ने कटकम दाग प्रखंड के अडरा सलगा बेंदी बेस इत्यादि गांवों में जनसंपर्क किया. सलगा के बिरहोरमंडा की नुक्कड़ सभा में डॉक्टर मेहता ने कहा कि कटकम दाग प्रखंड के आदिवासी, अनुसूचित जाति बहुल पंचायत अडरा सलगा बेंदी चीची में अति आवश्यक सुविधाओं का घोर अभाव है. आदिवासी, आदिम जनजाति बिरहोर पिछड़ों की स्थिति बदतर है. सरकार से मांग करता हूं कि आदिवासी मूलवासी आदिम जनजाति पर सरकार विशेष ध्यान दें. डॉ मेहता ने कहा कि हजारीबाग जिले के सर्वांगीण विकास के लिए मैं आजीवन तत्पर हूं. 2019 उपविजेता बनने के बाद मैं मैदान नहीं छोड़ा और पांच वर्ष जनता के बीच रहा. यदि पुणः टिकट मिलता है तो दमखम से चुनाव लड़ूंगा और हजारीबाग की जनता जीतेगी. कार्यक्रम में सलग ग्राम निवासी पूर्व इंस्पेक्टर सीताराम रविदास, रुखसाना खातून, सिंघानी मुखिया नारायण कुशवाहा, एडवोकेट संजय रविदास, अमीन अंसारी, पूर्व जिला परिषद सदस्य शारदा नंदन दुबे, प्रखंड अध्यक्ष गोवर्धन गंजू आदि मौजूद थे.

जिला विधिक सेवा सह सशक्तीकरण शिविर का हुआ आयोजन

## सिविल जज ने दी कानून की जानकारी

संवाददाता। चतरा/कुंदा



शिविर में लोगों जानकारी देते सिविल जज व अन्य.

जिले के कुंदा प्रखंड अंतर्गत प्रखंड कार्यालय सभाकक्ष में रविवार को विधिक सेवा सह सशक्तिकरण शिविर का आयोजन किया गया. शिविर मुख्य अतिथि के रूप सिविल जज मिलन कुमार उपस्थित हुए, जिनका स्वागत प्रखंड विकास पदाधिकारी विवेक कुमार व सीओ शंभू राम ने पौधा देकर किया. उन्होंने कहा कि जिला विधिक सेवा प्राधिकार का मुख्य उद्देश्य समाज के अंतिम व्यक्ति तक सरकारी लाभ पहुंचाना है, शिविर में उपस्थित लोगों से उन्होंने कहा की सरकार द्वारा चलाई जा रही विभिन्न लाभकारी योजनाओं और विधिक सेवा प्राधिकार द्वारा दी जा रही मुफ्त सेवा का लाभ उठाएं. सिविल जज मिलन कुमार ने कहा कि जब लोग जागरूक होंगे, तभी वे विधिक सेवा प्राधिकार में आकर अपनी समस्या को रखेंगे और उसके बाद उनकी समस्या का त्वरित समाधान हो पाएगा. इस शिविर के माध्यम से लोगों को बाल मजदूरी व बाल विवाह रोकथाम, महिला सशक्तिकरण, सड़क दुर्घटना में इंश्योरेंस का महत्व समेत विभिन्न सरकारी योजनाओं और विधिक सेवाओं के बारे में जानकारी दी. साथ ही उन्हें अपने अधिकारों के बारे में जागरूक किया गया. आयोजित शिविर में पेंशन स्वीकृति पत्र,अबूवा आवास स्वीकृति पत्र, जॉब कार्ड, धोती साड़ी समेत कई परिसंपत्तियों का वितरण मुख्य अतिथि सिविल जज मिलन कुमार के हाथों किया गया. आयोजित शिविर में राजस्व कर्मचारी सोनू कुमार, मुखिया मनोज साहू, भरत यादव, मुखिया प्रतिनिधि विनोद साव, अखिलेश यादव, पंचायत सेवक रामजी साव, मुकेश कुमार, राजूरंजन कुमार, मनरेगा ब्लॉक ऑपरेटर मुकेश कुमार,आवास ऑपरेटर अभिषेक कुमार पेंशन ऑपरेटर मुकेश कुमार, वार्ड सदस्य, महिला समूह, पीएलभी संजय चौधरी, मुन्ना दास, अजित कुमार, अमलेश यादव, प्रवीण पासवान, मिथलेश यादव, किरण देवी समेत सैकड़ों लोग उपस्थित थे.

पुस्तकालय सह संग्रहालय भवन निर्माण कार्य का शिलान्यास

## लोगों को अच्छी पुस्तकें पढ़ने व सीखने का मौका मिलेगा : सांसद

संवाददाता। हजारीबाग

शहर के डिस्ट्रिक्ट बोर्ड चौक स्थित डॉ. भीमराव अंबेडकर प्रतिमा परिसर में रविवार को डीएमएफटी मद से बनने वाले पुस्तकालय सह संग्रहालय भवन निर्माण कार्य का शिलान्यास क्षेत्रीय सांसद मनीष जायसवाल ने किया. इस मौके पर सांसद के साथ जिला परिषद चेयरमैन उमेश प्रसाद मेहता, उपाध्यक्ष किशुन यादव और भाजपा के वरिष्ठ नेता बटेश्वर मेहता ने बाबा साहेब की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया. अतिथियों का स्वागत अनुसूचित जाति संघ के अध्यक्ष बिनोद कुमार और सदस्यों ने किया. इस दौरान सांसद ने कहा कि पुस्तकालय सह संग्रहालय बनने से लोगों को अच्छी पुस्तकें पढ़ने और सीखने का मौका मिलेगा. हमसबों को बाबा साहब की बातों को आत्मसात करने की जरूरत है. साथ ही कहा कि क्षेत्र में विकास की कई योजनाएं धरातल पर उतर रही हैं. मौके पर भाजपा एससी मोर्चा के जिला अध्यक्ष महेंद्र राम बिहारी, नंदू प्रसाद, सिकंदर दास, सुनील दास, भागवत राम, सुमन कुमार, राकेश सिंह, छोटू मेहता, रंजन चौधरी आदि उपस्थित थे.



**आयोजन** विश्व हिंदू परिषद और बजरंग दल की बैठक में कार्यक्रमों पर चर्चा, जिला मंत्री बोले

# राष्ट्रवादी विचारधारा और समाज सेवा को बढ़ावा देंगे

संवाददाता। चतरा



विहिप व बजरंग दल की बैठक के दौरान उपस्थित कार्यकर्ता.

विश्व हिंदू परिषद और बजरंग दल की टंडवा प्रखंड बैठक टंडवा टाउन हॉल में संपन्न हुई. इसकी अध्यक्षता प्रखंड अध्यक्ष सोनू भुईयां ने की, जबकि संचालन प्रखंड मंत्री अरुण महतो ने किया. बैठक में मुख्य रूप से जिला उपाध्यक्ष तारकेश्वर गुप्ता, जिला मंत्री सुधीर कुमार, जिला संयोजक अंकित पांडेय और जिला सह संयोजक जीत गुप्ता उपस्थित रहे. बैठक का मुख्य उद्देश्य संगठन के आगामी कार्यक्रमों की योजना बनाना और कार्यकर्ताओं को प्रेरित करना था. जिला मंत्री सुधीर कुमार ने संगठन के आगामी कार्यक्रमों की जानकारी दी और बताया कि संगठन की गतिविधियां राष्ट्रवादी विचारधारा और समाज सेवा को बढ़ावा देने के उद्देश्य से आयोजित की जाएंगी. आगामी महीनों में बजरंग दल के प्रमुख आयोजन होने वाले हैं. इनमें शस्त्र पूजन (विजया दशमी) 3 अक्टूबर से 12 अक्टूबर तक, हुतात्मा दिवस 11 नवंबर से 17 नवंबर तक, संस्कार सप्ताह 23 नवंबर से 30 नवंबर तक, गीता जयंती (शौर्य दिवस) 11 दिसंबर से 18 दिसंबर तक, और त्रिशूल दीक्षा 15 दिसंबर से 15 जनवरी तक आयोजित होंगे. इन आयोजनों का उद्देश्य संगठन के सदस्यों में राष्ट्रवाद, आध्यात्मिकता और सांस्कृतिक मूल्यों के प्रति सम्मान की भावना को प्रोत्साहित करना है.

बजरंग दल के जिला संयोजक अंकित पांडेय ने संगठन द्वारा आयोजित किए जाने वाले विभिन्न खेल और सामाजिक कार्यक्रमों पर विस्तार से चर्चा की. उन्होंने बताया कि कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन सभी प्रखंडों में किया जाएगा. प्रखंड स्तरीय विजेता टीमों के बीच जिला स्तरीय प्रतियोगिता होगी, और इस प्रक्रिया में विजेता टीम प्रांत स्तर तक पहुंचेगी. इस खेल के माध्यम से युवाओं में खेल भावना, टीमवर्क और शारीरिक स्वास्थ्य को बढ़ावा देने का प्रयास किया जा रहा है. इसके अलावा, संगठन नशा मुक्ति अभियान और ''रन फॉर हेल्थ'' जैसे कार्यक्रम भी आयोजित करेगा. ''रन फॉर हेल्थ'' का उद्देश्य स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता बढ़ाना है, जिसमें आधा किलोमीटर की दौड़ का आयोजन होगा. नशा मुक्ति अभियान के माध्यम से समाज में नशे की लत से होने वाले दुष्प्रभावों पर जागरूकता फैलाई जाएगी.

बैठक में प्रखंड समिति के सदस्यों की नियुक्ति भी की गई. बजरंग दल प्रखंड संयोजक के रूप में हिंदूवादी राकेश कुमार, उपाध्यक्ष श्री अनुज रजक, सह मंत्री श्री राजू चौरसिया और रितेश गुप्ता को नियुक्त किया गया. यह नियुक्ति विभाग मंत्री अनूप यादव द्वारा टेलीफोनिक माध्यम से की गई.

## ग्राम प्रतिनिधियों की बैठक में कई मुद्दों पर चर्चा

संवाददाता। चतरा



ग्रामीण प्रतिनिधियों की बैठक में मौजूद लोग.

चतरा शहर से सटे ग्राम डाढ़ा में ग्रामीण प्रतिनिधियों की बैठक विद्यालय में हुई. सभा में ज़िले के दर्ज़नों गांवों के प्रतिनिधियों ने भाग लिया. सभा की अध्यक्षता कॉमरेड मादी उरांव ने की और संचालन साथी महेश बांडो ने किया. सभा में मुख्यतः तीन मुद्दों पर विचार किया गया. जिन में भारत माला सड़क परियोजना, वन पट्टा तथा झारखंड आंदोलनकारी चिन्हितीकरण की समस्या शामिल है. सभा में झारखंड सरकार को धन्यवाद ज्ञापित करते हुए कहा गया कि अंततः सरकार रैयतों के जोत आबाद और आवास की भूमि को रैयती का दर्ज़ा देने का फैसला लिया है, जिसके अधिग्रहण पर मुआवजा भुगतान भी होगा. खास तौर पर वन विभाग द्वारा वनपट्टा उपलब्ध कराने में सरकारी अड़ंगेबाजी पर रोष प्रकट करते हुए आंदोलन का फैसला लिया गया. झारखंड आंदोलनकारियों के चिन्हितीकरण में भी वैसी ही अड़ंगेबाजी आयोग द्वारा किये जाने पर चिंता प्रकट की गयी और संघर्ष का फैसला लिया गया.

सभा में मिथिलेश भारती, राजेश उरांव, सिकरी के भगीरथ महतो, लइयो के मरियम देवी, डाढ़ा के महेश लकड़ा तथा कौलेश्वर गंझू ने अपने अपने विचार रखे. सभा के अंत में अंत में कामरेड लक्ष्मीकांत शुक्ल ने संगठनात्मक ढांचा खड़ा करने के तौर तरीके को बताते हुए इसे आवश्यक बताया. सभा में 100 से ज्यादा लोगों की उपस्थिति थी.



## राशिफल

आचार्य प्रणव मिश्रा

**मेष** सोच विचार कर कार्य करने का दिन है. प्रेम में धोखा मिल सकता है. बदनामी भी हो सकती है, पर मन में आत्मविश्वास भरपूर रहेगा. परिवार में आपका प्रभाव अच्छा रहेगा. वर्तमान में माता से लगाव अधिक रहेगा. स्फटिक या सफेद वस्तु का दान करें.

**वृष** समय सामान्य है.माता के साथ कहीं घूमने का मौका मिलेगा. शरीर में शक्ति की कमी महसूस करेंगे. अपने कार्य को आत्मविश्वास के साथ करें, परंतु सावधानी भी रखें. किसी कार्य में एकाग्रता की कमी से गलती हो सकती है.

**मिथुन** समय बहुत ही उत्तम है पर मन में एक उलझन होगा. पर आपका प्रभावपूर्ण वाणी रहेगी. धन के आगमन के योग हैं. मामा पक्ष से भी लाभ मिलने की संभावना है. लोगों के बीच लीडरशिप करने का मौका मिलेगा.

**कर्क** रुका हुआ कार्य पूर्ण होगा. समय बहुत ही अच्छा है. कोई बड़ा धन मिलेगा साथ ही डूबा धन मिलेगा. पिता के स्वास्थ्य का ध्यान रखें. अतिक्रोध से बचें. परिस्थिति अपने अनुकूल न होने पर भी संयम रखें. वाणी पर नियंत्रण रखें.

**सिंह** खर्च अधिक होगा पर मानसिक सुख में वृद्धि होगी. किसी पुराने कानूनी मामले सुलझने की संभावना है. बाहर की यात्रा का भी योग बनता है. अचानक से धन प्राप्ति के भी योग बनते हैं. मन भी खुश रहेगा.

**कन्या** बाहरी वातावरण आनंददायक होगा, जिससे मन में सुख उत्पन्न होगा. पिता द्वारा व्यापार में सहयोग प्राप्त हो सकता है. कार्यक्षेत्र में कुछ अस्थिरता के योग बनते हैं. वाणी में संयम रखें. धन अधिक खर्च होने के योग बनते हैं.

**तुला** आपकी मेहनत का फल मिलेगा. एकाग्रता बढ़ेगी. कार्य के प्रति गंभीरता में वृद्धि होगी. जीवनसाथी का स्वास्थ्य बिगड़ सकता है. दिमाग अधिक सक्रिय रहेगा. अर्थ संबंधी परेशानी हो सकती है. इतर का दान लक्ष्मी मंदिर में करें.

**वृश्चिक** सरकारी कार्य से विशेष लाभ प्राप्त होगा. घर परिवार में मांगलिक कार्य होगा. धर्म-कर्म में रुचि बढ़ेगी. रोजगार के अवसर मिलेंगे. माता का ध्यान अधिक रखेंगे. माता-पिता धार्मिक यात्रा पर जा सकते हैं. गायत्री मंत्र का जाप करें.

**धनु** भाग्य का साथ मिलेगा. मन में किसी चीज़ को लेकर तनाव की वृद्धि होगी. धन की स्थिति और मजबूत होगी. धार्मिक यात्रा के योग बनते हैं. बॉस के विचारों से भिन्नता भी रहेगी, परंतु सामंजस्य बनाए रखें. गाय को घास दें.

**मकर** किसी से बिना वजह के बहस हो सकती है. यात्रा में सावधानी बरतें. त्वचा या श्वसन संबंधित रोग हो सकता है. अधिक क्रोध न करें. कानूनी कार्यों में रुकावट आ सकती है. कोई काम बहुत जल्दीबाजी में नहीं करें. हनुमानजी का पूजन ध्यान करें.

**कुंभ** समय साधारण अच्छा है. जीवनसाथी के साथ कहीं घूमने का योग बन रहा है. कार्यक्षेत्र से संबंधित महत्वपूर्ण यात्रा हो सकती है. संतान से संबंधित शुभ समय है. स्थायी संपत्ति से लाभ मिलेगा. धन की आय के अच्छे अवसर उपस्थित होंगे.

**मीन** गुप्त शत्रु परेशानी का कारण बन सकता है. व्यापार से लाभ होगा. माता का आशीर्वाद आपको प्राप्त होगा. आपके द्वारा, संतान पर धन खर्च होगा. आपका स्वास्थ्य खराब हो सकता है. बड़ा निवेश से बचें. मिठाई का दान करना चाहिए.

## झारखंड रग्बी फुटबॉल एसोसिएशन का चुनाव संपन्न, विष्णु बने अध्यक्ष



**रांची।** झारखंड रग्बी फुटबॉल एसोसिएशन के कार्यकारिणी का चुनाव रविवार को रांची के होटल ग्रीन होराइजन में संपन्न हुआ. रिटर्निंग ऑफिसर एडवोकेट रंजीत कुमार मेहता की देखरेख में चुनावी प्रक्रिया पूरी की गयी. चुनावी प्रक्रिया के दौरान झारखंड ओलंपिक एसोसिएशन से संजेश मोहन ठाकुर तथा इंडियन रग्बी फुटबॉल यूनियन के संदीप मौसम ऑब्जर्वर के रूप में उपस्थित रहे. इस अवसर पर झारखंड रग्बी फुटबॉल एसोसिएशन के फाउंडर महासचिव कृष्ण कुमार सिंह और जिला के प्रतिनिधि भी मौजूद थे. निर्वाचित पदाधिकारियों के नाम : अध्यक्ष - विष्णु कुमार जालान, उपाध्यक्ष - सुरेश कुमार, महासचिव - हेजाज असदक, कोषाध्यक्ष - सुनील गुप्ता, संयुक्त सचिव - शशि पांडे और शेख मोहम्मद नसीमुद्दीन.

## सफाईकर्मियों को सम्मानित किया

**रांची।** सीएमपीडीआई द्वारा स्वच्छता ही सेवा कार्यक्रम के अंतर्गत सफाई कर्मचारियों को सम्मानित किया गया. दैनिक जीवन में स्वच्छता बनाए रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाले सफाई कर्मचारियों को टी-शर्ट, साड़ी और जूते प्रदान कर कृतज्ञता व्यक्त करते हुए सम्मानित किया गया. सीएमपीडीआई के निदेशक (तकनीकी/पीएंडडी) अजय कुमार और निदेशक (तकनीकी/ईएस) सतीश झा ने कुल 82 सफाई कर्मियों को सम्मानित किया और स्वच्छता बनाए रखने में महत्ती भूमिका के लिए आभार व्यक्त किया. इस मौके पर महाप्रबंधक (तकनीकी/पीआर) संजय कुमार दुबे सहित महाप्रबंधक व विभागाध्यक्षगण व बड़ी संख्या में कर्मियों की उपस्थिति रहे.



### बाबा बैद्यनाथ मंदिर परिसर और इसके 100 गज की परिधि में तंबाकू मुक्त क्षेत्र बनाने को लेकर स्टीकर-पोस्टर चिपकाए गए

# एम्स देवघर की पहल: बाबा बैद्यनाथ मंदिर परिसर होगा तंबाकू मुक्त क्षेत्र

संवाददाता। रांची/देवघर

बाबा बैद्यनाथ मंदिर परिसर और इसके 91 मीटर के दायरे में तंबाकू मुक्त क्षेत्र बनाने को लेकर एम्स, देवघर ने पहल की है. एम्स के वाइटल स्ट्रैटेजिस तंबाकू कंट्रोल प्रोजेक्ट के मुख्य अन्वेषक और एम्स देवघर के निदेशक प्रो डॉ सौरभ वार्ष्णेय ने इसके लिए क्रमबद्ध अभियान चलाने की योजना बनाई है. उन्होंने संथालपरगना चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज देवघर, आईएमए देवघर, पंडा धर्मरक्षिणी सभा देवघर, बाबा मंदिर प्रशासन, देवघर नगर निगम एवं स्वास्थ्य विभाग देवघर के साथ मिलकर बाबा मंदिर को तंबाकू मुक्त क्षेत्र बनाने के लिए काम शुरू कर दिया है.



देवघर में बैनर-पोस्टर के साथ बाबा मंदिर व चैंबर के प्रतिनिधि एवं अन्य.

**देवघर एसडीओ ने की पोस्टर लगाने की शुरुआत :** इस आलोक में रविवार को बाबा बैद्यनाथ मंदिर परिसर और इसके 100 गज की परिधि में तंबाकू के सेवन, खरीद-बिक्री और विज्ञापन पर रोक से संबंधित स्टीकर पोस्टर लगाए गए. श्रद्धालुओं, स्थानीय दुकानदारों और आम लोगों को जागरूक करने के मकसद से सामूहिक जागरूकता अभियान चलाया गया. संथालपरगना चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज देवघर के सौजन्य से अवेयरनेस पोस्टर लगाने की शुरुआत देवघर एसडीओ सह बाबा मंदिर प्रभारी रवि कुमार, चैंबर के अध्यक्ष आलोक मल्लिक, एम्स के प्रोग्राम कॉर्डिनेटर डॉ संदीप भट्टाचार्य, पंडा धर्मरक्षिणी सभा के महामंत्री निर्मल झा मंटू, उपाध्यक्ष संजय मिश्रा ने संयुक्त रूप से किया.

**बाबा मंदिर व आसपास के क्षेत्र में पोस्टकर चिपकाए :** इस अवसर पर एम्स के डॉ विनायगामूर्ति, डॉ अरशद अयूब और डॉ उज्जवल कुमार, चैंबर उपाध्यक्ष पीयूष जायसवाल, कोषाध्यक्ष प्रिंस सिंघल, कार्यकारिणी सदस्य संजय मालवीय, लक्ष्मण पटेल, कनिष्क कश्यप, बाबा मंदिर क्षेत्र दुकानदार संघ के अध्यक्ष सुभाष गुप्ता, बाबा मंदिर सफाई कार्य एजेंसी के सचिव एसपी भुईयां बिलास सहित अनेक लोगों ने बाबा मंदिर और आसपास के क्षेत्रों में पोस्टर चिपकाए.

### मंदिर क्षेत्र को तंबाकू मुक्त बनाने में सहयोग की अपील

एम्स के प्रोग्राम कॉर्डिनेटर डॉ संदीप भट्टाचार्य ने बताया कि एम्स निदेशक डॉ सौरभ वार्ष्णेय के निर्देशन में यह अभियान लगातार चलाया जाएगा. इसके अंतर्गत मंदिर और इसके आसपास के क्षेत्र में पुरोहितों, दुकानदारों को काउंसलिंग के माध्यम से बाबा मंदिर को तंबाकू मुक्त क्षेत्र बनाने में सहयोग करने के लिए कहा जाएगा. बाबा मंदिर प्रभारी रवि कुमार ने कहा कि एम्स और चैंबर की यह पहल बहुत प्रशंसनीय है. उन्होंने देवघर के लोगों से अपील की है कि बाबा मंदिर को तंबाकू मुक्त क्षेत्र बनाने में सभी सहयोग करें. उन्होंने मंदिर के आसपास के दुकानदारों को तंबाकू सामग्री नहीं बेचने की हिदायत दी. बाबा मंदिर और इसके 100 गज के दायरे में तंबाकू की खरीद–बिक्री और विज्ञापन को पूर्णत: प्रतिबंधित किया जाएगा.

### वित्त मंत्री सीतारमण पर प्राथमिकी के निर्देश के बाद हमलावर हुआ झामुमो

# वित्त मंत्री से इस्तीफा लें पीएम : सुप्रियो

विशेष संवाददाता। रांची

देश के वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण पर प्राथमिकी के बाद झामुमो ने भाजपा पर हमलावर हो गया है. पार्टी ने इस मामले में पूरे भाजपा को घेरा. कहा कि कल का दिन बहुत महत्पूर्ण रहा. जहां हरियाण में सर्जिकल स्ट्राइक का बरसी मनायी, वहीं एक सर्जिकल स्ट्राइक बेंगलुरू की न्यायालय ने भाजपा पर किया. यह सर्जिकल स्ट्राइक सही मायनों में भाजपा के भ्रष्टाचार को उजागर करने वाला है. न्यायालय ने स्पष्ट आदेश दे दिया कि केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण, भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा व अन्य पार्टी पदाधिकारियों और ईडी पर नामजद केस दर्ज करने का निर्देश दिया. बेंगलुरु न्यायालय के जस्टिस का अधिकार सुप्रीम के कोर्ट के जस्टिस से कम नहीं होता है.

राजनीतिक रंगदारी स्वरूप जो डरा-धमाकर, रेड के बहाने जो पैसे वूसल किए जाते थे. इसके द्वारा सीधा-सीधा वसूली की जाती थी. इसके जरिए सुप्रीम कोर्ट ने इलेक्ट्रोल बांड जैसे महाघोटाले का भंडाफोड़ किया कि किस प्रकार तत्तकालीन और वर्तमान वित्त मंत्री भयादोहन करके पैसे का दोहन करवा कर भाजपा के खाते में डलवा करती थीं. एक वित्त मंत्री झारखंड आती है और ईडी का, मनी लाउंड्रिंग और सेना के जमीन के सौदे का आरोपी, वह बेल छूटकर आता है और होटल में वित्त मंत्री से मिलता है. पूरे फोटो सोशल मीडिया से लेकर सारे मीडिया में जारी होता है, विष्णु अग्रवाल का. दूसरा फरार आरोपी जो कांके रोड में रहता था, उस पर वारंट जारी था, वह आकर वित्त मंत्री से मिलता है. यह वित्त मंत्री का चोरी, भ्रष्टाचार भाजपा को सफाई देना पड़ेगा. किसी वित्त मंत्री पर आर्थिक अपराध के एफआईआर हो और 24 घंटे से वित्त मंत्री बने हुई हैं, यह लोग भ्रष्टाचार की बात करते हैं. जो भ्रष्टाचार के दल-दल में डूबी हुई है भाजपा. भाजपा का नाम है भ्रष्ट जनों का पार्टी. यहां चुनाव आने वाला है. यह बातें पार्टी के केंद्रीय महासचिव एवं प्रवक्ता सुप्रियो भट्टाचार्य ने पार्टी कार्यालय में आयोजित एक प्रेस वार्ता के दौरान कही.

**प्रधानमंत्री वित्त मंत्री को बर्खास्त करें :** सुप्रियो ने कहा कि निर्मला सीता रमण जिस परिवार से आते हैं, वह कहते हैं कि सीतारमण भ्रष्ट हैं. एक महिला को वित्त मंत्री बनाकर उससे लोगों को डरवा जा रहा है. दवाई कंपनियों को, इंफ्रास्ट्रकर में काम करने वाली कंपनियों को, सीमेंट कंपनियों को, सरिया बनाने वाले कंपनी को यह सारा खेल अब एक्सपोज हो चुका है. जितना जल्द से जल्द हो प्रधानमंत्री को वित्त मंत्री को बर्खास्त करना चाहिए और आरएसस को उनके अध्यक्ष को भी बर्खास्त करन देना चाहिए.

**हरियाणा और महाराष्ट्र जाने की हिम्मत कोई नहीं कर पा रहा है:** सुप्रियो ने कहा कि चुनाव घोषणा के पहले प्रधानमंत्री 15 दिन में दुबारा आ रहे हैं. कौन-कौन नेता आ रहा है पता ही नहीं चला है. एक साथ चार-पांच राज्य का मुख्यमंत्री आ जा रहा है. कोई नुक्कड़ सभा कर रहा है, कोई एनाऊसमेंट कर रहा है. इस तरह से चीजों आगे बढ़ रही हैं. हरियाण कोई नहीं जा रहा है, महाराष्ट्र कोई नहीं जा रहा है. यहां आकर दो ही चीज घुसपैठ. अरे इतना घुसपैठ तुमलोग झारखंड में कर रहे कि भाजपा की घुसपैठ पर रोक लगानी पड़ेगी. जनता तो लगा ही देगी चुनाव में.



- कहा -जो खुद भ्रष्टाचार के दल-दल मे हो वह भ्रष्टाचार की बात करती है
- भाजपा का मतलब भ्रष्ट जनों की पार्टी
- प्राथमिकी के 24 घंटे बाद भी पद पर बने रहना, लोकतंत्र का अपमान
- भाजपा की इतनी घुसपैठ झारखंड में रही है कि अब इन पर रोक लगाने की जरूरत, चुनाव में जनता लगा देगी

### हरियाणा में पीएम की सभा कराने के लिए जगह तलाशनी पड़ रही है

उन्होंने कहा कि अब तो कोर्ट में मान लिया कि इन्होंने चोरी की, सीनाजोरी भी की. ईडी, आईटी, सीबआई जैसी जांच एजेसियों का दुरुपयोग कर उगाही की और भाजपा के खाते में पैसे जमा कराए. अब बताएं कि भ्रष्टाचार इस देश में कौन कर रहा है. भाजपा भ्रष्टाचार में आकंठ में डूबी है. आज हरियाणा में इन्हें जगह तलाशनी पड़ रही है कि सभा कहां कराएं. सभा का अखबार में विवरण नहीं आ रहा है. कोई सुध नहीं ले रहा है. अपना–अपना राज्य छोड़कर कौन–कौन मुख्यमंत्री आ रहा है. रांची से जयपुर उड़ा देगे फ्लाईट. रेल गाड़ी चला देंगे.

### किसी भी दल का चुनावी घोषणा पत्र फेज वाइज कभी नहीं देखा गया

सुप्रियो ने कहा कि असम से विस्थापित एक नेता, कह रहे है कि हम 2100 रुपये देंगे. घोषणा पत्र इनका तीन चरण में आएगा. मैं भी तीन दशक से अधिक से सक्रिय राजनीति में हूं. चुनाव और उम्मीदवार कई फेजेज में देखे, मगर चुनावी घोषणा पत्र भी फेज वाइज हो, यह कभी नहीं देखा. मगर यह काम भाजपा करने जा रही है. हांडी चढ़ा नहीं और पत्तल देकर बैठा दिया. अखबार और टीवी चैनल पूरी तरह से व्यस्त है भाजपा के चुटकुले छापने में. सुबह इंसान उठता है तो प्रसन्न मन से अखबार पढ़ता है तो देखता है कि सभी हास्य–व्यंग्य भरा है. सुप्रियो ने कहा कि इनके पास मुद्दे खत्म हो गए. घुसपैठ खत्म, डबल इंजन सरकार के पांच साल के काम खत्म. अब केवल उकसाने की राजनीति हो रही है. ताकि इनका भ्रष्टाचार छिप जाए.

## भाजपा की परिवर्तन यात्रा आशा से कहीं ज्यादा सफल रही : बाबूलाल



प्रेस कांफ्रेंस को संबोधित करते बाबूलाल मरांडी.

- परिवर्तन यात्रा में अब तक 17 लाख से भी ज्यादा लोगों की रही भागीदारी
- दो को पीएम मोदी परिवर्तन यात्रा के समापन समारोह में आएंगे

प्रमुख संवाददाता। रांची

बीजेपी के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने कहा है कि झारखंड भाजपा की परिवर्तन यात्रा आशा और उम्मीद से ज्यादा सफल रही. इसकी शुरुआत 20 सितंबर को केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने संताल परगना प्रमंडल और गिरिडीह के झारखंड धाम से की थी. यह यात्रा अब तक राज्य के 24 जिलों, 74 विधानसभा, 202 प्रखंड की 4500 किलोमीटर की यात्रा तय कर चुकी है. बाबूलाल रविवार को बीजेपी प्रदेश कार्यालय में आयोजित प्रेस कांफ्रेंस में बोल रहे थे. उन्होंने कहा कि परिवर्तन यात्रा का समापन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 2 अक्टूबर को हजारीबाग में करेंगे.

**सीएनटी और एसपीटी का सबसे ज्यादा उल्लंघन :** हेमंत सोरेन की सरकार किसी भी काम को ईमानदारी और प्रतिबद्धता के साथ नहीं करती है. इस सरकार में सीएनटी और एसपीटी कानून का सबसे ज्यादा उल्लंघन हुआ है. आदिवासी जमीन का सबसे ज्यादा फर्जीवाड़ा हुआ है. सेना की जमीन को भी नहीं छोड़ा गया. कोलकाता से जमीन का फर्जी कागज बनाकर उसे बेचा गया. साइकिल वितरण योजना में स्कूली बच्चों को घटिया किस्म की साइकिल दी जा रही है. सुनने में तो यहां तक आ रहा है कि इस योजना के 40 प्रतिशत तक की कमीशनखोरी हो रही है.

**26 प्रतिशत शराब दुकानें मां-बहनों को दें :** राज्य सरकार की गलतियों को उजागर करने पर मुझपर केस कर दिया जाता है. अब तक आधा दर्जन से ऊपर केस मेरे ऊपर किए जा चुके हैं. राज्य में फिर से शराब घोटाले की पटकथा लिखी जा रही है. टेंडर निकालकर उसे रद्द किया गया है. पसंदीदा ठेकेदार को टेंडर देने के लिए यह किया गया है. उन्होंने सरकार से मांग की कि राज्य की 26 प्रतिशत शराब दुकान सड़क किनारे हड़िया दारू बेचने वाली आदिवासी माता और बहनों को दिया जाए.

### भाजपा उद्देश्य में सफल

भाजपा अपने उद्देश्य में सफल रही. अब तक 16 से 17 लाख लोग इस यात्रा में शामिल हुए. यह यात्रा बदलाव का आभाष दे चुकी है. हेमंत सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि अब जब चुनाव सामने है, तब भी जनता को ठगने के लिए दाने डाल रही है. हालांकि जनता झांसे में आने वाली नहीं है. परिवर्तन यात्रा के दौरान लोगों ने कहा कि वे हेमंत सोरेन के चाल और चरित्र से अच्छी तरह वाकिफ हैं.

### शैक्षणिक सत्र 2024-26 के लिए आवेदन जारी

## डी फार्मा आयुर्वेद के 30 सीटों पर होगा दाखिला

प्रमुख संवाददाता। रांची

झारखंड राज्य आयुष चिकित्सा परिषद ने डी फार्मा(आयुर्वेद) में नामांकन के लिए आवेदन जारी कर दिया है. आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि 30 अक्तूबर रखी है. विद्यार्थियों का नामांकन राजकीय आयुर्वेदिक फार्मेसी महाविद्यालय, साहिबगंज में होगा. इसके लिए 30 सीटें निर्धारित की गई हैं. नामांकन के इच्छुक विद्यार्थियों को योग्यता से संबंधित प्रमाण पत्रों एवं अंक पत्रों की छायाप्रति संग्लन करना अनिवार्य है. साथ ही जिस संस्था में अध्ययन किया हो उस संस्था के प्रधान द्वारा दिया गया चरित्र प्रमाण पत्र, आयु प्रमाण-पत्र, मैट्रिक का प्रमाण पत्र,जन्म प्रमाण पत्र,जाति प्रमाण-पत्र और निवास प्रमाण-पत्र छायाप्रति भी संलग्न करना अनिवार्य है. साथ ही मैट्रिक के प्रमाण पत्र में किसी भी तरह का स्पेलिंग मिस्टेक नहीं होना चाहिए.

### सिर्फ स्थानीय ही कर सकते हैं आवेदन

जारी आदेश के आदेश के अनुसार सिर्फ स्थानीय ही आवेदन कर सकते हैं. आदेश के अनुसार राज्य के स्थानीय निवासी उम्मीदवार ही आवेदन देने के पात्र होंगे. स्थानीय निवासी प्रमाण पत्र धारित नहीं करने वाले अभ्यर्थी आवेदन समर्पित करने के पात्र नहीं होगें. साक्षात्कार की अनुमति पूर्णत: औपबन्धिक होगी. निर्धारित साक्षात्कार में अनुपस्थित रहने अथवा आवेदन में भरे गये पात्रता सम्बन्धी प्रमाण पत्र प्रस्तुत नहीं करने अथवा निर्धारित अवधि अंतर्गत प्रमाण पत्र संलग्न नहीं होने पर आरक्षण व अन्य लाभ अनुमान्य नहीं होगा.

### युवा संसद : प्रगति के पथ पर ले जाने के लिए युवा शक्ति की भूमिका अहम

## कमिटमेंट से भटक गयी है सरकार : सुदेश

प्रमुख संवाददाता। रांची

आजसू सुप्रीमो सुदेश महतो ने कहा है कि सरकार लोगों को जो सम्मान दे रही है, उसके पीछे की उनकी मंशा को समझना होगा. संविदा व्यवस्था को समाप्त करने का वादा करने वाली सरकार संविदा आधारित नौकरी देने पर बड़े-बड़े विज्ञापन दे रही है. सरकार अपने कमिटमेंट से भटक गई है. वैसे युवा जिन्हें अपने परिवार की जिम्मेदारी निभाने और विकास के लिए नौकरी करनी थी, वे आज सरकार की गलत नीतियों के चलते सड़कों पर हैं और सरकार की लाठियां खा रहे हैं. सुदेश रविवार को सिल्ली में युवा संवाद कार्यक्रम में बोल रहे थे. उन्होंने कहा कि राज्य को प्रगति के पथ पर ले जाने के लिए युवा शक्ति की भूमिका अहम है. युवाओं को राज्य के भीतर रोजगार के अवसर मिलते तो उनकी ऊर्जा और प्रतिभा का लाभ झारखंड को मिलता है, लेकिन उचित अवसर नहीं मिलने के चलते युवा पलायन को विवश हैं. इससे हमारे राज्य का विकास प्रभावित हो रहा है.



**सरकार की कार्यशैली ने हर वर्ग को किया निराश :** सरकार की कार्यशैली ने युवाओं के साथ ही साथ समाज के हर वर्ग को निराश किया है. राज्य में बढ़ते अपराध की एक वजह बेरोजगारी भी है. अपना भविष्य अंधेरे में देख रहे युवा निराश होकर नशे और अपराध की ओर कदम बढ़ा रहे हैं. यह अत्यंत चिंतनीय है. हमारी तैयारी हर युवा को रोजगार से जोड़ने की है. प्रतिदिन 300 की आय कैसे हो यह सुनिश्चित करना होगा. इस सरकार ने जनता के बारे में कुछ भी नहीं सोचा. अब चुनाव नजदीक देख इन्हें जनता की याद आ रही है. फ्री बिजली देने की बात करने वाली सरकार पहले लोगों को निर्बाध बिजली मुहैया कराने की व्यवस्था करे. कृषि ऋण उनका भी माफ हो रहा है, जो कृषक नहीं है. राज्य की जनता अब इनके छलावे में आने वाली नहीं है. मौके पर आजसू पार्टी के केंद्रीय संगठन सचिव जयपाल सिंह, सचिव सुनील सिंह, संजय सिद्धार्थ, सुशील महतो, चित्तरंजन महतो, गौतम कृष्ण साहू, जिप उपाध्यक्ष वीणा चौधरी, जितेंद्र बड़ाईक, आरती देवी, सुसेन प्रमाणिक, रवींद्र करमाली, सिल्ली सीओ अरुणिमा एक्का, अनिल मांझी, हरिपद मांझी, मीरा देवी, सोमरी देवी सहित अन्य उपस्थित थे.

## वकीलों के परिजनों को भी हेल्थ बीमा का लाभ

**रांची।** अब वकील के परिवार को सदस्यों को भी बीमा का लाभ मिलेगा. रविवार को झारखंड अधिवक्ता कल्याण निधि न्यास समिति की बैठक में महाधिवक्ता राजीव रंजन ने यह जानकारी दी. उन्होंने बताया कि ट्रस्टी और राज्य सरकार के संयुक्त मद से मिलने वाली बीमा का लाभ वकील के परिवार के सदस्यों को भी मिलेगा. चाहे वे वकील के माता-पिता हों, पति-पत्नी हों या ही 25 साल से कम उम्र के बच्चे हों या विधवा बहनें हों, सभी बीमा से कवर होंगे. बैठक के दौरान डेथ क्लेम से जुड़े दो करोड़ रुपये का वितरण किया गया. इस दौराम सीएम हेमंत सोरेन का भी आभार प्रकट किया गया. महाधिवक्ता ने बताया कि बीमा के तहत वकीलों को एयर एंबुलेंस की सुविधा मिलेगी. पेंशन 14 हजार रुपये मिलेंगे. इसका लाभ ट्रस्ट में शामिल 15 हजार वकीलों को मिलेगा.

**विचार मंथन**

### वर्तमान परिदृश्य और युवाओं के नशा की ओर बढ़ते कदम पर विचार गोष्ठी सह परिचर्चा

# राज्य की सभी सीटों पर चुनाव लड़ेगा अटल विचार मंच : यशवंत

विश्वजीत भट्ट। जमशेदपुर

पूर्व वित्त एवं विदेश मंत्री व अटल विचार मंच के संस्थापक यशवंत सिन्हा ने रविवार को माइकल जॉन ऑडिटोरियम में भारत की राजनीति में वर्तमान परिदृश्य व युवाओं के नशा की ओर बढ़ते कदम पर विचार गोष्ठी सह परिचर्चा को संबोधित किया. उन्होंने कहा कि अटल विचार मंच झारखंड की सभी सीटों पर चुनाव लड़ेगा, हालांकि इसका गठन कुछ दिन पूर्व ही किया गया है. उन्होंने कहा कि अटल विचार मंच राजनीति के अलावा भी बहुत सारे सामाजिक कार्य करेगा. वह भी अटल बिहारी वाजपेयी के आदर्शों पर चलते हुए. झारखंड में चुनावों की घोषणा होने के बाद राज्य के सभी जिलों में संगठन के लोगों से बात करने के बाद उम्मीदवारों की घोषणा की जाएगी.



गोष्ठी में मंच पर बैठे यशवंत सिन्हा व स्वागत भाषण देते संजीव आचार्य.

**रांची से पारडीह पहुंचने पर संगठन ने किया अभिनंदन :** इसके पूर्व रांची से पारडीह स्थित गोल चक्कर पर पहुंचने पर संगठन के पदाधिकारियों ने यशवंत सिन्हा का अभिनंदन किया. इसके अलावा शहर में तमाम चौक-चौराहे पर भी उनका नागरिक अभिनंदन किया गया. विचार गोष्ठी में विशिष्ट अतिथि आजसू नेता चंद्रगुप्त सिंह, रिटायर्ड डीएसपी कमल किशोर, वरिष्ठ नागरिक संघ के केंद्रीय अध्यक्ष शिवपूजन सिंह, अरका जैन यूनिवर्सिटी के वाइस चांसलर डॉक्टर एस. एस. रजी, झारखंड राज्य गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के अध्यक्ष शैलेंद्र सिंह, जिला बार एसोसिएशन के अध्यक्ष रथीनद्रनाथ दास, युवा समाजसेवी विकास सिंह, सिंहभूम चैंबर ऑफ कॉमर्स के पूर्व अध्यक्ष एके श्रीवास्तव, झारखंड आंदोलनकारी तरुण दे, जेपी आंदोलन में शामिल रहे सुरेश दत्त पांडे, अवधेश पाठक, कई समाजसेवी एवं शहर के प्रबुद्ध बुद्धिजीवियों ने कार्यक्रम को संबोधित किया. आयोजक अटल विचार मंच एवं झारखंड क्रांति सेना के सैकड़ों वॉलिंटियर्स ने तिरंगा यात्रा भी निकाली.

### घुसपैठ रोकना चाहिए ना कि इस पर राजनीति करनी चाहिए

यशवंत सिन्हा ने कहा कि राजनीति के कभी कुछ भी निश्चित नहीं होता, किसी भी पार्टी को समर्थन देने या लेने की बात हम तब सोचेंगे जब एकदम से पुल पर पहुंच जाएंगे. उन्होंने कहा कि झारखंड हो या देश में कहीं भी घुसपैठ रोकने की जिम्मेदारी बीएसएफ की होती है. केंद्र में भाजपा की सरकार बैठी है, इसलिए उसको घुसपैठ रोकना चाहिए ना कि इस पर राजनीति करनी चाहिए. मैं इसके बिलकुल समर्थन में हूं कि घुसपैठियों को चिन्हित कर उन्हें बाहर किया जाना चाहिए. जबकि ऐसा न करके भाजपा इस पर राजनीति कर रही है. भाजपा इसको मुद्दा बनाकर हिंदू–मुसलमान की राजनीति कर रही है. झारखंड क्रांति सेना के संस्थापक व अटल विचार मंच के कोल्हान के संयोजक संजीव आचार्य से स्वागत भाषण दिया और गोष्ठी का संचालन किया.

### अंतर राज्य महिला क्रिकेट टूर्नामेंट

## बूटी क्रिकेट क्लब की खिलाड़ी कुमारी पलक का हुआ चयन

संवाददाता। रांची

चंडीगढ़ में एक अक्टूबर से शुरू हो रहे अंतर राज्य महिला क्रिकेट टूर्नामेंट अंडर 19 के लिए बूटी क्रिकेट क्लब की खिलाड़ी कुमारी पलक का चयन किया गया है. पलक ने एनसीए कैंप में भी हिस्सा लिया. बता दें कि पूर्व में पलक झारखंड राज्य महिला क्रिकेट टीम की अंडर 15 की कप्तान रह चुकी है. इसके साथ अंडर 19 और अंडर 23 टीम में प्रतिभा बिखेर चुकी है. पिछले दिनों उनको झारखंड में सर्वश्रेष्ठ बल्लेबाज के पुरस्कार से सम्मानित किया गया है. पलक लेफ्ट हैंड बैटर के साथ दाएं हाथ की गेंदबाजी भी करती हैं, जिससे टीम को बतौर ऑलराउंडर बैलेंस मिलता है. इस उपलब्धि पर उनके कोच कुमार पंचित ने उनको शुभकामनाएं दी और उज्ज्वल भविष्य के लिए कामना की.



## उत्पीड़िता को न्याय की तलाश

यह ज्यादा पुरानी बात नहीं है. स्वतंत्रता दिवस पर राष्ट्र के नाम संबोधन में प्रधानमंत्री ने राज्य सरकारों को नसीहत दी थी कि महिलाओं के खिलाफ होने वाले अत्याचारों के मामलों में त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित की जानी चाहिए. भले ही तात्कालिक रूप में उनके कथन का इशारा कोलकाता में एक प्रशिक्षु डॉक्टर के साथ दुराचार के बाद की गई नृशंस हत्या की तरफ था. उनकी इस बात को राज्यों को व्यापक संदर्भ में लिया जाना चाहिए. वैसे यह संभव नहीं है कि प्रधानमंत्री की स्मृति में वर्ष 2002 के गुजरात के सांप्रदायिक दंगों के दौरान अमानवीय बर्बरता की शिकार बिलकिस बानो का मामला न रहा हो. इस दुखद घटना में गर्भावस्था के दौरान न केवल उसके साथ दुराचार हुआ था, बल्कि उसके भरे-पूरे परिवार के सात सदस्यों की भी हत्या कर दी गई थी. सर्वविदित है कि मोदी उन दिनों गुजरात के मुख्यमंत्री थे. संयोग से यह एक और स्वतंत्रता दिवस था, जब वर्ष 2022 में भारत आजादी के 75 साल पूरे होने का जश्न मना रहा था तो गुजरात सरकार ने उन ग्यारह दोषियों को रिहा कर दिया था, जिन्हें इस मामले में आजीवन कारावास की सजा सुनायी गई थी. दलील दी गई कि तकनीकी तौर पर वे उम्रकैद की निर्धारित अवधि पूरी कर चुके हैं और उनका जेल में व्यवहार संतोषजनक है. जैसे ही ये दोषी ठहराये लोग गोधरा उप-जेल से बाहर निकले, उनका फूल-मालाओं के साथ स्वागत किया गया था. जैसे वे अक्षम्य अपराध के अपराधी नहीं, बल्कि समाज के नायक हों. उल्लेखनीय है कि इस कांड के दोषियों को रिहा करने के चौंकाने वाले फैसले पर विवाद होने और न्यायिक सक्रियता के बाद सुप्रीम कोर्ट ने इसे रद्द कर दिया था. इस मामले में न केवल राजनीतिक स्तर पर विरोध हुआ, बल्कि पीड़ित पक्ष ने दोषियों की रिहाई का कड़ा प्रतिवाद किया था. पीड़ित पक्ष ने दोषियों की रिहाई को अपनी सुरक्षा के लिए खतरा बताते हुए न्यायिक संरक्षण की मांग की थी. इसके बावजूद राज्य सरकार इस मामले में लगातार बचाव करती रही है.अब इस फैसले की समीक्षा की मांग करने वाली राज्य सरकार की कोशिश को शीर्ष अदालत ने खारिज कर दिया है. इस कोशिश से संदेह करने की कोई गुंजाइश नहीं रह जाती कि राज्य के अधिकारियों ने दो साल पहले सजा माफी के लिये आधार तैयार करने के लिए तथ्यों को छिपाकर अदालत की दूसरी पीठ को भ्रमित किया था. उल्लेखनीय है कि पीड़ित पक्ष ने इस मामले में अदालती सुनवाई गुजरात से बाहर करने की मांग की थी. उन्हें आशंका थी कि यदि राज्य में मामले में मुकदमा चलता है तो गवाहों पर दबाव बनाकर न्यायिक प्रक्रिया को प्रभावित किया जा सकता है. इन्ही बातों के मद्देनजर इस मामले में महाराष्ट्र में मुकदमा चला और लंबी कानूनी प्रक्रिया के बाद दोषियों को सजा सुनाई गई थी. निश्चित रूप से इस मामले में माफी आदेश पारित करने का अधिकार भी सिर्फ और सिर्फ महाराष्ट्र सरकार का था. जबकि येन-केन-प्रकारेण गुजरात सरकार ने यह अधिकार हथिया लिया. इसी कड़ी में कालांतर में केंद्र सरकार ने आजीवन कारावास की सजा काट रहे लोगों की समय पूर्व रिहाई पर अपनी मोहर लगा दी थी.

> पीड़ित पक्ष ने दोषियों की रिहाई को अपनी सुरक्षा के लिए खतरा बताते हुए न्यायिक संरक्षण की मांग की थी. इसके बावजूद राज्य सरकार इस मामले में लगातार बचाव करती रही है.

### सुभाषित

**गुणी गुणं वेत्ति न वेत्ति निर्गुणो बली बलं वेत्ति न वेत्ति निर्बलः।**
**पिको वसन्तस्य गुणं न वायसः करी च सिंहस्य बलं न मूषकः॥**

गुणी पुरुष ही दूसरे के गुण पहचानता है, गुणहीन पुरुष नहीं. बलवान पुरुष ही दूसरे का बल जानता है, बलहीन नहीं. वसन्त ऋतु आए तो उसे कोयल पहचानती है, कौआ नहीं. शेर के बल को हाथी पहचानता है, चूहा नहीं।

# अमेरिका सच्चा दोस्त या हमारा वहम

**भारत-अमेरिका संबंधों की गांठ जितनी भी मजबूत होती रहे, दोनों देशों के बीच संदेह के बादल नहीं छंट पाते. द्विपक्षीय सहयोग में महत्वपूर्ण प्रगति के बावजूद, आशंकाएं अपना जगह ढूंढ़ ही लेती है. ऐसे में सवाल उठता है कि क्या भारत को अमेरिका को रूस जैसा साथी समझना चाहिए या सतर्क संदेह बनाए रखना चाहिए?**



• देश-काल



बृजेंद्र दुबे

हाल के वर्षों में भारत और अमेरिका के बीच करीबी बढ़ी है. दोनों एक-दूसरे को पहले से ज्यादा तवज्जो भी दे रहे हैं. वक्त और हालात की मांगों के मुताबिक दोनों देश एक-दूसरे को दोस्त भी बताने लगे हैं, लेकिन क्या सच में ऐसा ही है? अमेरिका ने तो भारत को अपना रणनीतिक साझेदार घोषित कर दिया है, क्वाड जैसे बिल्कुल करीबी गठजोड़ का हिस्सा बनाया है, अत्याधुनिक रक्षा तकनीक साझा करने को तैयार है, फिर यह सवाल क्यों? दरअसल, अतीत के अनुभव और भू-राजनैतिक उथल-पुथल की वर्तमान परिस्थितियां भारत-अमेरिका के रिश्तों को अक्सर कसौटियों पर कसते रहते हैं. दोनों देशों के बीच विभिन्न क्षेत्रों में हो रही साझेदारियों पर गौर करें तो कई बार ऐसा लगता है कि भारत का भरोसा जीतने के लिए अमेरिका मानो दिल चीरकर दिखाने की हद तक जा रहा है. लेकिन नजदीकियां और आपसी सहयोग बढ़ने के बावजूद वक्त-वक्त पर सवाल उठते रहते हैं कि क्या भारत कभी अमेरिका पर पूरी तरह से भरोसा कर सकता है?

संदेह की जड़ें इतिहास के महत्वपूर्ण क्षणों में वापस जाकर खोजी जा सकती हैं. अमेरिका के सामने जब भी भारत और पाकिस्तान के हितों का टकराव होता है तो वह अक्सर पाकिस्तान के साथ खड़ा होता है. 1971 में भारत-पाकिस्तान युद्ध हुआ, तो अमेरिका ने भारत के खिलाफ अपना सातवां बेड़ा बांग्लादेश की खाड़ी में तैनात कर दिया, ताकि जीतता हुआ भारत युद्ध रोक दे. तब भारत की प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी और अमेरिका के राष्ट्रपति रिचर्ड निक्सन थे. फिर 1998 में 13 दिन के लिए अटल बिहारी वाजपेयी प्रधानमंत्री की सरकार बनी, तो भारत ने परमाणु परीक्षण कर डाले. 11 और 13 मई, 1998 को राजस्थान के पोखरण में पांच परमाणु परीक्षण किए गए थे. इस पर अमेरिका ने भारत पर आर्थिक प्रतिबंधों की बाड़ लगा दी. आज की परिस्थिति भी बदली नहीं है. अब भी लोकतंत्र और मानवाधिकार पर भारत को पाठ पढ़ाने वाला अमेरिका पाकिस्तान में मानवता की धज्जियां उड़ता देख या तो चुप रहता है या फिर विरोध की औपचारिकता भर निभाता है. इतना ही नहीं, अमेरिका अपने यहां भारत विरोधी ताकतों को न केवल पाल रहा है, बल्कि उनके समर्थन में भारत को ही कटघरे में खड़ा करने से तनिक भी नहीं हिचकिचाता. अभी बांग्लादेश में जिस तरह भारत विरोधी ताकतों का साथ देकर अमेरिका ने सत्ता परिवर्तन करवाया, उससे दोस्ती की भावना को बढ़ावा तो नहीं ही मिल सकती है.

हाल ही में पीएम नरेंद्र मोदी की अमेरिका यात्रा जैसे कार्यक्रमों ने सेमीकंडक्टर निर्माण सौदे और बढ़े हुए रक्षा सहयोग जैसे आशाजनक समझौते किए हैं, लेकिन इन्हीं वजहों से आपसी संदेह कायम हैं. आलोचकों का तर्क है कि अमेरिका के पास प्रतिबंध लगाने और अन्य देशों के मामलों में हस्तक्षेप करने का एक ट्रैक रिकॉर्ड है, जो गुप्त उद्देश्यों की आशंकाओं को बढ़ाता है. खालिस्तानी आतंकियों के मामले पर भारत के राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार (एनएसए) अजीत डोभाल को जारी किए गए समन से जुड़ा हालिया विवाद अमेरिका की मंशा पर संदेह को और गहरा बनाता है. इसके अतिरिक्त, जिन नैरेटिव्स पर भारत के राजनीतिक परिदृश्य को पेश किया जा रहा है, उससे दक्षिण एशिया में अस्थिरता पैदा करने वाली शक्ति के रूप में अमेरिका की पहचान गहराती है. ऐसी कई वजहें हैं, जिनसे लगता है कि अमेरिका भारत की संप्रभुता को कमजोर करने के इरादे रखता है. भारत और अमेरिका के बीच पक्की दोस्ती की स्थापना में कई रुकावटें हैं. पहली रुकावट रणनीतिक प्राथमिकताओं में भिन्नता है, खास तौर पर चीन के मामले में. जबकि दोनों देश बीजिंग से बढ़ते खतरे को पहचानते हैं, उनके दृष्टिकोण में काफी अंतर है. रूस के साथ भारत के ऐतिहासिक संबंध इसके रुख को जटिल बनाते हैं, क्योंकि यह पश्चिम के साथ अधिक गहराई से जुड़ने के साथ-साथ उन संबंधों को संतुलित करने का प्रयास करता है. इसके अलावा, भारत में लोकतांत्रिक मर्यादाओं के पतन की धारणा अमेरिका के भीतर चिंता पैदा करती है, जिससे मानवाधिकारों के मुद्दों पर टकराव होता है. बाइडेन प्रशासन का लोकतांत्रिक मूल्यों पर ध्यान केंद्रित करना दोनों देशों के बीच संबंधों में एक दरार पैदा करता है, जिसे अभी तक पर्याप्त रूप से संबोधित नहीं किया गया है. अब सवाल उठता है कि क्या भारत को अपने संदेहों को अलग रखना चाहिए और अमेरिका के साथ अधिक भरोसेमंद संबंध अपनाना चाहिए? समर्थकों का तर्क है कि सेमीकंडक्टर मैन्युफैक्चरिंग और डिफेंस टेक्नॉलजी पर महत्वपूर्ण समझौतों से दोनों देशों के बीच विकासशील रणनीतिक साझेदारी सहयोग के एक नए युग का संकेत मिलता है. भारत के रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह के हालिया बयान भी इस बिंदु पर जोर देते हैं. उन्होंने भारत-अमेरिकी संबंधों को 21वीं सदी की परिभाषित साझेदारी बताया. हालांकि, ऐतिहासिक शिकायतों और वर्तमान भू-राजनीतिक पेचीदगियों में अंतर्निहित अविश्वास, इस विश्वास की धारणा के प्रति पूरी भारत की निष्ठा को कमजोर कर देता है. कुल मिला कर तमाम चुनौतियों के बावजूद, भारत-अमेरिका के संबंधों की यात्रा सतर्क, लेकिन आशावादी भविष्य की ओर इशारा करती है. द्विपक्षीय संबंध काफी परिपक्व होकर एक लेनदेन वाली साझेदारी से विकसित होकर व्यापक रणनीतिक हितों को शामिल करने वाले बन गए हैं. कूटनीति के जानकार कहते हैं कि दोनों देशों को सतही स्तर के कूटनीतिक इशारों से आगे बढ़कर अधिक स्पष्ट और रचनात्मक बातचीत करनी चाहिए, जो अक्सर हाई-प्रोफाइल बैठकों की विशेषता होती है. ऐसा करके वे अपने आपसी हितों को स्पष्ट कर सकते हैं और अपनी साझेदारी पर छाए संदेह को दूर कर सकते हैं.

**(ये लेखक के निजी विचार हैं)**

• बोधि-वृक्ष | डॉ. मयंक मुरारी



## अस्तित्व की गूंज

अस्तित्व की गूंज है कि हम सब पूर्ण हैं. पूर्ण से पूर्ण निकलता है. जो बचता है, वह भी पूर्ण ही होता है. यह संसार पूर्ण से निकला है. इसके बाद भी पूर्ण बचा हुआ है. जब कल यह सृष्टि परम अस्तित्व में वापस लौट जायेगी, तब भी पूर्ण ही उसकी प्रकृति होगी. जीवन में संपूर्णता की खोज एक महान आदर्श है. जीवन सब जगह पूर्णता की खोज करता है. पूर्णता की खोज पदार्थ में, पौधों में, जानवर में, पक्षियों में सभी जगह जारी है. हमें पत्थर जड़ लगते हैं, पेड़ में चेतना नहीं लगती है. पशु और पक्षियों में ज्ञान का अभाव दिखता है. लेकिन सभी तत्वों में जीवन की खोज चल रही है. हरेक तत्व का लक्ष्य ही जीवन है और जीवन का लक्ष्य पूर्णता प्राप्त करना है. यह पूर्णता ही परमात्मा है. जब व्यक्ति की सारी इच्छाएं खत्म हो जाएं, जब व्यक्ति को दुख-सुख में समानुभूति हो, जब व्यक्ति के अंदर चिंता, ज्ञान, वासना रूपी हरेक बंधन खत्म हो जाता है, तब वह आत्मिक रूप से स्वतंत्र हो जाता है. यह स्वतंत्रता ही आत्मा की खोज है. इसे प्राप्त करने के लिए न तो मृत्यु जरूरी है, और न ही परिश्रम. जीवन की क्षणभंगुरता के प्रति जागना ही चेतना का जागरण है. पूर्णता जीवन के ऊपर नहीं है. जीवन से अलग पूर्णता नहीं होती है. इस जीवन में ही सबकुछ है. मोक्ष हो या निर्वाण. महात्मा बुद्ध जीवन भर इसी बात की शिक्षा देते रहे कि खुद दीपक बनो. जीवन के चार आर्य सत्य हैं. जीवन को छोड़ने से मृत्यु की प्राप्ति होती है, जीवन को अंगीकार करने, उसके प्रति जागरण से पूर्णता की राह मिलती है. एक कहानी है. महान शिल्पी अपने घर में हथौड़ी और छेनी से कुछ काम कर रहा था. तभी कोई अतिथि उससे मिलने आ गया. शिल्पी चुपचाप दरवाजा खोला और अतिथि को पीछे पीछे आने का इशारा किया. बातचीत के क्रम में अतिथि ने कहा कि कई दिनों से तुम दिख नहीं रहे थे. क्या तुम अभी भी मूर्ति के निर्माण में लगे हो. या वह कार्य पूरा हो गया. शिल्पी की कलाकृति देखने के बाद अतिथि वाह कहने से खुद को रोक न सका. उसने कहा-यह उत्कृष्ट है. यह महान कलाकृति है, जिसकी रचना तुमने की है. यह तुम्हारी अब तक की सर्वश्रेष्ठ कृति है. शिल्पी ने कलाकृति पर काम जारी रखते हुए कहा- जब यह पूरी हो जायेगी, तो निःसंदेह उत्कृष्टता को प्राप्त कर लेगी. लेकिन इसमें बहुत काम है. इसके मुख में, हाथ पर, शरीर में तथा बालों में थोड़ा थोड़ा काम बचा रह गया है. अतिथि ने कहा कि ये छोटी बातें हैं. तब शिल्पकार ने कहा कि ये छोटी बातें, छोटे प्रयास ही पूर्णता देते हैं. पूर्णता कोई छोटी बात नहीं है.

# खतरनाक युद्ध की ओर बढ़ता पश्चिम एशिया

• देशांतर

एम ए हुसैन

हाल ही में लेबनान में हज़ारों पेजर तथा वॉक-टॉकी सेटों का विस्फोट एक ख़तरनाक घटना है जो इज़राइली हाथ के लक्षण दर्शाता है, जो संभवतः इज़राइल और हिज़्बुल्लाह के बीच आसन्न सैन्य युद्ध में वृद्धि के संकेत देता है. यह तनाव हिज़्बुल्लाह की हाल ही में इज़राइली सेना के साथ झड़पों के बाद से बढ़ रहा है, जो 7 अक्टूबर को हमास के नेतृत्व वाले घातक हमले के बाद गाजा के खिलाफ़ इज़राइल की तीव्र सैन्य कार्रवाइयों का सीधा जवाब है. लेबनान के पेजर को लक्षित करने के पीछे रणनीतिक उद्देश्य स्पष्ट है: हिज़बुल्लाह के आंतरिक संचार को पंगु बनाना, जो इसके सैन्य अभियानों का एक महत्वपूर्ण घटक है. हाल के वर्षों में हिजबुल्लाह ने संचार के लिए मोबाइल फोन का उपयोग करना बंद कर दिया है, क्योंकि उसे संदेह है कि इजरायली खुफिया एजेंसियों ने उनके साथ समझौता किया है, जिसके कारण हिज्बुल्लाह के प्रमुख लोगों की पहचान की गयी और उन्हें लक्षित तरीके से मार दिया गया. पेजर नेटवर्क पर हमला करके, इजरायल संभवतः इस नयी कमजोरी का फायदा उठाने की कोशिश कर रहा है, ताकि सैन्य कार्रवाई में वृद्धि की स्थिति में समन्वय करने की हिज्बुल्लाह की क्षमता को कम किया जा सके. ऐसा करके, इजरायल अपनी व्यापक क्षेत्रीय रणनीति में बढ़त हासिल करने की कोशिश कर सकता है, जिसमें गाजा में हमास को दबाने के साथ-साथ हिज्बुल्लाह के प्रभाव को बेअसर करना भी शामिल है.

हालांकि पेजर विस्फोटों से तत्काल मरने वालों की संख्या नौ थी और यह बढ़ सकती है क्योंकि 2,800 घायलों में से कुछ की हालत गंभीर बनी हुई है, लेकिन इन विस्फोटों के व्यापक निहितार्थ और भी अधिक चिंताजनक हैं. लेबनान की स्वास्थ्य सेवा प्रणाली, जो पहले से ही तनावग्रस्त है, के चरमराने का खतरा है. अगर इजरायल व्यापक सैन्य हमले के साथ आगे बढ़ता है, तो सैन्य और नागरिक हताहतों की बाढ़ लेबनान के चिकित्सा ढांचे को उसके टूटने के बिंदु पर पहुंचा देगा. चिकित्सा सेवाओं पर यह संभावित दबाव न केवल घायल लड़ाकों के इलाज की देश की क्षमता में बाधा उत्पन्न करेगा, बल्कि नागरिक हताहतों की संख्या बढ़ने के कारण मानवीय संकट भी पैदा करेगा. व्यापक भू-राजनीतिक दृष्टिकोण से, इज़राइल की कार्रवाइयों को एक उच्च-दांव जुआ के रूप में देखा जा सकता है. उत्तर में हिज्बुल्लाह से भिड़ने से गाजा और वेस्ट बैंक में उनके अभियानों के अलावा, इज़राइली बलों के लिए एक तीसरा मोर्चा खुल जायेगा. सतह पर, यह एक जोखिम भरा कदम प्रतीत होगा, जो इज़राइली संसाधनों का अत्यधिक उपयोग करेगा और इसकी सैन्य रणनीति को जटिल बनायेगा. हालांकि, संकटग्रस्त नेतन्याहू सरकार के लिए, यह वृद्धि एक महत्वपूर्ण राजनीतिक उद्देश्य की पूर्ति कर सकती है. नेतन्याहू का प्रशासन महत्वपूर्ण आंतरिक और अंतरराष्ट्रीय दबाव में रहा है, जिसमें चल रहे संघर्ष एक एकीकृत राष्ट्रीय कारण प्रदान करते हैं. एक बहु-मोर्चा युद्ध नेतन्याहू को राष्ट्रीय सुरक्षा की आड़ में राजनीतिक शक्ति को मजबूत करने, आलोचना को दूर करने और घरेलू समर्थन जुटाने में सक्षम बना सकता है. इस संभावित इज़राइली-हिज्बुल्लाह संघर्ष के सबसे खतरनाक तत्वों में से एक आधुनिक युद्ध में प्रौद्योगिकी की भूमिका है. इस पेजर हमले जैसे उन्नत तकनीकी युद्ध का उपयोग, एक व्यापक प्रवृत्ति की ओर इशारा करता है, जहां शारीरिक लड़ाई शुरू होने से पहले ही दुश्मनों को कमज़ोर करने के लिए गैर-पारंपरिक सैन्य रणनीतियों का इस्तेमाल किया जाता है. हिज़्बुल्लाह के संचार ढांचे को निशाना बनाकर, इज़राइल संभावित ज़मीनी या हवाई हमले का प्रभावी ढंग से जवाब देने की उसकी क्षमता को कमज़ोर करने का प्रयास कर रहा है.

इस टकराव के महत्वपूर्ण क्षेत्रीय परिणाम भी हैं. ईरान के साथ हिज़्बुल्लाह के घनिष्ठ संबंधों ने इसे लंबे समय से मध्य पूर्व के नाज़ुक शक्ति संतुलन में एक प्रमुख खिलाड़ी बना दिया है. जबकि ईरान ने हमास और इज़राइल के बीच मौजूदा संघर्ष में सीधे तौर पर शामिल होने से परहेज़ किया है, हिज़्बुल्लाह के प्राथमिक समर्थक के रूप में इसकी भूमिका इसे लेबनान के खिलाफ़ किसी भी इज़राइली कार्रवाई के बीच में रखती है. **(ये लेखक के निजी विचार हैं)**

> लेबनान की स्वास्थ्य सेवा प्रणाली, जो पहले से ही तनावग्रस्त है, के चरमराने का खतरा है. अगर इजरायल व्यापक सैन्य हमले के साथ आगे बढ़ता है, तो सैन्य और नागरिक हताहतों की बाढ़ लेबनान के चिकित्सा ढांचे को उसके टूटने के बिंदु पर पहुंचा देगा. चिकित्सा सेवाओं पर यह संभावित दबाव न केवल घायल लड़ाकों के इलाज की देश की क्षमता में बाधा उत्पन्न करेगा.

# युवाओं में क्यों बढ़ रहा बेबसी का भाव

• विमर्श

विश्वनाथ सचदेव

अपने हालिया अमेरिकी दौरे के दौरान, प्रधानमंत्री मोदी अमेरिका में बसे भारतीयों को पिछले एक दशक में हुए भारत के विकास का विवरण दे रहे थे. उन्होंने आंकड़े देकर बताया कि इस दौरान भारत में कितने आईआईटी और कितने आईआईएम खोले गए. उनका यह भाषण देश के टीवी चैनलों पर शायद लाइव दिखाया जा रहा था. मुम्बई की लोकल गाड़ी में मेरे साथ बैठे कुछ युवा मोबाइल पर यह सब देख रहे थे. तभी उनमें से एक बोल पड़ा, 'इनको पता ही नहीं है कि देश के कितने नौजवान बेकार बैठे हैं' वह आगे कुछ और भी कह रहा था, पर मेरा ध्यान इसी वाक्यांश पर अटक गया कि 'इनको पता ही नहीं है.' इनको यानी उन सबको जिनके कंधों पर यह जानने का बोझ है कि उनकी नीतियों से देश का नौजवान कितना लाभान्वित हो रहा है. उस दिन एक खबर आई थी टी.वी. पर. खबर हरियाणा के बारे में थी, जहां आजकल दिन-रात हमारे नेतागण अपनी तारीफों और दूसरों की बुराइयों में लगे हुए हैं. खबर में बताया गया था कि सफाई कर्मचारी के पद पाने के लिए तीन लाख 95 हजार युवाओं ने आवेदन किया है. खबर में यह भी बताया गया था कि इनमें से चालीस हजार तो स्नातक पदवीधारी हैं और लगभग सवा लाख बारहवीं पास हैं! कोई भी काम छोटा नहीं होता, लेकिन इस खबर से यह तो पता चल ही रहा है कि हमारी शिक्षा व्यवस्था का नागरिकों के जीवन-यापन से कितना और कैसा रिश्ता है. सफाई का काम कर पाने के लिए किसी को कितनी पढ़ाई करने की आवश्यकता है? किसी का स्नातक होना तो इसकी अर्हता हो ही नहीं सकती. होनी भी नहीं चाहिए. सफाई कर्मचारी की नौकरी पाने के लिए तो यह लगभग चालीस हजार युवा नहीं पढ़ रहे थे. कुछ सपने होंगे इनके भी. निश्चित रूप से जीवन की विवशताओं के समक्ष हार मानने के बाद ही इन युवाओं ने इस नौकरी के लिए आवेदन किया होगा. क्या उन्हें यह बात पता है जिन्हें पता होनी चाहिए? मुम्बई की लोकल गाड़ी में सफर करने वाले उस युवक ने अपने प्रधानमंत्री का भाषण सुनते हुए कहा था, 'इन्हें पता ही नहीं है' सेंटर फॉर मॉनिटरिंग इंडियन इकोनमी (सीएमआईई) द्वारा जारी किए गए आंकड़ों के अनुसार, अखिल भारतीय बेरोजगारी की दर 9.2 प्रतिशत है. अपने विकसित देश होने का सपना देखने वाले देश के लिए ये आंकड़े चिंता और शर्म दोनों का विषय होने चाहिए. हमारे नेता यह बात करते नहीं थकते कि पिछले एक दशक में हमारी अर्थव्यवस्था 90 प्रतिशत बढ़ गई है और भारत के लोग नए विश्वास से भरे हुए हैं. ये दोनों बातें सही हो सकती हैं, पर इस तथ्य को नहीं भुलाया जाना चाहिए कि आज देश में रोजगार के अवसर उतने नहीं हैं जितने होने चाहिए. आईआईएम और आईआईटी संबंधी दावों के बरक्स सच्चाई यह भी है कि हमारे विश्वविद्यालयों में से एक भी ऐसा नहीं है जिसकी गणना दुनिया के श्रेष्ठ समझे जाने वाले पहले सौ विश्वविद्यालयों में की जा सकती हो! अमेरिका में अपने भाषण में प्रधानमंत्रीजी ने हमारे सदियों पुराने विख्यात नालंदा विश्वविद्यालय को फिर से साकार करने का सपना दिखाया है. कौन नहीं चाहेगा कि उनका यह सपना साकार हो? पर इस सच्चाई को भी नहीं झुठलाया जा सकता कि अमेरिका में बसे जिन भारतीयों को वे संबोधित कर रहे थे, उनमें से अधिसंख्य वहां के श्रेष्ठ समझे जाने वाले विश्वविद्यालयों में पढ़ने गए थे. यूक्रेन और बांग्लादेश जैसे छोटे देशों में भी हमारे देश के विद्यार्थी पढ़ने जा रहे हैं! बेहतर स्वास्थ्य, बेहतर शिक्षा और बेहतर जीवन-स्तर किसी भी देश के विकसित होने को सही तरीके से परिभाषित करते हैं. किसी भी अर्थव्यवस्था की सफलता और मजबूती का बुनियादी मानदंड यही है कि हर हाथ को काम, हर सिर को छत, और हर नागरिक को आगे बढ़ने का उचित और पर्याप्त अवसर मिले. जब व्यक्ति को चाहने और प्रयास करने पर भी अपनी योग्यता और क्षमता के अनुरूप कार्य नहीं मिलता, तो अर्थव्यवस्था में बेरोज़गारी अपना सिर उठाने लगती है. दावे या वादे भले ही कुछ भी किए जा रहे हों, सच्चाई यह है कि आज देश का युवा अपने आप को असहाय पा रहा है. यह स्थिति बदलनी ही चाहिए. यह मानना गलत होगा कि हमारे नेतृत्व को यह सब पता नहीं है. **(ये लेखक के निजी विचार हैं)**

> आईआईएम और आईआईटी संबंधी दावों के बरक्स सच्चाई यह भी है कि हमारे विश्वविद्यालयों में से एक भी ऐसा नहीं है जिसकी गणना दुनिया के श्रेष्ठ समझे जाने वाले पहले सौ विश्वविद्यालयों में की जा सकती हो! अमेरिका में अपने भाषण में प्रधानमंत्रीजी ने हमारे सदियों पुराने विख्यात नालंदा विश्वविद्यालय को फिर से साकार करने का सपना दिखाया है.

### मीडिया में अन्यत्र

## वायु प्रदूषण से मिलकर लड़ने की जरूरत है

**दक्षिण-पश्चिम** मानसून के समापन की ओर बढ़ने के साथ, उत्तर भारत (खासकर सिंधु-गंगा का मैदान) जाड़े में हर साल बढ़ने वाले प्रदूषण के लिए खुद को तैयार कर लेता है. इसी हफ्ते, प्रधानमंत्री कार्यालय के एक शीर्ष अधिकारी ने दिल्ली, हरियाणा, पंजाब, राजस्थान और उत्तर प्रदेश के प्रतिनिधियों के साथ-साथ, दिल्ली के कई मंत्रालयों के प्रमुखों की एक बैठक बुलायी. इसका मकसद दिल्ली में हवा की गुणवत्ता को भयावह रूप से बिगड़ने से रोकने के लिए उठाये गये कदमों का आकलन करना था. हालांकि वाहनों द्वारा उत्सर्जन, सड़क व निर्माण कार्य की धूल, ठोस कचरा प्रबंधन और डीजल सेट से होने वाले प्रदूषण को वर्षों से उत्सर्जन के मुख्य स्रोतों के रूप में शुमार किया जाता रहा है, लेकिन पंजाब व हरियाणा में धान की पुआल जलाये जाने को अक्टूबर-नवंबर के दौरान कुल प्रदूषण के 40 फीसदी के लिए जिम्मेदार माना जाता है. हरियाणा के 80 लाख टन की तुलना में पंजाब में इस साल 1.952 करोड़ टन धान की डंठल निकलने की उम्मीद है. बैठक में, दोनों राज्यों ने इस साल धान की पुआल जलाये जाने के "अंत" का वादा किया है. यकीनन, पिछले नवंबर में, सुप्रीम कोर्ट ने इस तरह पुआल जलाने को पूरी तरह बंद करने का स्पष्ट आदेश दिया था. इस साल उसने केंद्र से यह जानकारी मांगी है कि इस समस्या से निपटने के लिए क्या कदम उठाये गये हैं. क्या राज्य अनुपालन कर सकते हैं, यह देखा जाना बाकी है.सन् 2023 के फसल कटाई के मौसम में, 2022 के मुकाबले पुआल जलाने की घटनाओं की तादाद में 59 फीसदी की गिरावट देखी गयी. हरियाणा में भी 40 फीसदी की गिरावट रही, लेकिन उत्तर प्रदेश में 30 फीसदी की वृद्धि देखी गयी. समस्या से निपटने के उपाय (डंठल जलाने से रोकने के लिए आर्थिक प्रोत्साहन के साथ-साथ दंडात्मक उपायों की व्यवस्था करना) मालूम होने के बावजूद, इन्हें लागू करना चुनौती बना हुआ है. पंजाब का कहना है कि उसे उम्मीद है कि वह फसल अवशेष के खेत में प्रबंधन के जरिए 1.15 करोड़ टन धान के डंठल का प्रबंधन कर लेगा और बाकी का प्रबंधन खेत से बाहर वाले तरीकों से किया जायेगा. इसी तरह, हरियाणा 33 लाख टन का खेत में प्रबंधन करेगा और बाकी के लिए खेत से बाहर वाले तरीके अपनायेगा. इसके अलावा, एनसीआर क्षेत्र के 11 ताप विद्युत संयंत्रों में 20 लाख टन पुआल दूसरे ईंधनों के साथ जलाया जायेगा. **(द हिंदू)**



### शब्द चर्चा | डॉ. विनय कुमार पाण्डेय

## आस्तिक/आस्तीक

**सुधाकर** पक्का आस्तिक है. उसे ईश्वर पर पूरा भरोसा है, लेकिन उसका दोस्त निखिल उतना ही पक्का नास्तिक है. इस वाक्य से तो आप समझ ही गये होंगे कि आस्तिक का मतलब ईश्वर में विश्वास करनेवाला होता है. आस्तिक शब्द संस्कृत के अस्ति शब्द से बना है, जिसका अर्थ 'यह है' या 'है' होता है. जैसे कहते हैं-तत्र एकः स्वानः अस्ति. मतलब वहां एक कुत्ता है. अस्ति का अर्थ है वर्तमान होने की अवस्था या भाव, सत्ता, विद्यमानता, पुराणों के अनुसार जरासंध की पुत्री जिसका विवाह कंस से हुआ था. इससे बना शब्द अस्तित्व है, जो तत्सम संज्ञा पुल्लिंग है और इसका मतलब है वजूद, होने का भाव, हस्ती, हैसियत, सत्ता, विद्यमानता, मौजूदगी, उपस्थिति यानी आस्तिक शब्द उस व्यक्ति का विशेषण है, जो ईश्वर पर विश्वास करता है. आस्तिक वह व्यक्ति है, जो वेद, ईश्वर और परलोक पर विश्वास करता है, जो मनसा, वाचा और कर्मणा किसी को दुख नहीं देता, जो रचयिता यानी परमात्मा और रचना यानी हम मनुष्य, आत्मा, प्रकृति, जीव जंतु आदि के अंतर को जानता है. आस्तिक वह व्यक्ति है जो अपने जीवन में जो मिला है, उसे स्वीकार करते हुए आगे बढ़ता है. इसका विपरीतार्थक शब्द है नास्तिक. मतलब जो 'न अस्ति' यानी 'नहीं है' में विश्वास करता है. नास्तिक उसे कहते हैं जो ईश्वर के अस्तित्व, परलोक और मृत्यु पश्चात जीवन में विश्वास नहीं करते. चार्वाक दर्शन जिसे लोकायत दर्शन भी कहते हैं, भारत में नास्तिक दर्शन कहलाता है और उसके अनुयायी नास्तिक कहे जाते हैं. आस्तिक का श्रुतिसम भिन्नार्थक शब्द है आस्तीक. सामान्यतः लोग इस शब्द को अशुद्ध या निरर्थक कह सकते हैं, लेकिन यह सार्थक शब्द है. वर्धा हिंदी शब्दकोश के अनुसार आस्तीक शब्द का प्रयोग महाभारत में एक ऋषि के लिए हुआ है, जिन्होंने जनमेजय के नागयज्ञ में तक्षक नाक सर्प को भस्म होने से बचाया था. पुराणों के अनुसार आस्तीक ऋषि जरत्कारु और नाग कन्या मनसा के पुत्र थे. उनके मामा गणेश जी, कार्तिकेय जी भगवान अयप्पा थे.

# दुनिया में जो आये हैं तो जीना ही पड़ेगा

• तीर-तुक्का

डॉ. रामवृक्ष सिंह



हमारे होनहार मार्केटिंग महारथियों ने महंगाई को कमतर दिखाने का एक तोड़ निकाल लिया है. पहले जो चाय-पत्ती का पैकेट आपको पैंसठ रुपये में मिलता था, वह महंगाई बढ़ने के बाद भी पैंसठ में ही मिल रहा है. बस फर्क इतना आया है कि पहले उसमें पाव भर यानी टू फिफ्टी ग्राम चाय-पत्ती रहती थी, अब उससे लगभग पंद्रह प्रतिशत कम यानी टू फिफ्टीन ग्राम चाय रहती है. बेचने वाले से पूछो तो वह युधिष्ठिरी सत्य बोलता है- टू फिफ्टी(न) ग्राम है. न का उच्चारण वह वैसे ही खा जाता है, जैसे धर्मराज युधिष्ठिर ने- नरो वा कुंजरो वा- बोलते समय किया था. उपभोक्ता को जब तक इसका बोध होता है, वह सदमे की क्रिटिकल स्टेज से बाहर निकल चुका है और संतोष कर लेता है-दुनिया में जो आए हैं तो जीना ही पड़ेगा. कुछ-कुछ इसी तर्ज़ पर अपने अर्थशास्त्री लोगों ने एक झटके में देश की ग़रीबी घटाने का उपाय खोज निकाला है. अंतरराष्ट्रीय रूप से यदि किसी व्यक्ति की क्रय-शक्ति प्रति दिन सवा डॉलर से कम है तो वह गरीब है. इस लिहाज से अपने देश के लगभग 40 प्रतिशत लोग अत्यधिक गरीब हैं. इस दृष्टिकोण में केवल भोजन को आधार बनाया गया है और स्वास्थ्य, शिक्षा आदि पर तनिक भी ध्यान नहीं दिया गया है. इसीलिए कभी-कभी गरीबी रेखा को भुखमरी रेखा का नाम भी दिया जाता है. वस्तुओं के दाम बढ़ने के कारण एक ओर इस मानदंड को बढ़ाकर सवा डॉलर के बजाय दो डॉलर करने की बात हो रही है, वहीं दूसरी ओर हमारे देश में इसे घटाकर लगभग साढ़े अट्ठाईस रुपये कर दिया गया है. सच कहें तो अपने देश के अर्थशास्त्रियों को यह बिलकुल नहीं सुहाता कि सोने की चिड़िया कहलानेवाले इस भारत में कोई ग़रीब रहे. इसलिए उन्होंने तय किया कि शहरों में अट्ठाईस रुपये और गांवों में बाईस रुपये प्रतिदिन उपभोग करनेवाले लोग गरीब नहीं, बल्कि उसके उलट, यानी सम्पन्न कहलाने के पात्र हैं. इस एक उपाय के करने मात्र से देश की ग़रीबी अचानक गायब हो गई है. अब अपने देश में ग़रीब आदमी ढूंढ़े से भी नहीं मिलेगा, क्योंकि शहरों में अट्ठाईस और गांवों में बाईस रुपये दैनिक का व्यय तो हर कोई करता है, आबाल-वृद्ध. बल्कि हमें तो लगता है कि गरीब आदमी को अब अपने देश की लुप्त-प्राय प्रजाति घोषित करके उसके संरक्षण की व्यवस्था करनी पड़ेगी. ताकि आनेवाली पीढ़ियों को बताया और दिखाया जा सके कि देखो गरीब इसे कहते हैं. हमें बड़ा डर लग रहा है कि यह गुरुतर दायित्व कैसे पूरा होगा. अब अपने यहां गरीब तो रहे नहीं.

# सुकून

## लक्षण पहचानिए और दूर करें बर्नआउट


डॉ आनंद श्रीवास्तव

कामकाजी युवा आबादी में जीवनशैली संबंधी बीमारियों, एसिडिटी और संबंधित गैस्ट्रोइंटेस्टाइनल विकारों की बढ़ती घटनाएं, इस ओर साफ इशारा करती हैं कि ऑफिस या कार्यस्थल पर किस हद का तनाव होता है. इनके पास 'अपने लिए' बहुत कम समय होता है. तनाव और थकान की वजह से टार्गेट के हिसाब किताब में उलझे रहते हैं. इसकी वजह बर्नआउट (मानसिक थकावट) है, जोकि मात्रा और तीव्रता दोनों ही लिहाज से बढ़ रहा है.

### तीन गुना तक बढ़ा बर्नआउट

दिल्ली के विद्यासागर इंस्टीट्यूट ऑफ मेंटल हेल्थ, न्यूरो एंड अलायड साइंसेज (विमहांस) में कंसलटेंट साइकियाट्रिस्ट डॉ. एस गजानन कहते हैं, हाल के दिनों में काम संबंधित तनाव और बर्न आउट से प्रभावित लोगों की संख्या में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है. ह्यूमन रिसोर्स प्रोफेशनल्स भी मानते हैं कि पिछले दो-तीन वर्षों में बर्नआउट की समस्या तीन गुना तक बढ़ गई है. एक प्रतिष्ठित प्लेसमेंट एजेंसी में सीनियर मैनेजर जयदीप पाहवा (नाम परिवर्तित) के मुताबिक पिछले दो-तीन वर्षों में बर्नआउट के मामले कई गुना बढ़ गए हैं, खासतौर पर सीनियर मैनेजमेंट पोजीशन पर सेवाएं दे रहे लोगों में. पाहवा कहते हैं, ' दरअसल, पिछले कुछ वर्षों से सीईओ लेवल पर काम करने वाले लोगों से अपेक्षाएं कई गुना बढ़ गई हैं. स्टेकहोल्डर्स की उन पर पैनी नजर रहती है. काम की पेचीदगियों और ज्यादा काम की वजह से उन पर बहुत ज्यादा दबाव रहता है. बकौल पाहवा, यह नौकरी शेर की सवारी की तरह है. इसकी वजह से गंभीर स्वास्थ्य समस्याएं, वैवाहिक समस्याएं, नींद में गड़बड़ी, मानसिक समस्याएं, शराब पीना और यहां तक कि उनका चरित्र भी प्रभावित होता है.

### पहचानिए लक्षण

डॉ. गजानन कहते हैं कि जॉब बर्नआउट काम से जुड़ा एक प्रकार का तनाव होता है जिसमें शारीरिक या भावनात्मक रूप से थकावट शामिल होती है. बर्नआउट के पीछे अवसाद (ट्रामा) जैसी अन्य स्थितियां भी होती हैं. लेकिन अवसाद और बर्नआउट अलग-अलग हैं, और उन्हें अलग-अलग तरह के उपचार की आवश्यकता होती है. आपको जॉब बर्नआउट है या नहीं और आप इसके बारे में क्या कर सकते हैं, यह पता करने के लिए आप इन लक्षणों पर गौर कर सकते हैं.

- क्या आप अपने काम के मूल्य पर सवाल उठाते हैं?
- क्या कोई काम शुरू करने में आपको परेशानी होती है?
- क्या आप अपने काम और अपने साथ काम करने वाले लोगों से अपने को अलग-थलग महसूस करते हैं?
- क्या आप सहकर्मियों या ग्राहकों के साथ बातचीत में धैर्य खो देते हैं?
- क्या आपमें अपना काम अच्छी तरह से करने की ऊर्जा की कमी महसूस होती है?
- क्या अपने काम पर ध्यान केन्द्रित करने में परेशानी होती है?
- क्या आप अपने काम से संतुष्ट नहीं हैं?
- क्या आप अपनी नौकरी से निराश महसूस करते हैं?
- क्या आपको अपनी योग्यता और कौशल पर संदेह है?
- क्या आप बेहतर महसूस करने के लिए या अपनी भावनाओं को नियंत्रित करने के लिए दवा या शराब का प्रयोग कर रहे हैं?
- क्या आपकी नींद की आदतें बदल गई हैं?
- क्या आपको सिरदर्द, पेट या आंत संबंधी समस्याएं, या अन्य शारीरिक शिकायतें हैं, जिनका कोई ज्ञात कारण नहीं है?

अगर आपके पास इनमें से किसी भी सवाल का जवाब हां में है, तो संभव है कि आपको जॉब बर्नआउट हो. बिना समय गवांए आपको किसी साइकियाट्रिस्ट से परामर्श लेना चाहिए. हालांकि यह ध्यान देने वाली बात है कि ये सभी लक्षण, अवसाद जैसी स्वास्थ्य स्थितियों से भी जुड़े हो सकते हैं.

### ऐसी स्थिति में क्या करें

अपनी चिंताओं के बारे में अपने बॉस से बात करें. शायद आप दोनों मिलकर बदलाव ला सकें या समस्याओं का समाधान कर सकें. जो काम किया जाना चाहिए, उसके लिए यथार्थवादी लक्ष्य निर्धारित करें. पता लगाएं कि क्या काम बाद में किया जा सकता है. अगर काम पर चीज़ें बदलने की संभावना नहीं है, तो आप ऐसी नौकरी की तलाश कर सकते हैं जो आपके लिए बेहतर हो. सहकर्मियों, मित्रों या प्रियजनों से सहायता मांगें. दूसरों से बात करने से आपको इससे निपटने में मदद मिल सकती है. भरपूर नींद लेने की कोशिश करें. माइंडफुलनेस रहिए यानी अपने अंदर और अपने आस-पास क्या चल रहा है, इसके बारे में बिना किसी निर्णय या प्रतिक्रिया के जागरूक होना. यह अभ्यास आपको काम पर होने वाली थकान और तनाव से निपटने में मदद कर सकता है.



### दफ्तर में नहीं बनें...

## ये बेचारा काम का मारा

**पिछले दिनों पुणे के ई वाई कंपनी में सीए लड़की की तनाव से मौत की खबर सामने आई. यह मामला जैसे ही सोशल मीडिया पर वायरल हुआ, ऊंची-ऊंची कंपनियों व कार्यस्थलों के शोषण की दास्तां भी विविध रंगों में सामने आने लगी. दरसअल कुछ समय से वर्क मैनेजमेंट कभी वर्कोहोलिक तो कभी टफ टास्क मास्टर जैसे शब्दों को मान्यता दे कर तो कभी 18-20 घंटे काम करने की मुफ़्त सलाह देकर शोषण और स्ट्रेस को हवा दे रहे हैं. ऐसे में ये खबरें आश्चर्यजनक नहीं हैं. परिस्थितियों को रातों रात बदलना खुद के हाथ में नहीं, पर आपने वर्कलोड को कैसे हैंडल करें, इस पर कुछ सुझावों पर विचार जरूर किया जा सकता है-**

### ▪ जानें क्या है महत्वपूर्ण

खुद से सवाल पूछें, कौन से कार्य और प्रोजेक्ट आपके काम पर सबसे ज़्यादा प्रभाव डालेंगे? एक बार जब आप जान जाते हैं कि सबसे महत्वपूर्ण क्या है, तो आप अपनी ऊर्जा उन चीज़ों पर केंद्रित कर सकते हैं और कम महत्वपूर्ण कार्यों को छोड़ सकते हैं.

### ▪ प्राथमिकता तय करें

एक बार जब आप जान जाते हैं कि सबसे महत्वपूर्ण क्या है, तो कुछ प्राथमिकताएं निर्धारित करने की दरकार होती है. सबसे पहले क्या किया जाना चाहिए? कौन से काम बाद में किए जा सकते हैं? शुरू करने के लिए एक अच्छी जगह यह है कि आप अपने कार्यों को डेट या टाइम लिमिट के अनुसार क्रमबद्ध करें. 96% लोगों को लगता है कि काम करने के लिए एक टू-डू सूची होने से वे अधिक बेहतर परफॉर्मेंस कर पाते हैं. साथ ही यह आपको किसी कार्य को समय से पहले पूरा करने के तनाव से भी बचाता है. एक बार प्रायोरिटी तय हो जाए तो आप अपनी ऊर्जा सबसे महत्वपूर्ण कार्यों पर केंद्रित कर पाएंगे और उन्हें अधिक तेज़ी से और कुशलता से पूरा कर पाएंगे.

### ▪ काम सौंपे

अपने कार्यभार को प्रबंधित करने के सबसे अच्छे तरीकों में से एक है काम सौंपना और आउटसोर्स करना. खास तौर पर अगर आपके पास कर्मचारियों की एक टीम है. अगर ऐसे काम हैं जो कोई और व्यक्ति आपसे बेहतर तरीके से कर सकता है, तो उन्हें काम सौंप दें! ऐसे में आप उन कामों पर ध्यान केंद्रित कर सकेंगे जो आपके लिए सबसे महत्वपूर्ण हैं. जरुरत पड़े तो कामों को पेशेवरों या सेवाओं को आउटसोर्स भी कर सकते हैं.

### ▪ ब्रेक लें

जब आप बहुत ज़्यादा तनाव महसूस कर रहे हों, तो ब्रेक लेना ज़रूरी है. भले अभी यकीन न कर पाएं, पर इससे बेहतर परिणाम होगा. अपने काम से दूर हटें और अपने लिए कुछ समय निकालें, चाहे वह टहलने जाना हो, संगीत सुनना हो या बस पांच मिनट आराम करना हो. ब्रेक लेने से आपको तरोताज़ा रहने और काम पर वापस लौटने पर ज़्यादा उत्पादक होने के लिए ध्यान केंद्रित करने में मदद मिलेगी.

### ▪ व्यवस्थित रहें

अपने कार्यस्थल को साफ और सुव्यवस्थित रखें, और सुनिश्चित करें कि आपकी सभी फ़ाइलें व्यवस्थित हों. डेस्कटॉप और गूगल ड्राइव की फाइलें भी व्यवस्थित हों. एक सिस्टम होने से आपको अपने काम पर ध्यान देने में मदद मिलेगी. किसी फ़ाइल की ज़रूरत होने और उसे न ढूंढ पाने से बुरा कुछ नहीं हो सकता.

### ▪ वास्तविकता के करीब हो टार्गेट

जब वर्कलोड कम करना चाहते हैं तो आपका टार्गेट भी वास्तविकता के करीब होना जरूरी है. यदि आप अवास्तविक लक्ष्य निर्धारित करते हैं, तो जब आप सब कुछ पूरा नहीं कर पाते हैं, तो आपके तनावग्रस्त होने की आशंका अधिक होती है.

### ▪ ना कहना सीखें

'नहीं'...यह छोटा सा शब्द आपकी कई समस्या का समाधान हो सकता है. आप पर पहले ही बहुत काम हैं और उसे ही नहीं पूरा कर पा रहे हैं तो नए प्रोजेक्ट या ऑफर्स/ आग्रह को ठुकरा देना ठीक है. आपको सब कुछ करने की ज़रूरत नहीं है, और कभी-कभी कुछ चीज़ों पर ध्यान केंद्रित करना और उन्हें अच्छी तरह से करना बेहतर होता है, बजाय इसके कि आप बहुत ज़्यादा काम करने की कोशिश करें और तनावग्रस्त महसूस करें.

### ▪ टालमटोल न करें

टालमटोल प्रोडक्टिविटी का दुश्मन है. अगर आप पाते हैं कि आप महत्वपूर्ण कार्यों को टाल रहे हैं और कुछ और कर रहे हैं, तो रुकें! जो काम करने हैं उनकी एक सूची बनाएं और एक समय में एक काम करना शुरू करें. जितनी जल्दी आप काम शुरू करेंगे, उतनी ही जल्दी आप काम पूरा कर लेंगे.

### ▪ टाइम मैनेजमेंट टूल इस्तेमाल करें

कभी-कभी दिन आपका समय बरबाद कर देता है, चाहे वह मीटिंग में हो या कामों में. लेकिन ऑनलाइन या ऐप के रूप में कई बेहतरीन टाइम मैनेजमेंट टूल उपलब्ध हैं. ये इस बात पर नज़र रखने में मददगार हो सकते हैं कि आप अपना समय कैसे बिताते हैं, लक्ष्य निर्धारित करते हैं और ट्रैक पर बने रहते हैं. इनका उपयोग करें, यकीनन आपकी प्रोडक्टिविटी बढ़ेगी.

### ▪ मल्टीटास्किंग से बचें

मल्टीटास्किंग से काम पूरा करना मुश्किल हो सकता है, इसलिए जब भी संभव हो इससे बचें. इससे उत्पादकता में 40% की कमी भी आ सकती है. एक समय में एक ही काम पर काम करना और उस पर पूरा ध्यान देना आपके काम को बेहतर तरीके से करने का एक तरीका है. इससे आपको ध्यान केंद्रित करने और उत्पादक बने रहने में मदद मिलेगी.

### ▪ सीमाएं तय करें

सीमाएं तय करना ज़रूरी है. इस बात को स्वीकार करना होगा कि आप सब कुछ नहीं कर सकते. अपनी सीमाएं जानें और उसके अनुसार ही काम करें. इससे आपको तनावग्रस्त महसूस करने से बचने में मदद मिलेगी. सीमाएं तय करना आपकी टीम पर भी लागू हो सकता है. आप उन्हें बता सकते हैं कि आप कब उपलब्ध नहीं हैं और कब आपको ध्यान केंद्रित करने के लिए समय चाहिए. अपने कैलेंडर में समय निर्धारित करके या अपनी ऑनलाइन स्थिति को 'दूर' रखकर ऐसा करें.

### ▪ अपना ख्याल रखें

यह छोटी सी लगने वाली बात बेहद महत्वपूर्ण है. अपना ख्याल रखना ज़रूरी है. सुनिश्चित करें कि आप हेल्दी डाइट ले रहे हैं, व्यायाम कर रहे हैं और पर्याप्त नींद ले रहे हैं. जब आप अपने शरीर का ख्याल रखेंगे, तो काम भी बेहतर करेंगे.

### ▪ सकारात्मक दृष्टिकोण रखें

जब आप मुस्कुराते हैं, तो यह अपने आप ही आपको अधिक उत्साहित और खुशनुमा बना देता है. यह आश्चर्यजनक है कि यह आपको कठिन समय और चुनौतीपूर्ण कार्यों से निपटने में कितनी मदद कर सकता है.

### ▪ सीखते रहें

नए कौशल सीखना, चाहे वह नया सॉफ़्टवेयर सीखना हो या समय बचाने का कोई नुस्खा, यह हमेशा आपके काम को आसान बना देगा. साथ ही, अपने सीवी में जोड़ने के लिए नए कौशल होने से आपको अपने करियर में आगे बढ़ने में मदद मिल सकती है.

### ▪ परफेक्टिनिस्ट नहीं बनें

बेशक अपना बेस्ट देना, 100% देना अच्छी बात है, लेकिन यह हमेशा संभव नहीं. वर्कलोड स्टेस से बचना है तो परफेक्टिनिस्ट बनने से बचें. कभी-कभी खुद को माफ करें और की गई किसी भी गलती से सीखें.

### ▪ उपलब्धियों का जश्न मनाएं

एक कदम पीछे हटकर यह देखना ज़रूरी है कि आप रोज़ाना क्या हासिल करते हैं. इससे आपको प्रेरित रहने और अपने लक्ष्यों पर ध्यान केंद्रित करने में मदद मिलेगी. और अगर आपकी टीम है, तो सुनिश्चित करें कि जब वे अच्छी चीज़ें हासिल करें तो आप भी जश्न मनाएं. यह हमेशा 'बड़ी' चीज़ें ही नहीं होतीं, यह बेहतरीन टीमवर्क जैसी चीज़ें भी हो सकती हैं.

यात्रा वृतांत

## खुशहाली का दूसरा नाम है- डेनमार्क!


किरण निशांत

बचपन से पढ़ती-सुनती आयी थी कि दूर कहीं एक छोटा-सा देश है डेनमार्क, जहां दूध की नदियां बहती हैं. जब डेनमार्क पहुंची तो नदियां मिलीं- दूध की नदी तो नहीं- साफ, स्वच्छ, पारदर्शी, नीले रंग की सुंदर नदियां. दरअसल दुनिया के खुशहाली के सूचकांक में जिन कुछ देशों का नाम ऊपर आता है, डेनमार्क उनमें अव्वल है. सचमुच खुशहाली से भरा है यहां के लोगों का जीवन. तभी इस देश के लिए वह मुहावरा बना होगा- जहां दूध की नदियां बहती है... डेनमार्क आकर कोई भी इस देश से प्रेम किये बगैर नहीं रह सकता. स्कैंडिनेवियन देशों की प्राकृतिक खूबसूरती के साथ ही यहां की विशिष्ट भौगोलिक स्थिति, विशिष्ट संस्कृति, वातावरण की शुद्धता, पर्यावरण के प्रति आम नागरिक का दायित्व बोध, लोगों की खुश रहने की प्रवृत्ति, कुल मिला कर इसे विशेष बना देते हैं. इन्हीं बातों से प्रेरित मैं इस बार स्कैंडिनेवियन देशों को देखने निकल पड़ी, जिनमें डेनमार्क के साथ ही नॉर्वे, स्वीडन और फ़िनलैंड आते हैं. ये सभी देश उत्तरी यूरोपीय क्षेत्र का एक हिस्सा है.



**▪ बिना बालकनी के घर**

स्कैंडिनेवियन देशों को नोर्डिक देश भी कहते हैं, जहां साल में दस महीने ठंड रहती है और ठंड में बर्फ अलग से गिरती है, जिस कारण लोगों को अपने जीवन का बड़ा हिस्सा घर के अंदर बिताना पड़ता है. इसलिए इनके घरों के डिजाइन भी सामान्य से अलग होते हैं. यहां के घर बहुत ही सादा, लेकिन आधुनिक थे. ज़्यादातर घरों में बालकनी नहीं होती, क्योंकि अधिक ठंड के कारण बालकनी में बैठने, खड़े होने का मौका ही नहीं होता, अलग से हवा भी आती है. इनके घरों की डिजाइन सीधा- सादा होने के साथ ही फंक्शनल होने के कारण दुनिया भर में मशहूर है.

**▪ सशक्त स्त्रियों का देश**

मैंने सुना था, नोर्डिक देशों की स्त्रियां बहुत सशक्त होती हैं. उनके कई महत्वपूर्ण अधिकार हैं जो केवल कागजी नहीं हैं, जिनका उपयोग यहां की स्त्रियां करती हैं. शादी जैसी संस्थाओं का कोई दबाव नहीं होता न इसके लिए तय उम्र का बंधन. समान काम के लिए समान वेतन का प्रावधान है. शादी के बिना ही स्त्री-पुरुष साथ रहते हैं, मर्जी हो तो बच्चे भी पैदा करते हैं, जिन्हें कोई हेय नहीं समझता. जब मर्जी हुई, कोई पसंद आया/आयी शादी कर लेते हैं. तलाक भी बहुत आसान होता है. कहने का मतलब यह कि यहां रिश्तों में जड़ता या रूढ़ि नहीं होती. किसी भी रिश्ते से ऊपर मानवता का, व्यक्तिगत इच्छा का, सुख का स्थान होता है.

**▪ किताब के पन्नों से कहीं अधिक खूबसूरत**



यूरोप में स्थित डेनमार्क देश की राजधानी कोपेनहेगन है. इसकी भू-सीमा केवल जर्मनी से मिलती है, जबकि उत्तरी सागर और बाल्टिक सागर, इसे स्वीडन से अलग करते हैं. यह देश जूटलैंड प्रायद्वीप पर हज़ारों द्वीपों में फैला हुआ है. मैं किसी नये देश में जाने पर वहां के शहरों में बाजार, सड़कों और गलियों पर घूमना पसंद करती हूं, ताकि स्थानीय लोगों से मिल सकूं, वहां की संस्कृति को जान सकूं. इसी मंशा से मैं अपने होटल से अपनी दोस्त मंजुला के साथ डेनमार्क की गलियों की खाक छानने, लोगों से गप करने निकल पड़ी थी. स्कूल जा रही कुछ लड़कियां मिलीं. थोड़ी-सी बात हुई उनसे, उनका समय लेना अच्छा नहीं लगा. आगे बढ़ने पर रास्ते में एक किताब की दुकान मिली और मिला वहां काम करने वाला निकोलस. बस, मैं वहीं बैठ गयी, चाय पीते हुए उससे गप करने लगी. निकोलस से बहुत बात हुई, डेनमार्क की संस्कृति के बारे में, वहां लोगों के बारे में, इस देश की खुशहाली के बारे में. डेनमार्क के बारे में किताबों में पढ़ी बातों से कहीं ज्यादा खूबसूरत, विशिष्ट था यह शहर और यहां के लोग. यहां की गलियां, यहां के शहर, यहां के रास्ते.

**▪ केनाल में मत्स्य कन्या!**

हमारी गाइड एलिन ने हमें शहर दिखने का एक अच्छा रास्ता निकाला. हम केनाल (नहर) के रास्ते से, नाव में बैठ कर पूरे शहर को इसके दर्शनीय स्थानों को देखने निकाल पड़े, जो मनभावन था. शहर का ज्यादा हिस्सा केनाल के दोनों किनारों पर फैला था. हर कुछ दूरी पर पुल बने थे, जो इसके दोनों किनारों को जोड़ रहे थे और शहर को विस्तार दे रहे थे. हम जितनी देर केनाल में घूमते रहे, गाइड की कमेंटरी- इस शहर के बारे में, इसके इतिहास और इसकी संस्कृति, इसकी परम्पराओं के बारे में चलती रही थी. और इसकी खूबसूरती तो हम देखते जा ही रहे थे. केनाल के एक किनारे पर एक आधी मछली, आधी औरत की मूर्ति बनी हुई थी. लोग उसके साथ अपनी तस्वीरें ले रहे थे, और मुझे अपने देश के कथा-कहानियों में वर्णित मत्स्य कन्या याद आ रही थी.

## आपके किचन का घी तो है शुद्ध !

***तिरुपति के लड्डुओं का विवाद पिछले दिनों उठा था. मामले में कितनी सच्चाई है, यह अभी जाहिर नहीं, पर इस घटना ने हमें फिर एक बार सोचने को विवश कर दिया है कि महंगे दामों में जो हम घी के डिब्बे अपनी किचन में ला रहे हैं, वे कितने शुद्ध हैं. अगर आप भी इन दिनों यही सोच रहे तो जानिए घी की मिलावट को परखने के कुछ आसान से टिप्स...***



- एक कटोरे में दो चम्मच घी और 1/2 चम्मच नमक डालें. अब दो बूंद हाइड्रोक्लोरिक एसिड मिलाएं. लगभग 20 मिनट बाद घी का रंग चेक करें. यदि घी लाल या कोई और रंग का दिखाई दे रहा है तो वह मिलावटी है.
- एक गिलास पानी में एक चम्मच में घी डालें. अगर घी पानी में तैरने लगे तो वह शुद्ध है. अगर घी पानी के अंदर डूब जाए तो यह मिलावटी है.
- एक चम्मच घी को हथेलियों पर लेकर करीब दस-बारह मिनट अच्छी तरह मलें. अब इसे सूंघने पर यदि घी में गंध नहीं है तो वह मिलावटी है. शुद्ध घी में एक अलग तरह की सुगंध होती है.
- 3-4 चम्मच घी को एक बर्तन में रखकर आंच में रखें. आंच से उतारने के बाद इसे 24 घंटे के लिए उसी बर्तन में ठंडा होने के लिए छोड़ दें. फिर घी को चेक करें. यदि घी का रंग अब भी पीला है, यह पूरी तरह से जमा हुआ नहीं है, और इसकी गंध पहले जैसी ही तेज बनी है, तो यह शुद्ध घी है.
- किसी बर्तन में पानी रखकर एक दूसरे बर्तन में दो चम्मच घी रखें और इसे गर्म करें. इस डबल-बॉयलर टेस्ट से यह पता लग जाएगा कि आपके घी में किसी तरह के तेल (नारियल, बादाम, तिल) आदि की मिलावट तो नहीं है? इस तरह से तेल और घी अलग-अलग हो जाता है और आपको घी की शुद्धता का पता चलता है. डबल-बॉयलर से जब घी पिघल जाए तो इसे एक कंटेनर में निकाल कर कुछ देर के लिए फ्रिज में रख दें. यदि आपके घी में नारियल का तेल होगा तो घी और तेल की एक अलग-अलग परत आपको भी दिखेगी. अगर ऐसा न हो तो मतलब आपका घी शुद्ध है.
- एक पैन को गर्म करें और उसमें 1 बड़ा चम्मच घी डालें. घी पिघलते हुए अपना रंग बदलने लगेगा. अगर घी ज्यादा गर्म हो जाए और उसका रंग डार्क ब्राउन हो जाए तो मतलब आपका घी एकदम शुद्ध है. अगर आपका घी पिघलने में भी टाइम लें और यह एकदम लाइट येलो हो जाए तो समझिए कि इसमें मिलावट है.
- एफएसएसएआई के मुताबिक अगर घी में स्टार्च की मिलावट है तो किसी कांच की गिलास में एक चम्मच घी को डालें और उसमे एक से दो बूंद आयोडीन डाल दें। घी अगर मिलावटी होगा तो तुरंत रंग बदल जाएगा.
- शुद्ध देसी घी का स्मोकिंग प्वाइंट ज्यादा होता है. आसानी से देसी घी नहीं जलता.

### घी में इनकी मिलावट

घी में मिलावट करने के लिए सस्ते और खराब क्वालिटी के तेल जैसे वेजिटेबल तेल, पिघला हुआ बटर, डालडा और हाइड्रोजेनेटेड तेल का इस्तेमाल किया जाता है. इसके अलावा इसमें आलू और शकरकंद को मसल कर भी मिलाया जाता है. केमिकल, नकली एसेंस, कोलतार की भी मिलावट घी में की जाती है. जानवरों की चर्बी को पिघलाकर उससे भी घी बनाने की खबर सामने आती रहती है.

### रखें ध्यान

**संभव हो तो घर में ही बनाएं.**

- घी हमेशा विश्वसनीय दुकान से ही खरीदें.
- हमेशा एफएसएसएआई से अप्रूव देसी घी को ही खरीदें.
- लोकल ब्रांड और सस्ते घी के चक्कर में ना पड़ें.

संयोजन : चेतना झा, डिजाइनिंग - खुशबू कुमारी

# लीमा विश्व चैंपियनशिप : भारतीय जूनियर निशानेबाजों ने दो टीम स्वर्ण पदक जीते




**एजेंसी। नयी दिल्ली**

भारतीय जूनियर निशानेबाज़ों ने पेरू की राजधानी लीमा में शुरू हुई इंटरनेशनल शूटिंग स्पोर्ट फेडरेशन (आईएसएसएफ) जूनियर विश्व चैंपियनशिप राइफल/ पिस्टल/ शॉटगन में अपने अभियान की शुरुआत पुरुष और महिला 10 मीटर एयर पिस्टल में दो टीम स्वर्ण पदकों के साथ की, वहीं कनक ने महिला एयर पिस्टल में कांस्य पदक जीतकर भारत को पहला व्यक्तिगत पदक दिलाया. उनके इस प्रदर्शन की बदौलत भारत पहले दिन के अंत में पदक तालिका में शीर्ष पर पहुंच गया जबकि रोमानिया और चीनी ताइपे ने दिन के दो व्यक्तिगत स्वर्ण पदक अपने नाम किए. इसके अलावा पांच अन्य देशों ने भी पहले दिन पदक जीते. भारतीय टीम का स्कोरबोर्ड सबसे पहले जूनियर पुरुषों की तिकड़ी उमेश चौधरी, प्रद्युम्न सिंह और मुकेश नेलवल्ली ने खोला. उन्होंने 10 मीटर एयर पिस्टल पुरुष टीम प्रतियोगिता में 1726 अंकों के साथ स्वर्ण पदक जीता. यह स्कोर दूसरे स्थान पर रही रोमानिया की टीम से 10 अंक अधिक था, जबकि इटली ने 1707 अंकों के साथ कांस्य पदक जीता. उमेश और प्रद्युम्न ने व्यक्तिगत फाइनल में भी जगह बनाई, जहां उन्होंने क्वालिफिकेशन राउंड में क्रमशः तीसरे और चौथे स्थान पर रहते हुए 580 और 578 अंक हासिल किए. हालांकि दोनों व्यक्तिगत पदक से चूक गए और उमेश छठे और प्रद्युम्न आठवें स्थान पर रहे. रोमानिया के लुका जोल्डिया ने स्वर्ण पदक जीता और चीनी ताइपे के ह्सीह सियांग-चेन ने रजत पदक अपने नाम किया.

मुकेश क्वालिफिकेशन में 574 अंकों के साथ नौवें स्थान पर रहे. इसके बाद जूनियर महिलाओं की बारी आई, जहां कनिष्का डागर, लक्षिता और अंजलि चौधरी की तिकड़ी ने 1708 अंकों के साथ महिला 10 मीटर एयर पिस्टल टीम प्रतियोगिता में स्वर्ण पदक जीता. उन्होंने अज़रबैजान को एक अंक से हराया, जबकि कांस्य पदक विजेता यूक्रेन से चार अंक आगे रहे. कनिष्का ने व्यक्तिगत फाइनल में भी 573 अंकों के साथ तीसरा स्थान हासिल किया, वहीं कनक ने भी समान स्कोर किया लेकिन कम इनर 10 के कारण उन्होंने पांचवें स्थान पर क्वालिफाई किया. फाइनल में कनिष्का आठवें स्थान पर रहीं जबकि कनक ने 217.6 अंकों के साथ कांस्य पदक जीता. चीनी ताइपे की चेन यू-चुन ने स्वर्ण और स्लोवाकिया की मांजा स्लक ने रजत पदक जीता. जूनियर पुरुषों की प्रतियोगिता में चौथे भारतीय प्रमोद 572 अंकों के साथ 14वें स्थान पर रहे, जबकि जूनियर पुरुषों की प्रतियोगिता में गंबेर्या गौड़ा ने 557 अंक हासिल कर 42वें स्थान पर समाप्त किया.

## बेंगलुरु में नए एनसीए का उद्घाटन किया

**बेंगलुरु।** खिलाड़ियों को बेहतर सुविधाएं मुहैया कराने की दिशा में बीसीसीआई ने एक और पहल की है. रविवार को बेंगलुरु में नई राष्ट्रीय क्रिकेट अकादमी (एनसीए) का उद्घाटन किया गया. विश्व स्तरीय इस अकादमी को अब बीसीसीआई सेंटर ऑफ एक्सीलेंस (सीओई) के नाम से जाना जाएगा. इससे पहले यह 2000 में अपनी स्थापना के बाद से एम चिन्नास्वामी स्टेडियम परिसर में था. अब, बेंगलुरु में केम्पेगौड़ा अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे के पास 40 एकड़ से ज्यादा जमीन पर फैले बीसीसीआई सेंटर ऑफ एक्सीलेंस में कुल तीन विश्व स्तरीय मैदान और 86 पिच हैं, जिनमें इनडोर और आउटडोर दोनों क्षेत्र शामिल हैं.

### न्यूजीलैंड के खिलाफ पारी और 154 रनों की बड़ी जीत दर्ज की

# श्रीलंका ने 2-0 से जीती टेस्ट सीरीज

**डेब्यू मैच में निशान पेरिस ने दूसरी पारी में 6 विकेट लिये**

**एजेंसी। गॉल (न्यूजीलैंड)**

श्रीलंका क्रिकेट टीम ने प्रभात जयसूर्या की घातक गेंदबाजी के दम पर टेस्ट सीरीज में न्यूजीलैंड को फिर हरा दिया. पहला टेस्ट 63 रन से जीतने के बाद दूसरे मुकाबले में मेजबान टीम ने पारी और 154 रन की बड़ी जीत दर्ज की. पहली पारी में श्रीलंका ने 5 विकेट पर 602 रन बनाकर पारी घोषित की और न्यूजीलैंड को 88 रन पर पहली पारी में ढेर कर फॉलोऑन खेलने पर मजबूर किया. दूसरी पारी में पूरी टीम मैच के चौथे दिन 360 रन पर ऑलआउट हो गई. डेब्यू मैच में निशान पेरिस ने दूसरी पारी में 6 विकेट लेकर कमाल कर दिया. दो मैचों की टेस्ट सीरीज में श्रीलंका की टीम ने न्यूजीलैंड पर 2-0 की जीत दर्ज करते हुए क्लीन स्वीप किया. गॉल में खेले गए दूसरे टेस्ट मैच में कीवी टीम की बल्लेबाजी पहली पारी में बुरी तरह से नाकाम रही. दूसरी पारी में संघर्ष किया लेकिन टीम पारी की हाल नहीं टाल पाई. दिनेश चांदीमल, कामिंडू मेंडिस और कुसल मेंडिस ने पहली पारी में श्रीलंका के लिए शतक जमाया तो प्रभात जयसूर्या ने 6 विकेट निकाले. दूसरी पारी में निशान पेरिस ने 6 विकेट लेकर अपने डेब्यू को यादगार बनाया.



**डेब्यू पर चमके निशान, जयसूर्या का जलवा कायम**

न्यूजीलैंड के खिलाफ टेस्ट डेब्यू कर रहे निशान पेरिस ने गॉल टेस्ट की दूसरी पारी में 170 रन देकर 6 विकेट हासिल किए. पहली पारी में भी उन्होंने 3 विकेट अपने नाम किया था. अनुभवी स्पिनर प्रभात जयसूर्या ने इस मुकाबले में फिर से अपनी फिरकी का दम दिखाया. पहली पारी में 6 विकेट लेने के बाद दूसरी पारी में भी 3 कीवी बल्लेबाजों को आउट किया.

**जयसूर्या ने सीरीज में झटके 18 विकेट**

न्यूजीलैंड के खिलाफ सीरीज में प्रभात जयसूर्या का जलवा देखने को मिला. पहले मुकाबले की पहली पारी में 4 विकेट लेने के बाद दूसरी पारी में 5 विकेट अपने नाम किए. दूसरे टेस्ट में भी उनकी फिरकी ने कमाल दिखाया. पहली पारी में 6 विकेट और फिर दूसरी पारी में 3 विकेट लेकर दो मैचों की सीरीज में कुल 18 विकेट इस गेंदबाज ने झटके.

**कामिंदु प्लेयर ऑफ द मैच और प्रभात को प्लेयर ऑफ द सीरीज**

कामिंदु मेंडिस को 'प्लेयर ऑफ द मैच अवॉर्ड' मिला है. उन्होंने पहली पारी में शानदार 182 रन बनाए थे. इसके अलावा बाएं हाथ के स्पिन गेंदबाज प्रभात जयसूर्या को 'प्लेयर ऑफ द सीरीज' दिया गया है. सनथ जयसूर्या ने अपनी बैटिंग के दौरान जिस तरह से क्रिकेट की दुनिया में नए मानक स्थापित किए थे, उसी तरह से उनकी कोचिंग में श्रीलंकाई क्रिकेट के एक नए युग की शुरुआत दिखाई दे रही है. श्रीलंका क्रिकेट बोर्ड ने जयसूर्या का अनुबंध एक और साल के लिए बढ़ा दिया है.

**टेस्ट क्रिकेट इतिहास में सबसे बड़ी लीड के साथ फॉलोऑन देने वाली टीमें**

- 702 रन – इंग्लैंड (903/7) vs ऑस्ट्रेलिया (201) – द ओवल, 1938
- 570 रन – पाकिस्तान (643) vs न्यूजीलैंड (73) – लाहौर, 2002
- 514 रन – श्रीलंका (602/5) vs न्यूजीलैंड (88) – गॉल, 2024
- 504 रन – ऑस्ट्रेलिया (645) vs इंग्लैंड (141) – ब्रिस्बेन, 1946
- 496 रन – ऑस्ट्रेलिया (735/6) vs जिम्बाब्वे (239) – वाका पर्थ, 2003

**इंग्लैंड आज भी पहले पायदान पर**

फॉलो ऑन के साथ सबसे बड़ी लीड का रिकॉर्ड आज भी ऑस्ट्रेलिया के नाम दर्ज है. जोकि 702 रन की थी, जो 86 साल पहले हुई थी. जब साल 1938 में ओवल में एक टेस्ट मैच में इंग्लैंड ने 903 रन बनाए थे, जिसके बाद ऑस्ट्रेलिया की पूरी टीम महज 201 रन पर सिमट गई थीं. श्रीलंका ने न्यूजीलैंड को 15 साल बार टेस्ट सीरीज में मात दी है. श्रीलंकाई टीम का यह प्रदर्शन पिछले कुछ समय से कमाल की निरंतरता दिखा रहा है. जब से श्रीलंका के पूर्व ओपनर और दिग्गज बाएं हाथ के बल्लेबाज सनथ जयसूर्या ने अपनी टीम की कोचिंग की कमान संभाली है, तब से टीम का प्रदर्शन शानदार रहा है. श्रीलंका ने इस दौरान भारत को वनडे सीरीज में हराया, उसके बाद इंग्लैंड को उसकी ही धरती पर टेस्ट मैच में मात दी और अब न्यूजीलैंड के खिलाफ टेस्ट सीरीज जीत ली है.

**श्रीलंका मजबूती के साथ तीसरे स्थान पर**

मौजूदा जीत के बाद श्रीलंका क्रिकेट टीम 55.56 प्रतिशत पीसीटी के साथ विश्व टेस्ट चैंपियनशिप अंक तालिका में तीसरे स्थान पर पहुंच गई है. इस तालिका में 71.67 पीसीटी के साथ भारत नंबर एक पर है. ऑस्ट्रेलिया की टीम 62.50 पीसीटी के साथ नंबर दो पर है. भारत ने अभी तक दोनों विश्व टेस्ट चैंपियनशिप फाइनल खेले हैं. दूसरी ओर न्यूजीलैंड के नाम भी एक अनचाहा रिकॉर्ड जुड़ गया है. यह टीम विश्व टेस्ट चैंपियनशिप के इतिहास में अब तक एक भी बार विदेशी धरती पर टेस्ट सीरीज नहीं जीत पाई है. यह हैरान करने वाला तथ्य है क्योंकि न्यूजीलैंड पहली विश्व टेस्ट चैंपियनशिप को जीत चुका है. जब उन्होंने भारत को हराकर इस चैंपियनशिप का उद्घाटन संस्करण जीता था.

**न्यूजीलैंड के साथ हुआ दूसरी बार**

बता दें कि न्यूजीलैंड के लिए अब दूसरा टेस्ट जीत पाना यहां से लगभग नामुकिन नजर आ रहा है. इससे पहले साल 2002 में भी न्यूजीलैंड के साथ कुछ ऐसा ही हुआ था. जब न्यूजीलैंड की टीम को पाकिस्तान ने 570 रनों के बढ़त के साथ फॉलो-ऑन दिया था. इसी के साथ न्यूजीलैंड टेस्ट क्रिकेट के इतिहास की पहली ऐसी टीम बन गई है, जिसे विरोधी टीम ने दो बार 500+ रन की बढ़त हासिल करके फॉलो-ऑन दिया है. न्यूजीलैंड के लिए ऐसा खराब फॉर्म चिंता का विषय बना हुआ है.

### अनकैप्ड प्लेयर को लेकर बदला है आईपीएल में नियम

# धौनी को रिटेन करने के लिए सीएसके का रास्ता साफ

**एजेंसी। बेंगलुरु**

अगर पांच बार की आईपीएल चैंपियन चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) चाहती है कि एमएस धौनी को एक अनकैप्ड प्लेयर के तौर पर रिटेन



किया जाए तो उनका रास्ता बिल्कुल साफ है. ऐसा इसलिए संभव हो पाया है क्योंकि आईपीएल ने फैसला लिया है कि वह अपने 2008 के एक नियम को वापस लाएगी. उस नियम के तहत अगर कोई अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी पांच साल पहले रिटायर हुआ हो तो उसे अनकैप्ड प्लेयर माना जाएगा. इस नियम का प्रयोग कभी नहीं किया गया था और इसे 2021 में हटा दिया गया था. हालांकि अनकैप्ड खिलाड़ियों पर व्यापक चर्चा के दौरान आईपीएल ने सभी फ्रेंचाइजी को सूचित किया कि वह इस नियम को वापस ला रही है. खिलाड़ियों को रिटेन करने के लिए आईपीएल ने फ्रेंचाइजी को जो नियम बताए हैं, उसमें लिखा है, अगर किसी कैप्ड भारतीय खिलाड़ी ने पांच कैलेंडर वर्षों से अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में हिस्सा नहीं लिया है और वह बीसीसीआई के केंद्रीय अनुबंध में शामिल नहीं है तो उसे अनकैप्ड खिलाड़ी की श्रेणी में रखा जाएगा. यह केवल भारतीय खिलाड़ियों के लिए लागू होगा.

2022 की मेगा नीलामी से पहले धौनी को सीएसके ने दूसरे खिलाड़ी के रूप में 12 करोड़ रुपये में रिटेन किया था. जुलाई में धौनी 43 वर्ष के हो चुके हैं. उन्होंने 2020 में संन्यास लेने के बाद से केवल आईपीएल में ही हिस्सा लिया है. यदि सीएसके अब उन्हें अनकैप्ड खिलाड़ी के रूप में रिटेन करने का फैसला करती है, तो धौनी को 4 करोड़ रुपये का भुगतान किया जाएगा. पिछले कुछ सीजन से यह चर्चा लगातार होती रही है कि क्या धौनी का अंतिम आईपीएल सीजन है? 2023 में घुटने की सर्जरी कराने के बाद उन्होंने आईपीएल 2024 से पहले सीएसके की कप्तानी ऋतुराज गायकवाड़ को सौंप दी थी. बल्लेबाज़ी में वह काफी कम गेंदों का सामना करने आते थे. हाल ही में एक कार्यक्रम में धौनी ने कहा था कि वह और सीएसके, खिलाड़ियों के रिटेंशन नियम आने के बाद अपने भविष्य के बारे में फैसला लेंगे.

## ग्वालियर में 14 साल बाद अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट की वापसी

**नयी दिल्ली।** बांग्लादेश के विरुद्ध तीन मैचों की टी-20 सीरीज के लिए सूर्यकुमार यादव की अगुवाई वाली भारतीय टीम की घोषणा हो चुकी है. टीम में सूर्यकुमार के अलावा केवल एक और सीनियर खिलाड़ी पूर्व टी20 कप्तान हार्दिक पांड्या शामिल हैं. हाल में आईपीएल में अच्छा प्रदर्शन करने वाले सभी खिलाड़ियों को चुना गया है. टीम ग्वालियर दो अक्टूबर को आएगी और छह अक्टूबर को शंकरपुर में श्रीमंत माधवराव सिंधिया क्रिकेट स्टेडियम में सीरीज का पहला टी-20 मैच खेलेगी. इसी के साथ ग्वालियर में 14 साल बाद अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट की वापसी होगी. भारतीय टीम बांग्लादेश के विरुद्ध ग्वालियर के अलावा नई दिल्ली में नौ अक्टूबर और हैदराबाद 12 अक्टूबर को टी-20 मैच खेलेगी. भारतीय टीम के खिलाड़ी होटल ऊषा किरण पैलेस (यूकेपी) में रुकेंगे.

### ईरानी कप में रेस्ट ऑफ इंडिया की टीम में खेलेंगे ईशान

# ईशान किशन को नहीं मिली टीम इंडिया में जगह

**एजेंसी। नयी दिल्ली**

भारत और बांग्लादेश के बीच दो मैचों की टेस्ट सीरीज का दूसरा मुकाबला कानपुर के ग्रीन पार्क में खेला जा रहा है. टेस्ट के बाद दोनों टीमें तीन मैचों की टी20 सीरीज के लिए मैदान पर होंगी. टी20 सीरीज के लिए बीसीसीआई ने टीम इंडिया का एलान कर दिया है, जिसमें ज्यादातर युवा और कुछ नए चेहरे दिखाई दिए हैं. हालांकि टीम से ईशान किशन का नाम गायब रहा. ईशान भारत के लिए तीनों फॉर्मेट खेलने वाले विकेटकीपर बल्लेबाज हैं. हालांकि उन्होंने टीम इंडिया के लिए आखिरी मुकाबला नवंबर, 2023 में खेला था, जो अफगानिस्तान के खिलाफ टी20 इंटरनेशनल मैच था. 2023 वनडे वर्ल्ड कप में टीम इंडिया का हिस्सा रहने वाले ईशान किशन को लंबे वक्त से नजरअंदाज किया जा रहा है. वैसे 1 से 5 अक्टूबर के मुंबई और रेस्ट ऑफ इंडिया के बीच ईरानी कप का मैच खेला जाएगा. लखनऊ के इकाना स्टेडियम में खेले जाने वाले मुकाबले में ईशान को रेस्ट ऑफ इंडिया का हिस्सा बनाया गया है. ऐसे में ईशान के लिए बांग्लादेश के खिलाफ टी20 सीरीज में हिस्सा लेना काफी मुश्किल हो सकता था, क्योंकि 5 अक्टूबर को ईरानी कप का मैच खत्म होगा और फिर 6 अक्टूबर को टी20 सीरीज की शुरुआत हो जाएगी. अब देखना दिलचस्प होगा कि ईशान कब टीम इंडिया में दोबारा जगह हासिल कर पाते हैं.



**बांग्लादेश के खिलाफ टी20 सीरीज के लिए 15 सदस्यीय भारतीय टीम :** सूर्यकुमार यादव (कप्तान), अभिषेक शर्मा, संजू सैमसन, रिंकू सिंह, हार्दिक पांड्या, रियान पराग, नितीश रेड्डी, शिवम दुबे, वॉशिंग्टन सुंदर, रवि बिश्नोई, वरुण चक्रवर्ती, जितेश शर्मा, अर्शदीप सिंह, हर्षित राणा, मयंक यादव.

# स्पीड मास्टर मयंक यादव टीम इंडिया की नयी रफ्तार?

**एजेंसी। नयी दिल्ली**

आईपीएल 2024 में लखनऊ सुपर जायंट्स के लिए डेब्यू, महज 3-4 मैच खेला और चोटिल होने के कारण टूर्नामेंट से बाहर हो गया. मगर, इन चंद मौकों में वो लड़का दो बार ''मैन ऑफ द मैच'' बना और आईपीएल हिस्ट्री के स्पीड मास्टर में अपना नाम दर्ज करा गया. इम्पैक्ट ऐसा कि पूरी दुनिया उसकी फैन बन गई. नाम है- मयंक यादव. हालांकि, अनफिट होने के कारण पिछले कुछ महीने ये खिलाड़ी गायब था लेकिन अब समय आ गया है उसके कमबैक का. बीसीसीआई ने शनिवार को बांग्लादेश के खिलाफ टी20 सीरीज के लिए 15 सदस्यीय टीम इंडिया का ऐलान किया. खिलाड़ियों के नाम सामने आते ही एक ऐसा चेहरा एक बार फिर सुर्खियों में आया, जो आईपीएल में अपनी रफ्तार से गदर मचाने के बाद गायब था. आईपीएल 2024 में डेब्यू करते हुए मयंक यादव ने सुर्खियां बटोरी थीं और अब वो बांग्लादेश के खिलाफ अंतरराष्ट्रीय टी20 डेब्यू के बेहद करीब है. 22 साल का यह तेज गेंदबाज 153 किलोमीटर प्रति घंटे से ज्यादा की रफ्तार से गेंदबाजी करने का



माद्दा रखता है. बड़े-बड़े दिग्गज इसके प्रदर्शन से 'मंत्रमुग्ध' थे. यहां तक कि इसकी तुलना शोएब अख्तर जैसे खूंखार गेंदबाज से होने लगी है. रफ्तार के साथ उनके पास बोनस में अच्छी लाइन लेंथ, वेरिएशन और सटीक यॉर्कर भी है जो उनकी गेंदबाजी को मजबूत करते हैं. आईपीएल 2024 में मयंक यादव ने मात्र तीन मैच खेले और चौथे मैच में चोटिल होने के कारण टूर्नामेंट से बाहर हो गए. लेकिन चंद मैचों में वो बीसीसीआई और टीम चयनकर्ता की नजरों में छा गए. हालांकि, चोटिल होने के कारण उन्हें मौका नहीं मिला था. मगर, अब उन्हें टी20 फॉर्मेट के लिए हरी झंडी दे दी गई. तेज गेंदबाज मयंक यादव को पहली बार भारत की टीम में शामिल किया गया है. उन्हें बांग्लादेश के खिलाफ तीन मैच की टी20 सीरीज के लिए टीम में चुना गया है. सीरीज 6 अक्टूबर से ग्वालियर में शुरू होगी. चंद मैचों में इस युवा तेज गेंदबाज ने क्रिकेट जगत में अपनी पहचान बना ली है. कई क्रिकेट दिग्गज मयंक को लेकर भविष्यवाणी कर चुके हैं कि आने वाले समय में वह भारतीय गेंदबाजी की सबसे बड़ी ताकत होगा. मयंक यादव के पिता प्रभु यादव मूल रूप से बिहार के सुपौल जिले के रहने वाले हैं. हालांकि, मयंक का जन्म दिल्ली में ही हुआ और यही पले-बढ़े हैं. मयंक ने 2022 में विजय हजारे ट्रॉफी में दिल्ली के लिए डेब्यू किया. उनकी गेंदबाजी ने लखनऊ सुपर जायंट्स के सहायक कोच विजय दहिया का ध्यान आकर्षित किया. आईपीएल 2024 की नीलामी में लखनऊ ने 20 लाख की बेस प्राइस में अपनी टीम के साथ जोड़ा था.

### आईएसएल | इंडियन सुपर लीग में बेंगलुरु एफसी की लगातार तीसरी जीत

# सुनील छेत्री के ऐतिहासिक गोल का मनाया गया जश्न

**एजेंसी। बेंगलुरु**

कप्तान सुनील छेत्री के ऐतिहासिक गोल का जश्न श्री कांतीरवा स्टेडियम में मौजूद बेंगलुरु एफसी के फैंस ने जमकर मनाया, क्योंकि ब्लूज ने इंडियन सुपर लीग (आईएसएल) 2024-25 में मोहन बागान सुपर जायंट को 3-0 से हरा दिया. बेंगलुरू एफसी की जीत में स्पेनिश फॉरवर्ड एडगर मेंडेज ने नौवें, मिडफील्डर सुरेश सिंह वागजाम ने 20वें और सुनील छेत्री ने (पेनल्टी किक पर) 51वें मिनट में गोल किए. अपने 64वें गोल के साथ ही सुनील आईएसएल इतिहास में सबसे ज्यादा स्कोर करने वाले खिलाड़ी बन गए हैं. एडगर मेंडेज को मैच का पहला गोल करने और शानदार खेल दिखाने के लिए प्लेयर ऑफ द मैच घोषित किया गया. ब्लूज की शानदार जीत से उसके स्पेनिश हेड कोच जेरार्ड जारागोजा बेहद खुश होंगे. बेंगलुरू एफसी तीन मैचों में तीन जीत से नौ अंक लेकर तालिका में दूसरे से शीर्ष पर पहुंच गई है. वहीं, मैरिनर्स द्वारा सीजन में पहली बार हार का स्वाद चखने से स्पेनिश हेड कोच जोस मोलिना बेहद निराश होंगे. मोहन बागान सुपर जायंट तीन मैचों में एक जीत, एक ड्रॉ और एक हार से चार अंक लेकर तालिका में चौथे से छठे



स्थान पर लुढ़क गए हैं. मैच का पहला गोल नौवें मिनट में आया, जब स्पेनिश फॉरवर्ड एडगर मेंडेज ने बेंगलुरु एफसी को शुरुआती बढ़त दिलाते हुए स्कोर 1-0 कर दिया. बाएं फ्लैंक में मिली फ्री-किक पर स्पेनिश मिडफील्डर अल्बर्टो नोगुएरा ने गेंद को खिलाड़ियों की भीड़ के ऊपर से फार पोस्ट की तरफ बॉक्स के अंदर पहुंचाया, जहां मौजूद निखिल पुजारी ने हैडर किया और गेंद टिप्पा खाने के बाद बाउंस हुई जिसे मेंडेज ने बेहद करीब से दाहिना पैर लगाकर टॉप राइट कॉर्नर में गोलजाल में उलझा दिया जबकि मोहन बागान के गोलकीपर विशाल कैथ के पास ज्यादा कुछ करने के लिए नहीं था. 20वें मिनट में मिडफील्डर सुरेश सिंह वागजाम ने गोल करके बेंगलुरू एफसी की बढ़त को दोगुना करते हुए स्कोर 2-0 कर दिया. दाहिनी तरफ से गोल लाइन के करीब पहुंचने के बाद एडगर मेंडेज ने बॉक्स के ठीक बाहर से क्रॉस डाला, लेकिन फर्स्ट पोस्ट के आगे फॉरवर्ड सुनील छेत्री ने गिरने से पहले उस पास पर एक महत्वपूर्ण टच लगाकर मौका बनाया, जिस पर सुरेश ने पीछे से तेजी से आकर करारा राइट फुटर शॉट लगाया और गेंद आगे आए गोलकीपर विशाल कैथ के ऊपर से निकलकर राइट कॉर्नर के अंदर गोल जाल में जा उलझी. 51वें मिनट में कप्तान सुनील छेत्री ने पेनल्टी किक पर गोल करके बेंगलुरु एफसी की बढ़त को 3-0 कर दिया. बेंगलुरू एफसी को पेनल्टी किक के रूप में यह सुनहरा मौका 50वें मिनट में मिला, जब स्पेनिश फॉरवर्ड एडगर मेंडेज को सेंटर-बैक दिपेंदु बिस्वास ने अपने बॉक्स के अंदर पीछे से खींचकर फाउल कर दिया.

## निशानेबाजी में रामगढ़ के बसंत ने जीता सिल्वर

**रांची।** रामगढ़ के बसंत हेतमसरिया ने आसनसोल (पश्चिम बंगाल) के आसनसोल राइफ़ल क्लब में पूर्वी क्षेत्र के छह राज्यों के लिए आयोजित 8वीं ईस्ट जोन शूटिंग चैंपियनशिप के 10 मीटर पिस्टल (एनआर) पुरुष व्यक्तिगत स्पर्धा के सीनियर मास्टर वर्ग में सिल्वर मेडल जीता है. उन्होंने दो माह पूर्व देवघर में हुई झारखंड स्टेट शूटिंग चैंपियनशिप में अपने वर्ग में इसी प्रतियोगिता में गोल्ड मेडल जीता था. रामगढ़ के ही सोनू प्रताप सिंह ने 25 मीटर स्टैंडर्ड पिस्टल की व्यक्तिगत पुरुष स्पर्धा में कांस्य पदक जीता है. दोनों निशानेबाज़ रामगढ़ के फ़ीनिक्स शूटिंग एकेडमी में शूटिंग करते हैं.



### कानपुर टेस्ट : नहीं सूख पाया मैदान

# तीसरे दिन भी खेल नहीं हुआ

**एजेंसी। कानपुर**

भारत बनाम बांग्लादेश कानपुर टेस्ट का तीसरा दिन भी रद्द घोषित कर दिया गया है. 29 सितंबर को कानपुर में कोई बारिश तो नहीं हुई, लेकिन मैदान गीला होने के कारण कोई खेल नहीं हो पाया. रातभर हुई बारिश के कारण मैदान की मिट्टी में अंदर तक पानी बैठ चुका था. तीसरे दिन ग्राउंड स्टाफ को खूब मशक्कत करते देखा गया, लेकिन ग्रीन पार्क स्टेडियम खेलने के लिए तैयार नहीं हो पाया. फिलहाल बांग्लादेश का स्कोर 3 विकेट के नुकसान पर 107 रन है. ग्राउंड अंपायर भारतीय समयानुसार सुबह 10 बजे मैदान का जायजा लेने पहुंचे थे.

दोनों अंपायर आउटफील्ड की हालत देख कतई खुश नहीं थे. उसके दो घंटे बाद यानी 12 बजे अंपायर दोबारा मैदान पर उतरे, लेकिन अब भी ग्राउंड स्टाफ की मेहनत सफल नहीं हो पाई क्योंकि मैदान में पानी के कारण गीले स्पॉट बन चुके थे. ग्रीन पार्क स्टेडियम के क्षेत्र में सुबह से बिल्कुल भी बारिश नहीं हुई थी, फिर भी जब 2 बजे आखिरी बार मैदान का जायजा लिया गया तो अंतिम फैसला लेकर अंपायरों ने दिन का खेल रद्द घोषित कर दिया. पहले दिन भी बारिश के कारण देरी से खेल शुरू हुआ था. टॉस एक घंटे देरी से हुआ, जिसमें भारत ने पहले गेंदबाजी करने का निर्णय लिया था. पहले दिन मेहमान टीम ने 35 ओवर खेल कर 3 विकेट के नुकसान पर 107 रन बनाए थे.

### चर्चा है कि बिहार विधानसभा चुनाव से पहले पटना मेट्रो का पहला फेज बनकर तैयार हो जाएगा

# मेट्रो चलाने की तैयारी पूरी! 26 स्टेशनों के नाम तय

**संवाददाता।पटना**

राजधानी पटना में मेट्रो बनाने काम पिछले कई सालों से चल रहा है. लेकिन पिछले कुछ महीनों में मेट्रो बनाने के काम में काफी तेजी देखी गई है. जिस तेजी से वर्तमान में काम चल रहा है ऐसी चर्चा है कि बिहार विधानसभा चुनाव से पहले में पटना मेट्रो का पहला फेज बनकर तैयार हो जाएगा. वर्तमान रूपरेखा की बात करें तो पटना में बनने बाले बिहार के पहले मेट्रो के पहले फेज में कुल 26 स्टेशन बनाए जा रहे हैं. पटना में मेट्रो की रूट




की बात करें तो राजधानी में मलाही पकड़ी से न्यू आईएसबीटी के अलावे एयरपोर्ट से पटना सिटी के तख्त हरमंदिर साहिब गुरूद्वारे से भी जोड़ा जाएगा. इसी कड़ी में पटना मेट्रो को आरा तक जोड़ने की मांग तेजी से पकड़ रही है. जानकारी के अनुसार आरा की मेयर इंदु देवी ने बिहटा से आरा तक मेट्रो लाइन के विस्तार की मांग की है. उन्होंने मुख्यमंत्री नीतीश कुमार को पत्र लिखकर यह मांग रखी है. मेयर इंदु देवी का कहना है कि आरा शहर पटना के करीब है और दोनों शहर लगभग एक जैसे हो गए हैं. आरा से बिहटा की दूरी सिर्फ 28 किलोमीटर है. चार शहरों में मेट्रो का सर्वे होना है. आरा को भी इसमें शामिल किया जाना चाहिए. पटना और आरा के बीच रोजाना बड़ी संख्या में लोग यात्रा करते हैं. बिहटा से आरा तक एलिवेटेड मेट्रो का विस्तार किया जाना चाहिए. इससे आरा शहर शिक्षा, स्वास्थ्य और पर्यटन के लिहाज से काफी विकसित होगा.

बता दें कि वर्ष 2019 में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री नीतीश कुमार में पटना मेट्रो का शिलान्यास किया था. 6 साल से राजधानी में मेट्रो बनाने का काम तेजी से चल रहा है. पटना के अलावा गया, भागलपुर, मुजफ्फरपुर और दरभंगा में मेट्रो शुरू करने की तैयारी है. अभी इसकी संभाव्यता (फिजिबिलिटी) का अध्ययन किया जा रहा है. गुड़गांव स्थित एजेंसी राइट्स को इसकी जिम्मेवारी सौंपी गई है. इस पर सात करोड़ रुपए खर्च होंगे. सर्वे के बाद राइट्स को चार माह में रिपोर्ट देनी है.

## गरमायी राजनीति : मीसा ने नीतीश को घेरा

- लालू के पोस्ट पर उपेंद्र कुशवाहा के पलटवार पर मीसा भारती ने दी कड़ी प्रतिक्रिया

**एजेंसी।पटना**

पाटलिपुत्र से लोकसभा सांसद और लालू प्रसाद यादव की बेटी मीसा भारती ने रविवार को लालू प्रसाद यादव के सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर किए गए पोस्ट, ''बिहार-बलात्कार'' पर उपेंद्र कुशवाहा की ओर से किए गए पलटवार पर प्रतिक्रिया दी. मीसा भारती ने रविवार को पटना में पत्रकारों से बातचीत की. इस दौरान लालू प्रसाद यादव के पोस्ट पर राष्ट्रीय लोक मोर्चा के अध्यक्ष और राज्य सभा सांसद उपेंद्र कुशवाहा के



पलटवार पर प्रतिक्रिया देते हुए मीसा भारती ने कहा कि हम राष्ट्रीय जनता दल के लोग या विपक्ष के नेता ये आरोप लगाते हैं कि घटना आज घटती है और हम चर्चा 20-22 या 25 साल पहले की करते हैं. ये दुर्भाग्यपूर्ण है. घटना आज घटी है, सरकार के मुख्यमंत्री और सरकार का नेतृत्व ये लोग करते हैं, जो लोग इस तरह की बात करते हैं, तो जवाब देना पड़ेगा. मैंने पहले भी कहा था कि प्रशासन पर मुख्यमंत्री की पकड़ कमजोर पड़ती जा रही है. इसके अलावा उन्होंने राज्य में बाढ़ की स्थिति को लेकर राज्य सरकार पर निशाना साधा. मीसा भारती ने कहा कि बाढ़ की स्थिति बिहार में काफी गंभीर है. हम लोगों ने भी स्थिति को देखा है. अब मुख्यमंत्री नीतीश कुमार, उनके मंत्री, उनके अधिकारी निश्चित तौर पर इस मामले में कहीं ना कहीं पूरी तरह से इंतजाम कर रहे होंगे. हालांकि, पूरे मामले में जनता को यह बताना चाहिए कि वह क्या कर रहे हैं. हमें उम्मीद है कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार इस मामले को लेकर बिल्कुल गंभीर होंगे. बता दें कि लालू प्रसाद यादव ने शनिवार को एक्स पर एक पोस्ट में 32 बार 'बिहार-बलात्कार' लिखा था.

### ब्रीफ खबरें

#### युवक की पीट- पीट कर हत्या, जांच शुरू

**मुंगेर।** मुंगेर में आपसी विवाद में युवक की पीट-पीट कर हत्या कर दी गई है. हत्या कर शव फेंक दिया गया था. सुबह में शव के बरामद होने के बाद परिजनों में कोहराम मच गया . पुलिस शव को अपने कब्जे में लेकर मामले की तहकीकात में जुटी है. कसीमाबाजार थाना क्षेत्र के हेरूदियार कुर्मी टोला के पास जब ग्रामीणों ने एक युवक का शव देखा. कासिम बाजार थाना प्रभारी रुबिका कच्छप ने बताया कि परिजनों ने गांव के ही कुछ लोगों पर हत्या का आरोप लगाया है, जिसकी जांच चल रही है.

#### बिहार से अगवा बच्चा देवरिया से बरामद

**गोपालगंज।** गोपालगंज जिले के फुलवरिया थाना क्षेत्र के मजीरवा कला गांव से एक अपहृत बच्चे को पुलिस ने यूपी से सकुशल बरामद कर लिया है और उसके मां को सुपुर्द कर दिया गया है. गिरफ्तार अपहरणकर्ता यूपी के देवरिया जिले के लाढ थाना क्षेत्र के नेमा निवासी नथुनी सिंह के बेटा अमित कुमार सिंह के रूप में की गई है. पिछले 26 सितंबर 2024 को फुलवरिया थाना क्षेत्र के मजिरवां कला गांव निवासी रामानंद सिंह के आठ वर्षीय बेटा अनीश कुमार का अपहरण एक मोटरसाइकिल सवार अज्ञात अपराधी द्वारा कर लिया गया था.

### बाढ़ का कहर : सरकार ने बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों के डीएम से की बात

# जलमग्न हुए इलाके, रेल सेवा प्रभावित

**संवाददाता।पटना**

नेपाल में भारी बारिश की वजह से उतरी बिहार की स्थिति गंभीर हो गई है. गंडक-कोसी समेत अन्य सभी नदियों में उफान आ गया है. नेपाल में भी भारी वर्षा के कारण रविवार की सुबह पांच बजे कोसी बराज, वीरपुर से 6,61,295 क्यूसेक जलस्राव हुआ है, जो 1968 के बाद सर्वाधिक है. तटबंधों की सुरक्षा के लिए जल संसाधन विभाग की टीमें दिन-रात लगी हुई है. इधर, भारी बारिश की वजह से रेल सेवा भी प्रभावित हुई है. नेपाल के पानी का असर अब रेल परिचालन पर भी दिखने लगा है.

नेपाल से सटे जोगबनी सीमा से सटे नेपाल में हुई भारी बारिश का पानी जोगबनी रेलवे स्टेशन के ट्रैक पर पहुंच गया है. बाढ़ का पानी रेलवे ट्रैक पर जमा हो गया है. इस कारण जोगबनी से खुलने वाली सभी ट्रेनों को अगले आदेश तक के लिए रद्द किया गया है. रविवार सुबह से ही सभी ट्रेनों का परिचालन जोगबनी की बजाय फारबिसगंज से किया जा रहा है. बता दें, नेपाल से सटे भारतीय क्षेत्र में जोगबनी अंतिम स्टेशन है.यहां से कटिहार के लिए सीधी रेल सेवा है. हालांकि नेपाल में हुई भारी वर्षा के कारण उफनाई नदियों का जलस्तर सामान्य होने की तरफ बढ़ चला है.



#### बगहा में शहर के साथ दियारा इलाकों में बाढ़ ने मचाई तबाही

बेतिया। बाढ़ से पूरे उत्तर बिहार में त्राहिमाम मचा हुआ है. बगहा के दियारा इलाका समेत शहर के भी कई वार्डों में बाढ़ का पानी प्रवेश कर गया है. जिले के कई गांव जलमग्न हो गए हैं. इस बीच बगहा रतनमाला के वार्ड 33 और अन्य बाढ़ प्रभावित इलाके में स्थानीय बगहा विधायक राम सिंह पहुंचे और स्थिति का जायजा लिया. साथ हीं उन्होंने बाढ़ पीड़ितों के बीच सूखे राशन का वितरण भी किया. बाढ़ पीड़ितों ने बताया की वे प्रशासन द्वारा राशन पानी मिलने का इंतजार कर रहे हैं. रात 12 बजे के बाद अचानक घरों में पानी घुसना शुरू हो गया. जिसके बाद मवेशियों को लेकर वे लोग सड़क और ऊंचे स्थानों पर शरण लेने चले गए. घरों में पानी घुसने के कारण अब तक खाना पीना का कोई इंतजाम नहीं हुआ है. शहर में भी बाढ़ का पानी प्रवेश कर गया है. वार्ड नंबर 25 वार्ड पार्षद प्रतिनिधि राहुल सिंह के द्वारा अपने वार्डों में जिनके घर में बाढ पानी घुस गया है उनको ऊंचे स्थानों पर पहुंचने का काम किया गया. उन्होंने कहा की सरकार के द्वारा इन लोगों को राहत सामग्री मुहैया कराई जाए. वार्ड सदस्यों ने अपने अपने बाढ़ प्रभावित इलाकों में प्रशासन से कम्युनिटी किचन चलाने की मांग की है. कहा है की वे लोग रात से हीं लोगों के बीच घूम कर उनके हालत का जायजा ले रहे हैं और प्रशासन को इन सभी मामलों से अवगत करा रहे हैं.

#### आपदा प्रबंधन विभाग ने डीएम के साथ की बैठक

इधर, कोसी एवं गंडक नदी में बढ़ते जलस्तर को देखते हुए आपदा प्रबंधन विभाग के अपर मुख्य सचिव प्रत्यय अमृत ने संबंधित जिलाधिकारियों के साथ वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से समीक्षा बैठक की. अपर मुख्य सचिव ने संबंधित जिले में बाढ़ से निपटने हेतु महत्त्वपूर्ण निर्देश दिए हैं. उन्होंने जिलाधिकारियों को बाढ़ प्रभावित जिलों में आवश्यतानुसार राहत शिविर, सामुदायिक रसोई व चिकित्सा शिविर की सुविधा उपलब्ध कराने के निर्देश दिए.

#### बिहार को बर्बाद कर देगी नेपाल से आई कृत्रिम बाढ़ : गिरिराज

**पटना ।** केंद्रीय मंत्री व भाजपा के वरिष्ठ नेता गिरिराज सिंह ने बिहार में बाढ़ की स्थिति पर चिंता जाहिर की है. रविवार को उन्होंने आईएएनएस से कहा कि नेपाल की ओर से बिहार में इतना पानी छोड़ा गया है कि कृत्रिम बाढ़ की स्थिति पैदा हो चुकी है जो बिहार को बर्बाद और तबाह कर देगी. बहुत चिंतनीय स्थिति है.

## अच्छे प्रशासन के लिए नीतीश का किया विरोध : प्रशांत किशोर

**एजेंसी।पटना**

चुनावी रणनीतिकार प्रशांत किशोर ने बिहार की राजधानी पटना में एक प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान प्रदेश के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के प्रति अपना विरोध स्पष्ट किया और उनकी नीतियों की आलोचना की. बिहार विधानसभा चुनाव में कभी नीतीश कुमार की पार्टी के लिए प्रचार करने वाले प्रशांत किशोर ने रविवार को उनकी नीतियों और प्रशासनिक निर्णयों पर सवाल उठाए. प्रशांत किशोर ने कहा कि विधानसभा चुनाव 2020 के चुनाव परिणाम के बाद मैंने नीतीश कुमार से बात की थी और उन्हें सलाह दिया था कि वह मुख्यमंत्री बनने से बचें। लेकिन, उन्होंने उसी दिन शाम 6:30 बजे मुख्यमंत्री पद ग्रहण कर लिया. मैं अच्छे प्रशासन का समर्थन कर रहा था, लेकिन अब जो स्थिति है, उसमें मैं नीतीश कुमार का



विरोध कर रहा हूं. पत्रकारों से बात करते हुए प्रशांत किशोर ने कहा कि मैं उस प्रशासक का विरोध कर रहा हूं, जिसने बिहार की जनता का भविष्य चार सेवानिवृत्त अधिकारियों के हाथ में छोड़ दिया है. किशोर ने उदाहरण देते हुए बताया कि जब नीतीश कुमार रेल मंत्री थे, पश्चिम बंगाल में एक रेल दुर्घटना में 200 से अधिक लोगों की मौत हुई थी, तब उन्होंने नैतिकता के आधार पर इस्तीफा दे दिया था.

#### औरंगाबाद में सरपंच ने की महिला से छेड़खानी

**औरंगाबाद।** सिमरा थाना क्षेत्र के ढिबरामें बैरावो पंचायत के सरपंच संतोष कुमार सिंह पर महिला के साथ छेड़छाड़ का आरोप लगा है. सिमरा थाना में दिए गए आवेदन में महिला ने यह बताया है कि वह अपने पति के साथ अम्बा बाजार से लौट रही थी, इसी दौरान ढिबरा गांव के पास बनी हुई पानी टंकी के समीप बैराव पंचायत के सरपंच संतोष कुमार सिंह अपनी बाइक पर सवार एक अज्ञात आदमी के साथ वह पहुंचे और अज्ञात आदमी मेरे पति को मार मारपीट करने लगा, जब हमने इसका विरोध किया तो सरपंच मुझे जबरन पकड़ कर पानी टंकी के रुम में ले जाकर छेड़छाड़ करना शुरू कर दिया. इस मामले को लेकर महिला ने सिमरा थाना के पुलिस की आवेदन दिया है, जिसको लेकर सिमरा थाना की पुलिस प्राथमिकी दर्ज करते हुए आगे की करवाई में जुट गई है. वहीं पीड़ित महिला ने पत्रकारों से भी अपनी पीड़ा बताई.

## कारोबार

#### स्टार इंडिया को लाइसेंस ट्रांसफर की अनुमति मिली

**नयी दिल्ली।** सरकार ने रिलायंस इंडस्ट्रीज की मीडिया यूनिट्स के गैर-समाचार और करेंट अफेयर्स के टीवी चैनल से संबंधित लाइसेंस को स्टार इंडिया को ट्रांसफर करने को मंजूरी दे दी है. सूचना और प्रसारण मंत्रालय ने 27 सितंबर के आदेश के जरिए यह मंजूरी दी है. मंत्रालय ने 27 सितंबर, 2024 के अपने आदेश के माध्यम से स्टार इंडिया के पक्ष में वायकॉम 18 मीडिया प्राइवेट लिमिटेड के गैर-समाचार और करेंट अफयेर्स के टीवी चैनल सेसंबंधित लाइसेंस को हस्तांतरित करने के लिए अपनी मंजूरी दे दी है.

#### रघुराम राजन ने केंद्र को दिए सुझाव

**नयी दिल्ली।** भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के पूर्व गवर्नर रघुराम राजन ने कहा कि मध्यम अवधि में भारतीय अर्थव्यवस्था छह-सात प्रतिशत की दर से बढ़ेगी. इस वर्ष के बजट में वित्त मंत्री द्वारा घोषित अप्रेंटिसशिप योजनाओं का राजन ने स्वागत किया, लेकिन साथ ही कहा कि हमें उसपर बहुत बारीकी से नजर रखनी होगी, देखना होगा कि क्या काम करता है, और जो काम करता है उसका और अधिक विस्तार करना होगा. सात प्रतिशत की आर्थिक वृद्धि के साथ भारत पर्याप्त नौकरियां पैदा नहीं कर रहा है.

#### अनिल अंबानी को कोर्ट से मिली राहत

**कोलकाता।** अनिल अंबानी की कंपनी रिलायंस इंफ्रास्ट्रक्चर को कोलकाता हाईकोर्ट से बड़ी राहत मिली है. कोर्ट ने रिलायंस इन्फ्रा के पक्ष में फैसला सुनाते हुए 780 करोड़ रुपये के मध्यस्थता फैसले को बरकरार रखा है. शेयर बाजार को जानकारी देते हुए कंपनी ने कहा है कि कोलकाता हाई कोर्ट ने पश्चिम बंगाल स्थित दामोदर घाटी निगम के साथ 780 करोड़ रुपये के मध्यस्थता विवाद में रिलायंस इन्फ्रास्ट्रक्चर लिमिटेड के पक्ष में फैसले को बरकरार रखा है. एक दशक से भी अधिक समय पहले रिलायंस इन्फ्रास्ट्रक्चर को पश्चिम बंगाल के पुरुलिया में 3,750 करोड़ रुपये में 1,200 मेगावाट का ताप विद्युत संयंत्र स्थापित करने का ठेका मिला था.

### नेशनल सेंटर ऑफ एक्सीलेंस की पहल

## एवीजीसी सेक्टर में पैदा होंगे 5 लाख रोजगार के अवसर : केंद्र

**एजेंसी ।नयी दिल्ली**

वैश्विक स्तर पर भारत में दुनिया का दूसरा सबसे बड़ा एनिमेशन फैन बेस है और आने वाले समय में पूरी दुनिया में एनिमेशन क्षेत्र में होने वाली वृद्धि का 60 प्रतिशत हिस्सा भारत से ही आएगा. ऐसे में सरकार की ओर से एवजीसी-एक्स (एनिमेशन, विजुअल इफेक्ट्स, गेमिंग, कॉमिक और रियल्टी) सेक्टर को नया नेशनल सेंटर ऑफ एक्सीलेंस (एनसीओई) दिया गया है. इस इंडस्ट्री से 5 लाख रोजगार के अवसर पैदा होने की उम्मीद है. सरकार की ओर से रविवार को यह बयान दिया गया. सरकार के मुताबिक, भारत में एनिमेशन इंडस्ट्री तेजी से बढ़ रही है और प्रतिभावान युवाओं को एक अच्छा भविष्य प्रदान करने की क्षमता रखती है. फिक्की-ईवाई की रिपोर्ट में बताया गया कि भारत में 2023 में एनिमेशन इंडस्ट्री की वृद्धि दर 25 प्रतिशत थी और इसकी अनुमानित वैल्यू 46 अरब रुपये थी. एवीजीसी-एक्सआर सेक्टर आने वाले समय में मीडिया और एंटरटेनमेंट इंडस्ट्री का भविष्य होगा. इसे देखते हुए केंद्रीय कैबिनेट की ओर से एवीजीसी-एक्सआर सेक्टर के लिए एनसीओई को मंजूरी दी गई है जो कि मुंबई में बनेगा. इसका उद्देश्य क्रिएटर इकोनॉमी को एडवांस करना है जिससे विकास और रोजगार के अवसर पैदा हो सकें. एनसीओई की स्थापना कंपनी एक्ट 2013 की धारा 8 के तहत की जाएगी. इसमें सरकार के साथ इंडस्ट्री बॉडी जैसे भारतीय वाणिज्य एवं उद्योग महासंघ (फिक्की) और भारतीय उद्योग परिसंघ (सीआईआई) भी साझेदार होंगी. एनसीओई, आईआईटी और आईआईएम जैसे प्रमुख संस्थानों की तर्ज पर बनाया जाएगा. इस एनसीओई में केंद्र सरकार विश्व स्तरीय इन्फ्रास्ट्रक्चर, स्टेट-ऑफ-द-आर्ट टेक्नोलॉजी और विशेष सुविधाएं उपलब्ध कराएगी, जिससे एक मजबूत टैलेंट पूल तैयार हो सके. छात्रों को इससे प्रैक्टिकल ज्ञान मिलेगा.

ग्रेजुएशन के बाद उन्हें नौकरी पाने में अधिक आसानी होगी. मंत्रालय की ओर से कहा गया कि केंद्र सरकार, राज्य सरकार, शैक्षणिक संस्थाएं और इंडस्ट्री मिलकर एनसीओई में रिसर्च के लिए डायनेमिक माहौल बनाएगी, जिससे भारत में अगली पीढ़ी के क्रिएटर्स हो सकें.



### विशाखापत्तनम, विजयवाड़ा और तिरुपति में निवेश को बढ़ावा

## लुलु ग्रुप के चेयरमैन नायडू से मिले

**एजेंसी।नयी दिल्ली**

लुलु ग्रुप के चेयरमैन एमए यूसुफ अली ने आंध्र प्रदेश में एक बार फिर निवेश को बढ़ावा देने के लिए राज्य के मुख्यमंत्री एन चंद्रबाबू नायडू से मुलाकात की. बैठक के दौरान, लुलु ग्रुप के चेयरमैन ने विशाखापत्तनम, विजयवाड़ा और तिरुपति सहित रीजन में निवेश के अवसरों पर चर्चा की. बता दें कि पिछले जगन प्रशासन द्वारा उनकी भूमि और गतिविधियों को कैसिंल करने के बाद लुलु ग्रुप ने फिर कभी प्रवेश न करने की कसम खाते हुए आंध्र प्रदेश छोड़ दिया था. यूसुफ अली ने मुख्यमंत्री से उनके उंडावल्ली स्थित आवास पर मुलाकात की. इस दौरान सीएम नायडू ने लुलु ग्रुप के साथ राज्य में निवेश के अवसरों पर चर्चा की. बैठक के दौरान विशाखापत्तनम में मॉल के साथ-साथ मल्टीप्लेक्स विकसित करने, साथ ही विजयवाड़ा और तिरुपति में हाइपरमार्केट और मल्टीप्लेक्स विकसित करने पर चर्चा हुई. लुलु ग्रुप ने राज्य के भीतर फूड प्रोसेसिंग इंडस्ट्री में निवेश करने में अपनी इच्छा जाहिर की.

**राज्य के तीन रीजन में निवेश करेगा लुलु ग्रुप :** सीएम नायडू ने लुलु ग्रुप के चेयरमैन के साथ निवेश से संबंधित अलग-अलग पहलुओं पर विस्तार से चर्चा की और राज्य में बिजनेस को आसानी बनाने के लिए राज्य सरकार की प्रतिबद्धता पर जोर दिया. मुख्यमंत्री ने आंध्र प्रदेश में निवेश करने में लुलु ग्रुप की नई इच्छा की भी सराहना की. मुख्यमंत्री ने राज्य में निवेश को बढ़ावा देने के लिए शुरू की जा रही नई नीतियों के बारे में भी जानकारी शेयर की और राज्य के 3 रीजन में निवेश करने में इच्छा दिखाने के लिए लुलु ग्रुप के चेयरमैन के प्रति आभार भी जताया.

**अबू धाबी में है लुलु ग्रुप का मुख्यालय :** लुलु ग्रुप हाइपरमार्केट और रिटेल कंपनियों का एक मल्टीनेशन ग्रुप है. भारत समेत दुनियाभर के कई देशों में इस कंपनी से कई बिजनेस हैं. इसकी स्थापना साल 2000 में केरल को एमए यूसुफ अली ने की थी. इस ग्रुप का मुख्यालय अबू धाबी में है. ग्रुप के पास 42 देशों में कारोबार है. इसका सालाना टर्नओवर 8 अरब डॉलर है. ग्रुप के पास 65,000 से ज़्यादा कर्मचारी हैं.

## दुनिया का सबसे मजबूत डेयरी ब्रांड बना अमूल

- दुनिया की अग्रणी ब्रांड परामर्श कंपनी ब्रांड फाइनेंस ने जारी की रिपोर्ट

**एजेंसी।नयी दिल्ली**

अमूल ब्रांड ने भारत का नाम दुनिया में रौशन कर दिया है. इसे दुनिया का सबसे मजबूत खाद्य ब्रांड और सबसे मजबूत डेयरी ब्रांड का दर्जा मिला है. अमूल ब्रांड के तहत डेयरी उत्पाद बेचने वाली गुजरात सहकारी दुग्ध विपणन संघ लिमिटेड (जीसीएम एमएफ) ने बताया है कि बेहतर बिक्री के चलते बीते वित्त वर्ष 2023-24 में उसका कारोबार आठ प्रतिशत बढ़कर 59,445 करोड़ रुपये हो गया है. सहकारी समिति ने अपनी 50वीं वार्षिक आम बैठक (एजीएम) के बाद एक बयान में कहा कि जीसीएमएमएफ के स्वर्ण जयंती वर्ष में संगठन ने वित्त वर्ष 2023-24 के लिए आठ प्रतिशत की वार्षिक वृद्धि के साथ 59,545 करोड़ रुपये (सात अरब डॉलर) का कारोबार किया. ब्रांड अमूल का समूह कारोबार वित्त वर्ष 2023-24 में बढ़कर 80,000 करोड़ रुपए (10 अरब डॉलर) हो गया, जो 2022-23 में 72,000 करोड़ रुपए (नौ अरब डॉलर) था. ब्रिटेन स्थित दुनिया की अग्रणी ब्रांड परामर्श कंपनी ब्रांड फाइनेंस के अनुसार, अमूल को दुनिया का सबसे मजबूत खाद्य ब्रांड और सबसे मजबूत डेयरी ब्रांड का दर्जा दिया गया है.

#### ये है इस ब्रांड की खासियत

जीसीएमएमएफ ने कहा कि यह दुनिया की सबसे बड़ी किसान-स्वामित्व वाली डेयरी सहकारी संस्था है, जिसके गुजरात के 18,600 गांवों में 36 लाख किसान जुड़े हुए हैं. इसके 18 सदस्य संघ प्रतिदिन 300 लाख लीटर दूध खरीदते हैं. जीसीएमएमएफ के चेयरमैन शामलभाई पटेल ने कहा कि जीसीएमएमएफ ने अपने स्वर्ण जयंती वर्ष में दुनिया में सबसे मजबूत खाद्य ब्रांड के रूप में उभरने की ऐतिहासिक उपलब्धि हासिल की है.

#### ऐसे हुई थी शुरुआत

14 दिसंबर 1946 को गुजरात में सहकारी सोसायटी के रूप में शुरू हुआ अमूल का काम आज लाखों लीटर दूध के कारोबार तक पहुंच गया है. 250 लीटर दूध की क्षमता के साथ शुरू हुआ अमूल का काम आज 30 लाख लीटर से ज्यादा का है.

### मार्केट आउटलुक | तिमाही नतीजे, ऑटो सेल्स व पीएमआई डेटा से अगले हफ्ते तय होगी बाजार की चाल

## बाजार के लिए महत्वपूर्ण होनेवाला है पूरा हफ्ता

**एजेंसी।नयी दिल्ली**

भारतीय शेयर बाजार में तेजी का ट्रेंड जारी है. बीते हफ्ते बाजार ने नया ऑल-टाइम बनाया था. ऐसे में आने वाला हफ्ता बाजार के लिए महत्वपूर्ण होने वाला है. अगले हफ्ते वित्त वर्ष 2024-25 की दूसरी तिमाही के नतीजे आने शुरू हो जाएंगे. इसके अलावा मैन्युफैक्चरिंग और सर्विसेज पीएमआई, ऑटो सेल्स, जीएसटी कलेक्शन जैसे आंकड़े आएंगे, जिनसे आने वाले समय में बाजार की दिशा तय होगी. 23 सितंबर से लेकर 27 सितंबर तक का कारोबारी हफ्ता बाजार के लिए शानदार रहा है. इस दौरान सेंसेक्स और निफ्टी दोनों ने क्रमशः 85,978.25 और



26,277.35 का नया ऑल-टाइम हाई बनाया. हालांकि, शुक्रवार के सत्र में सेंसेक्स 264 अंक या 0.31 प्रतिशत गिरकर 85,571 और निफ्टी 37 अंक या 0.14 प्रतिशत गिरकर 26,178 पर बंद हुए. बीते हफ्ते निफ्टी मेटल (6.82 प्रतिशत), निफ्टी ऑयल एंड गैस (4.72 प्रतिशत), निफ्टी ऑटो (4.51 प्रतिशत), निफ्टी एनर्जी (3.88 प्रतिशत), निफ्टी पीएसयू बैंक (3.05 प्रतिशत), निफ्टी मीडिया (2.32 प्रतिशत), निफ्टी फार्मा (2.29 प्रतिशत), निफ्टी रियल्टी (1.75 प्रतिशत), निफ्टी फाइनेंस (0.52 प्रतिशत) और निफ्टी बैंक (0.08) प्रतिशत का सकारात्मक रिटर्न दिया है. इस दौरान केवल निफ्टी एफएमसीजी में 0.11 प्रतिशत की गिरावट देखी गई. मास्टर कैपिटल सर्विसेज में रिसर्च और एडवाइजरी के एवीपी विष्णु कांत उपाध्याय का कहना है कि पिछले एक महीने में निफ्टी लगातार तीसरी बार मजबूती से बंद हुआ है. फिलहाल 26,000 के ऊपर कारोबार कर रहा है. जब तक निफ्टी 26,000 के ऊपर बना हुआ है, बाजार का रुझान सकारात्मक बना रहेगा. हालांकि, 26,500 एक रुकावट का स्तर है.

अगर यह इसे तोड़ता है तो 26,650 का स्तर देखने को मिल सकता है. हालांकि, 25,900 एक मजबूत सपोर्ट है. अगर यह टूटता है तो 25,600 का स्तर भी आ सकता है, लेकिन बाजार में तेजी है ऐसे में निवेशकों को गिरावट पर खरीदारी की रणनीति पर कायम रहना चाहिए. स्वास्तिका इन्वेस्टमार्ट के रिसर्च प्रमुख संतोष मीना का कहना है कि बैंक निफ्टी में 54,500 के आसपास मुनाफावसूली देखने को मिली है. मौजूदा समय में सपोर्ट 53,700, 53,300 और 53,000 पर है. जब तक बैंक निफ्टी 53,000 के ऊपर बना हुआ है, तेजी कायम रहेगी. हालांकि, 54,500, 55,000 और 55,500 एक रुकावट का स्तर है. सितंबर में घरेलू निवेशकों के साथ-साथ विदेशी निवेशकों ने भी बड़ी संख्या में भारतीय बाजार में निवेश किया है. विदेशी संस्थागत निवेशकों (एफआईआई) की ओर से इस महीने में अब तक 25,215.25 करोड़ रुपये की कैश सेगमेंट में खरीदारी की गई है और वहीं, घरेलू संस्थागत निवेशकों (डीआईआई) द्वारा 25,214.43 करोड़ रुपये की खरीदारी कैश सेगमेंट में की गई है.

## यूपी एक ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था बनेगी : पीयूष

- उत्तर प्रदेश इंटरनेशनल ट्रेड शो को किया संबोधित

**एजेंसी।नयी दिल्ली**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के प्रयास उत्तर प्रदेश को एक ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था बनने में मदद करेंगे. केंद्रीय वाणिज्य और उद्योग मंत्री पीयूष गोयल की ओर से यह बयान दिया गया. केंद्रीय मंत्री की ओर से कहा गया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में चल रही राज्य सरकार पहले चरण में भारत को 5 ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था बनने में मदद करेगी और साथ ही 2047 तक ''विकसित भारत'' और 35 ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था बनाने के लिए एक मजबूत आधार के रूप में काम करेगी. उत्तर प्रदेश इंटरनेशनल ट्रेड शो (यूपीआईटीएस) में अपने संबोधन के दौरान केंद्रीय मंत्री ने कहा कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की ओर से लागू की गई औद्योगिक और अन्य सक्रिय नीतियों के कारण उत्तर प्रदेश पूरे देश में विकास के मॉडल के रूप में उभरेगा. ''मेक इन इंडिया'' प्रोग्राम के बारे में बताते हुए गोयल ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी की ओर से 25 सितंबर, 2014 को इस कार्यक्रम की शुरुआत की गई थी, जिससे बड़ी संख्या में युवाओं के लिए रोजगार के अवसर पैदा हो सकें. आगे कहा कि केंद्र और उत्तर प्रदेश सरकार के साझा प्रयासों के कारण हम ग्रेटर नोएडा में एक इंडस्ट्रियल स्मार्ट सिटी और 20 इंडस्ट्रियल स्मार्ट शहर पूरे देश में बना रहे हैं.

## न्यूज अपडेट

### आईईडी विस्फोट से पांच जवान घायल

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ के बीजापुर जिले के थाना तर्रेम क्षेत्र में पांच जवान घायल हो गए. माओवादियों द्वारा लगाए गए आईईडी ब्लास्ट की जद में आकर पांच जवान घायल हो गए. जवानों द्वारा आईईडी ब्लास्ट को डिफ्यूज करते वक्त यह धमाका हुआ. बीजापुर के एसपी जितेंद्र यादव ने घायल जवानों की पुष्टि की है. यह घटना रविवार सुबह सात बजे के आसपास की बताई जा रही है. यह धमाका सुबह चिन्नागेलूर कैंप से लगभग 350 मीटर दूर हुई.

### बलूचिस्तान में सात मजदूरों की हत्या

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के दक्षिण-पश्चिम बलूचिस्तान प्रांत में आतंकवादियों ने सात मजदूरों की गोली मारकर हत्या कर दी. प्रांतीय सरकार के प्रवक्ता शाहिद रिंद ने बताया कि यह आतंकी हमला शनिवार को स्थानीय समयानुसार रात करीब 10 बजे प्रांत के पंजगुर जिले में हुआ. शाहिद रिंद ने बताया कि मजदूर काम के लिए एक स्थानीय ठेकेदार के घर में अस्थायी रूप से रह रहे थे. इस घर पर आतंकवादियों ने हमला कर दिया, जिसमें सात मजदूरों की गोली लगने से मौत हो गई. मृतक पूर्वी पंजाब प्रांत के निर्माण मजदूर थे.

### एक्सप्रेस-वे पर हादसे में तीन की मौत

**गाजियाबाद।** दिल्ली मेरठ एक्सप्रेस वे पर रविवार सुबह तीन बजे दर्दनाक सड़क हादसा हो गया. दिल्ली से मेरठ जा रहे स्कूटी सवार तीन युवकों को एक अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी. इस हादसे में तीनों स्कूटी सवार युवकों की मौके पर ही मौत हो गई. हादसे के बाद एक्सप्रेस वे पर वाहनों का लंबा काफिला लग गया, जिसे पुलिस ने खाली करवाया. पुलिस ने सभी युवकों का शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है. एसीपी सिद्धार्थ गौतम ने बताया कि हम मामले की जांच कर रहे हैं. आरोपी के वाहन की पहचान नहीं हो पाई है.

### सपा सांसद अफजाल पर मुकदमा दर्ज

**गाजीपुर।** यूपी के गाजीपुर में समाजवादी पार्टी के सांसद अफजाल अंसारी के खिलाफ गाजा पर टिप्पणी को लेकर रविवार को बीएनएस की धारा 353(3) के तहत मामला दर्ज किया गया है. सपा सांसद ने कहा था कि लाखों लोग गांजा पीते हैं और इसे भगवान का प्रसाद मानते हैं. यदि गांजा भगवान का प्रसाद है, तो इसे अवैध क्यों माना जाता है. कई साधु-संत और महात्मा समाज के लोग गांजे का सेवन करते हैं. आगामी कुम्भ मेला के दौरान यदि वहां एक मालगाड़ी गांजा भी भेज दिया जाए, तो भी वह खत्म हो जाएगा.

### नेपाल में बाढ़ व भूस्खलन से 120 की मौत

**काठमांडू।** नेपाल में मूसलाधार बारिश के कारण हुए भूस्खलन और बाढ़ से भारी तबाही मची हुई है. भूस्खलन और बाढ़ के कारण रविवार तक कम से कम 120 लोगों की मौत हो गई. दो दिनों की भारी बारिश के बाद काठमांडू के आसपास के इलाके पानी में डूबे हुए हैं. दर्जनों लोग अभी भी लापता हैं. लोग घरों की छतों पर फंसे हुए हैं. नदी के पास के इलाकों में कई घर सैलाब में डूबे गए हैं. कई हाईवे भी जाम हैं. नेपाल की सरकार के मुताबिक, अभी तक तीन हज़ार से ज़्यादा लोगों को बचाया जा चुका है.

### मप्र में बस-ट्रक की टक्कर, 6 की मौत

**मैहर।** मध्य प्रदेश के मैहर में बस और ट्रक के बीच जोरदार भिड़ंत में 6 लोगों की मौत और करीब 20 लोगों के घायल होने की खबर है. यह हादसा जिला मुख्यालय से करीब 25 किलोमीटर दूर नादन देहात थाने के पास हुआ. पुलिस के मुताबिक, शनिवार रात करीब 11 बजे प्रयागराज से नागपुर जा रही बस सड़क किनारे खड़े पत्थर से लदे डंपर ट्रक से टकरा गई. मैहर एसपी सुधीर अग्रवाल के मुताबिक हादसे में घायलों में से करीब छह लोगों की हालत गंभीर बनी हुई है. उन्हें बेहतर इलाज के लिए सतना रेफर किया गया है.

### कांग्रेस-भाजपा को वोट न दें : मायावती

**नयी दिल्ली।** हरियाणा विधानसभा चुनावों के लिए सभी राजनीतिक दल जोर आजमाइश कर रहे हैं. इस बीच रविवार को बसपा प्रमुख मायावती ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर लिखा कि मतदाताओं को अपना मत खराब न करने की सलाह दी. उन्होंने दलित समुदाय से अपील की है कि वह कांग्रेस और भाजपा को वोट देकर अपने भविष्य को खतरे में न डालें. दोनों पार्टियां दलितों की उपेक्षा और तिरस्कार करती हैं. इससे स्पष्ट है कि इन पार्टियों में दलितों के हितों की रक्षा करने की मंशा नहीं है.

### केजरीवाल बोले, 'दिल्ली में जंगल राज'

**नयी दिल्ली।** राजधानी दिल्ली में बढ़ रही आपराधिक घटनाओं पर आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल ने चिंता जाहिर की है. अरविंद केजरीवाल ने इसे जंगल राज करार दिया है. सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एक पोस्ट के जरिए लिखा कि दिल्ली में कानून व्यवस्था खत्म हो गई है. पूरी तरह से जंगल राज है. देश की राजधानी में लोग असुरक्षित महसूस कर रहे हैं. दिल्ली की कानून व्यवस्था केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के अंदर आती है. उन्हें तुरंत प्रभावी कदम उठाने होंगे.

### यूक्रेन का बड़ा हमला किया नाकाम

**मॉस्को।** रूसी वायु रक्षा बलों ने 125 यूक्रेनी ड्रोनों को हवा में ही नष्ट करने का दावा किया. रक्षा मंत्रालय ने रविवार को कहा कि रूसी वायु रक्षा बलों ने सात क्षेत्रों और आजोव सागर के ऊपर रात भर में यूक्रेनी ड्रोन को मार गिराया. रूसी रक्षा मंत्रालय के हवाले से बताया कि वोल्गोग्राद क्षेत्र में 67, बेलगोरोड में 17, वोरोनिश में 17 और रोस्तोव क्षेत्र में 18 ड्रोन मार गिराए गए. इसके अलावा, ब्रांस्क, कुर्स्क और क्रास्नोडार में एक-एक ड्रोन रोका गया, जबकि तीन को आजोव सागर के ऊपर बेअसर कर दिया गया.

**चुनावी बॉन्ड घोटाला :** बॉन्ड के जरिए चार तरीकों से की गई धन की उगाही, इनमें प्रीपेड, पोस्टपेड व छापे के बाद रिश्वत सहित फर्जी कंपनियां शामिल: रमेश

# 'लोकतंत्र को कमजोर करने की साजिश', कांग्रेस ने वित्त मंत्री से मांगा इस्तीफा

लगातार न्यूज नेटवर्क। नयी दिल्ली





सुप्रीम कोर्ट द्वारा चुनावी बॉन्ड को असंवैधानिक बताए जाने के बाद शनिवार को बेंगलुरु में चुने हुए प्रतिनिधियों के लिए नामित मैजिस्ट्रेट कोर्ट के आदेश पर चुनावी बॉन्ड घोटाले के आरोप में वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण, प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) और बीजेपी अध्यक्ष जेपी नड्डा के खिलाफ अदालत के आदेश पर एफआईआर दर्ज की गई है. इसके बाद कांग्रेस ने एक बार फिर से बीजेपी पर हमला बोला है. उसने 'लोकतंत्र को कमजोर करने' के लिए वित्तमंत्री से इस्तीफे की मांग की है. इसके साथ ही विपक्षी दल ने समूची चुनावी बांड योजना की एसआईटी के माध्यम से सुप्रीम कोर्ट की निगरानी में जांच कराने की अपनी मांग को फिर से दोहराया है.

पार्टी प्रवक्ता अभिषेक सिंघवी और कांग्रेस महासचिव (संचार प्रभारी) जयराम रमेश ने बीजेपी पर आरोप लगाया कि चुनावी बॉन्ड के जरिए धन उगाही के लिए चार तरीकों का इस्तेमाल किया गया- प्रीपेड रिश्वत, पोस्टपेड रिश्वत, छापे के बाद रिश्वत और फर्जी कंपनियों के जरिए. सिंघवी ने कहा कि, मीडिया ने पिछले एक साल में इलेक्टोरल बॉन्ड से जुड़ी हुई कई सारी कहानियां, नाम और किस्से पब्लिश किए हैं, जिनमें कई सारे तथ्य भी हैं. उन स्टोरीज में बताया गया है कि कैसे किसी कंपनी/व्यक्ति ने कब और किसने इलेक्टोरल बॉन्ड लिया. कई मामलों में पहले जांच एजेंसियों ने छापे मारे और फिर उन कंपनियों द्वारा इलेक्टोरल बॉन्ड लिया गया. ऐसा भी देखा गया कि इलेक्टोरल बॉन्ड खरीदने के बाद उन मामलों में जांच धीमी हो गई. हमने कई मामलों में यह भी देखा कि जिन कंपनियों का पेड-अप कैपिटल 100 करोड़ भी नहीं था, लेकिन उन्होंने 500 करोड़ के इलेक्टोरल बॉन्ड खरीदे थे. कांग्रेस सांसद ने कहा कि इलेक्टोरल बॉन्ड मामले में चौथा पहलू एफआईआर दर्ज होने का है. किसी मामले में एफआईआर दर्ज होने का एक प्रावधान होता है, जिसमें मामले की प्राथमिक जांच के आधार पर अदालत एफआईआर दर्ज करने का आदेश देती है. इस एफआईआर में भी वित्त मंत्री आरोपी नंबर 1 हैं और अन्य भी संबंधित धाराओं के तहत मामले में आरोपी हैं. एफआईआर में नाम संग आंकड़े भी दर्ज हैं- जिसमें कुल आंकड़ा 8,000 करोड़ रुपये का है.

### आरबीआई ने जताई थी इलेक्टोरल बॉन्ड का दुरुपयोग होने की चिंता : सिंघवी

कांग्रेस ने कहा कि जब इलेक्टोरल बॉन्ड बनाया जा रहा था, तो आरबीआई के गवर्नर ने कहा था कि हम चिंतित हैं कि चुनावी बॉन्ड के मुद्दे का दुरुपयोग होने की संभावना है, विशेष रूप से शेल कंपनियों के उपयोग के माध्यम से. हमारा मानना है कि इसे किसी अन्य तरीके से बेहतर तरीके से हासिल किया जा सकता है, अन्यथा, यह मनी लॉन्ड्रिंग के गंभीर जोखिम के साथ धोखाधड़ी को जन्म दे सकता है. ये बात आरबीआई के गवर्नर ने लिखी थी, लेकिन सरकार उनकी इस चिट्ठी को कूड़ेदान में फेंककर उन्हें हटा देती है. ये सब करने बाद सरकार ने इसपर मनी बिल का टैग लगा दिया... क्योंकि सरकार जानती थी कि ये राज्य सभा में पास नहीं हो पाएगा.

**खाऊंगा भी, चुराऊंगा भी...वसूली के लिए सताऊंगा भी :** सिंघवी ने कहा कि सबसे बड़ा मुद्दा है- लेवल प्लेइंग फ़ील्ड का. ये एक स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनाव और लोकतंत्र के लिए बहुत जरूरी है. ये संविधन के मूल ढांचे का एक अभिन्न अंग है, लेकिन इलेक्टोरल बॉन्ड संविधान के उसी मूल ढांचे की नींव पर हमला करता है. इलेक्टोरल बॉन्ड बीजेपी के पुराने जुमले का नया वर्जन है. खाऊंगा भी, चुराऊंगा भी....वसूली के लिए सताऊंगा भी. कांग्रेस नेता ने कहा कि, बीजेपी ने बताया है- छापा डालकर चंदे की वसूली कैसे होती है? चंदा लेकर ठेका कैसे बांटा जाता है? भ्रष्टाचारियों को धोने वाली वाशिंग मशीन कैसे काम करती है? इसलिए हम आशा करते हैं कि न्यायिक प्रक्रिया द्वारा इस भ्रष्टाचार में लिप्त लोगों को समन किया जाएगा, उनके स्टेटमेंट रिकॉर्ड किए जाएंगे और उसी आधार पर उन्हें गिरफ्तार किया जाएगा.

#### शिकायत में क्या-क्या कहा गया

शनिवार को बेंगलुरु की एक अदालत के निर्देश पर सीतारमण और अन्य के खिलाफ आईपीसी की धारा 384, 120बी और 34 द्वारा किए गए कृत्य के तहत एफआईआर दर्ज की गई है. एफआईआर में कर्नाटक भाजपा प्रमुख बीवाई विजयेंद्र और पार्टी नेता नलिन कटील का भी नाम है. 'जनाधिकार संघर्ष परिषद' (जेएसपी) के सह-अध्यक्ष आदर्श आर अय्यर ने शिकायत दर्ज कराई थी, जिसमें आरोप लगाया गया है कि कोर्ट को दी गई शिकायत में कहा गया है, 'आरोपी एक (निर्मला) ने आरोपी दो (ईडी) की गुप्त सहायता और समर्थन के ज़रिए राष्ट्रीय स्तर पर आरोपी संख्या तीन (नड्डा) और कर्नाटक राज्य में आरोपी चार (कतील) के लाभ के लिए हज़ारों करोड़ रुपये की उगाही करने में मदद की. आरोपी एक ने विभिन्न कॉरपोरेट्स, उनके सीईओ, एमडी आदि के यहां छापे मारने, ज़ब्ती करने और गिरफ्तारियां करने के लिए आरोपी दो की सेवाएं लीं. आरोपी एक की ओर से की गई शुरुआत से आरोपी दो की छापेमारी के डर से कई कॉरपोरेट और धनकुबेरों को कई करोड़ रुपये के चुनावी बॉन्ड ख़रीदने के लिए मजबूर किया गया, जिसे आरोपी तीन और चार ने भुनाया.'

हिजबुल्लाह पर इजरायली हमले जारी, ईरान ने सुरक्षा परिषद की बैठक बुलाने की मांग की

# नसरल्लाह की हत्या के बाद एक और कमांडर को मारने का दावा

एजेंसी। बेरूत/यरूशलम

हिजबुल्लाह चीफ हसन नसरल्लाह की मौत के बाद भी लेबनान में आतंकी ग्रुप के ठिकानों पर इजरायल के हवाई हमले जारी हैं. इजरायली रक्षा बलों (आईडीएफ) ने रविवार को दावा किया कि शनिवार रात लेबनान की राजधानी बेरूत पर किए गए एक हवाई हमले में सीनियर हिजबुल्लाह कमांडर नबील कौक मारा गया. कौक हिजबुल्लाह की प्रिवेंटिव सिक्योरिटी यूनिट का कमांडर और इसकी सेंट्रल काउंसिल का मेंबर था. इस बीच, हिज़्बुल्लाह नेता हसन नसरल्लाह की मौत के बाद ईरान ने संयुक्त राष्ट्र संघ के सुरक्षा परिषद की बैठक बुलाने की मांग की है. संयुक्त राष्ट्र में ईरान के राजदूत आमिर इरवानी ने परिषद के 15 सदस्यों को पत्र लिखा है जिसमें उन्होंने चेतावनी दी है कि अगर उनके देश के राजनयिक परिसर या किसी राजदूत पर किसी भी तरह का हमला होता है, तो तेहरान इसे बर्दाश्त नहीं करेगा.

आईडीएफ ने एक्स पर लिखा कि अमन (सैन्य खुफिया एजेंसी) के सटीक निर्देशन में वायु सेना के लड़ाकू विमानों ने आतंकवादी नबील को निशाना बनाया. इजरायली सुरक्षा बलों के अनुसार, कौक हिजबुल्लाह की टॉप लीडरशिप के करीब था और इजरायल स्टेट और उसके नागरिकों के खिलाफ आतंकवादी गतिविधियों को बढ़ावा देने में सीधे तौर पर शामिल था. वह 1980 के दशक में हिजबुल्लाह में शामिल हुआ था और उसे संगठन के भीतर एक प्रमुख शख्स माना जाता था. कौक, अक्सर मीडिया में हिजबुल्लाह का प्रतिनिधित्व करते हुए नजर आता था. वह राजनीतिक, सैन्य, रणनीतिक मुद्दों पर टिप्पणी किया करता था. इससे पहले शुक्रवार देर रात आईडीएफ के हवाई हमले में हिजबुल्लाह प्रमुख हसन नसरल्लाह, ग्रुप के कई कमांडरों के साथ मारा गया. आईडीएफ ने शुक्रवार देर रात बेरूत के दक्षिणी उपनगरीय इलाके दहिह में हिजबुल्लाह हेडक्वार्टर पर बड़ा हमला किया था जिसमें नसरल्लाह की मौत हो गई. नसरल्लाह, 30 साल की उम्र में 1992 में हिजबुल्लाह का महासचिव बना था. अगले 32 वर्षों में उसने हिजबुल्लाह को न सिर्फ लेबनान बल्कि मध्य पूर्व की एक बड़ी ताकत बना दिया. वह इजरायल का दुश्मन नंबर एक बन गया. आखिरकार शुक्रवार को यहूदी राष्ट्र, अपने सबसे बड़े दुश्मन को खत्म करने में कामयाब रहा.



ईरान समर्थित हिज़्बुल्लाह चीफ हसन नसरल्लाह की मौत के बाद रविवार को भी कश्मीर के कई इलाकों में प्रदर्शन हुए. -एजेंसी

### हाशेम सफीद्दीन और नईम कासिम नसरल्लाह के उत्तराधिकारी बनने की दौड़ में शामिल

हसन नसरल्लाह का विकल्प खोजना हिजबुल्ला के लिए खासा मुश्किल होगा. हालांकि उसकी जगह लेने के लिए हिजबुल्लाह के भीतर दो नामों पर चर्चा चल रही है. अलजजीरा की शनिवार की एक रिपोर्ट के मुताबिक हाशेम सफीद्दीन और नईम कासिम, नसरल्लाह के उत्तराधिकारी बनने की दौड़ में शामिल है. हिजबुल्लाह की कार्यकारी परिषद के प्रमुख और नसरल्लाह के कजिन, सफीउद्दीन को व्यापक रूप से संगठन के अगले महासचिव बनने की दौड़ में आगे माना जा रहा है. रिपोर्ट के अनुसार 1964 में जन्मे सफीद्दीन ने शिया धार्मिक शिक्षा के दो मुख्य केंद्रों, इराकी शहर नजफ और ईरान के कोम में नसरल्लाह के साथ धर्मशास्त्र का अध्ययन किया. दोनों ही हिजबुल्लाह के शुरुआती दिनों में संगठन में शामिल हो गए. सफीद्दीन का ईरान से करीब रिश्ता है. उसका भाई अब्दुल्ला ईरान में हिजबुल्लाह के प्रतिनिधि के रूप में काम करता है. उसके बेटे, रेधा की शादी 2020 में अमेरिकी हमले में मारे गए टॉप ईरानी जनरल कासिम सुलेमानी की बेटी से हुई थी. बता दें ईरान का हिजबुल्लाह की स्थापना में अहम योगदान रहा है. सफीद्दीन, कार्यकारी परिषद के प्रमुख के अलावा, हिजबुल्लाह की शूरा परिषद का एक अहम सदस्य और जिहादी परिषद का चीफ भी है. अमेरिका और सऊदी अरब ने सफीद्दीन को आतंकवादी घोषित किया है और उसकी संपत्तियां जब्त कर ली हैं. 71 वर्षीय नईम कासिम हिजबुल्लाह का उप महासचिव है. उसे अक्सर हिजबुल्लाह में 'नंबर दो' के रूप में देखा जाता है. कासिम का शिया राजनीति से लंबा जुड़ाव रहा है. 1970 के दशक में, वह इमाम मूसा अल-सदर के आंदोलन में शामिल हुआ. यही आंदोलन बाद में लेबनान में एक शिया ग्रुप के 'अमल आंदोलन' का हिस्सा बना. बाद में कासिम ने 'अमल आंदोलन' से अलग हो गया. उसने 1980 के दशक की शुरुआत में हिजबुल्लाह की स्थापना में मदद की. वह ग्रुप के संस्थापक धार्मिक विद्वानों में से एक है. कासिम को 1991 में तत्कालीन महासचिव अब्बास अल-मुसावी के दौर में उप महासचिव चुना गया था. मुसावी को भी इजरायल ने मार गिराया था.

### ईरान ने माना- इसराइली हमले में हुई ईरानी कमांडर की मौत

ईरान के इस्लामिक रिवोल्यूशनरी गार्ड कॉर्प्स (आईआरजीसी) ने एक बयान में आईआरजीसी ऑपरेशन के डिप्टी कमांडर ब्रिगेडियर जनरल अब्बास निलफोरुशन के इसराइली हमले में मारे जाने की पुष्टि की है. इस बयान में अब्बास निलफोरुशन की मौत पर आईआरजीसी की जवाबी कार्रवाई का कोई ज़िक्र नहीं है. हालांकि आईआरजीसी ने लेबनान में इसराइली कार्रवाई की आलोचना की है. आईआरजीसी ने इससे पहले कई बार हमास नेता इस्माइल हानिया की मौत का बदला लेने की बात कही थी. इस्माइल हानिया की जुलाई के अंत में तेहरान में हत्या कर दी गई थी. बयान में आईआरजीसी ने अब्बास निलफोरुशन को अपना "लेबनान में सैन्य सलाहकार" बताया. बयान में "रेसिस्टेंस फ्रंट" और ईरान की रक्षा में निलफोरुशन की भूमिका की तारीफ़ की गई .अली ज़ाहेदी के बाद निलफोरुशन को 2019 में आईआरजीसी के डिप्टी ऑपरेशन्स के तौर पर नियुक्त किया गया था. इससे पहले वो आईआरजीसी की कमांड एंड स्टाफ यूनिवर्सिटी के प्रमुख थे.

### इजरायल पर शांति स्थापित करने का दबाव बनाएं पीएम मोदी : उमर

**बारामूला।** इजरायली सेना की बमबारी में हिजबुल्लाह प्रमुख नसरल्लाह और उसकी बेटी की मौत को लेकर भारत में पीडीपी प्रमुख महबूबा मुफ्ती ने दुख जताते हुए अपनी चुनावी रैली को रद्द कर दिया था. वहीं नेशनल कॉन्फ्रेंस के उपाध्यक्ष उमर अब्दुल्ला ने कहा कि दुनिया और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को इजरायल पर शांति स्थापित करने का दबाव बनाना चाहिए.

### हूतियों ने इजरायल के एयरपोर्ट पर दागी मिसाइल

**सना।** यमन के हूती विद्रोहियों ने दावा किया कि उन्होंने तेल अवीव के पास बेन गुरियन एयरपोर्ट पर मिसाइल अटैक किया है. ग्रुप के अल-मसीरा टीवी पर शनिवार को प्रसारित एक बयान में, ग्रुप के सैन्य प्रवक्ता याह्या सारेया ने ये ऐलान किया. सारेया ने कहा कि इजरायल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू के आगमन पर बेन गुरियन एयरपोर्ट पर एक 'बैलिस्टिक मिसाइल' दागी गई. सारेया ने कहा कि हूती ग्रुप, इजरायल के अपराधों का जवाब देना जारी रखेगा. इससे पहले इजरायली रक्षा बलों ने कहा कि उन्होंने यमन से लॉन्चड सतह से सतह पर मार करने वाली मिसाइल को सफलतापूर्वक रोक दिया.

# देश में इस साल सामान्य से आठ फीसदी ज्यादा बारिश

- मौसम विभाग के अनुसार 2020 के बाद सबसे अच्छा रहा मॉनसून

एजेंसी। नयी दिल्ली



देश में इस साल मानसून में सामान्य से लगभग आठ फीसदी अधिक बारिश हुई. एक तरफ जहां उत्तर पश्चिमी भारत, मध्य भारत और दक्षिणी प्रायद्वीप में सामान्य से अधिक वर्षा हुई, वहीं पूर्वी एवं पूर्वोत्तर भारत में सामान्य से कम वर्षा दर्ज की गई. देश में मानसून का मौसम 1 जून से 30 सितंबर तक माना जाता है. दक्षिण पश्चिम मानसून के कारण इन्हीं चार महीनों में सबसे ज्यादा बारिश होती है. कृषि के अलावा जलाशयों में जल भंडारण, जलापूर्ति और भूजल स्तर समेत कई दृष्टिकोणों से मानसून पूरे देश के लिए वरदान है.

मौसम विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार, पूरे देश में 1 जून से 29 सितंबर के बीच औसत बारिश 932.2 मिमी रही. जबकि, दीर्घावधि औसत 865 मिमी है. इस प्रकार यह सामान्य से 7.8 प्रतिशत अधिक है. साल 2020 के बाद यह सबसे अच्छा मानसून रहा है. खासकर पिछले साल सामान्य से कम बारिश के कारण जलाशयों में पानी की कमी इस बार दूर हो गई है. उल्लेखनीय है कि साल 2023 में देश में मानसून के दौरान सामान्य से 5.6 प्रतिशत कम (820 मिमी) बारिश हुई थी. साल 2022 में यह सामान्य से 6.5 प्रतिशत अधिक और 2021 में 0.4 प्रतिशत अधिक रही थी. वहीं, 2020 में देश में सामान्य से 10.5 प्रतिशत अधिक बारिश हुई थी. मध्य भारत पर इस बार इंद्रदेव सबसे अधिक मेहरबान रहे. इस हिस्से में 1,165.6 मिमी बारिश हुई, जो सामान्य (974.7 मिमी) से 19.6 फीसदी अधिक है. दक्षिणी प्रायद्वीप में 710 मिमी के औसत की तुलना में 811.4 मिमी बारिश हुई यानी 14.3 प्रतिशत अधिक. वहीं, उत्तर पश्चिमी भारत में 628 मिमी वर्षा दर्ज की गई है, जो सामान्य (586.6 मिमी) से 7.1 प्रतिशत अधिक है. हालांकि, पूर्व तथा पूर्वोत्तर भारत में 1,175 मिमी बारिश दर्ज की गई, जो 1,361.2 मिमी के दीर्घावधि औसत से 13.7 प्रतिशत कम है. इस क्षेत्र में अगस्त (सामान्य से दो फीसदी अधिक) को छोड़कर बाकी तीनों महीने में कमी बनी रही. जून में देश के इस हिस्से में सामान्य से 13.3 प्रतिशत, जुलाई में 23.3 प्रतिशत और सितंबर में अब तक 17.8 प्रतिशत कम वर्षा हुई है.

#### जुलाई, अगस्त और सितंबर में अच्छी बारिश

केरल में इस साल मानसून सामान्य से दो दिन पहले 29 मई को ही पहुंच गया था. हालांकि, जून में मानसून की रफ्तार बीच में कुछ धीमी रही और उस महीने देश में सामान्य से 10.9 प्रतिशत यानी 147.2 मिमी ही बारिश हुई. जून में बारिश का दीर्घावधि औसत 165.3 मिमी है, लेकिन दक्षिणी प्रायद्वीप को छोड़कर शेष तीनों हिस्सों में कम बारिश होने से औसत कम हो गया. बाद में रफ्तार पकड़ते हुए 2 जुलाई तक मानसून पूरे देश में पहुंच चुका था. जुलाई, अगस्त और सितंबर में अच्छी बारिश हुई. जुलाई में उत्तर पश्चिमी हिस्से में सामान्य से 14.3 प्रतिशत और पूर्व तथा पूर्वोत्तर में 23.3 प्रतिशत की कमी के बावजूद पूरे देश में सामान्य से नौ फीसदी अधिक वर्षा दर्ज की गई. इसमें मध्य भारत और दक्षिणी प्रायद्वीप में सामान्य से क्रमश: 33 फीसदी और 36.5 फीसदी अधिक बारिश का योगदान रहा.

#### मानसून सीजन के अंत में ला नीनो प्रभाव

उत्तर पश्चिम में अगस्त में स्थिति में सुधार हुआ और सामान्य से 30 फीसदी अधिक बारिश दर्ज की गई. मध्य भारत में भी सामान्य से 16.5 प्रतिशत अधिक बारिश हुई. देश का औसत सामान्य से 15.3 फीसदी अधिक रहा. सितंबर में भी मध्य भारत में सामान्य से 33 प्रतिशत और उत्तर पश्चिमी भारत में 29.9 प्रतिशत अधिक वर्षा हुई है. इस कारण देश में सामान्य से 12.5 फीसदी अधिक बारिश दर्ज की गई है. मौसम विभाग ने बताया था कि इस साल मानसून सीजन के अंत में ला नीनो प्रभाव के कारण ज्यादा बारिश की संभावना है. यही कारण है कि मानसून के वापस लौटने में देरी हो रही है. इसका मतलब है कि देश के कुछ हिस्सों में बारिश का मौसम सामान्य से लंबा खिंच सकता है. आम तौर पर पूरे देश से मानसून 15 अक्टूबर तक वापस लौट जाता है.

**आयोजन** मोदी ने देशवासियों को 114वीं बार संबोधित किया, कहा- श्रोता ही इसके असली सूत्रधार

# 'मन की बात' के 10 साल पूरे होने पर भावुक हुए पीएम

एजेंसी। नयी दिल्ली

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 114वीं बार 'मन की बात' कार्यक्रम के जरिए देशवासियों को संबोधित कर रहे हैं. कार्यक्रम को संबोधित करते हुए पीएम मोदी ने कहा कि आज का एपिसोड मुझे भावुक करने वाला है. कारण यह है कि 'मन की बात' की हमारी इस यात्रा को 10 साल पूरे हो रहे हैं.



पीएम मोदी ने कहा कि दस साल पहले 'मन की बात' कार्यक्रम की शुरुआत 3 अक्टूबर को विजयादशमी के दिन हुई थी. यह कितना पवित्र संयोग है कि इस साल 3 अक्टूबर को जब 'मन की बात' कार्यक्रम के दस साल पूरे होंगे, तब नवरात्रि का पहला दिन होगा. इस लंबी यात्रा के कई ऐसे पड़ाव हैं, जिन्हें मैं कभी भूल नहीं सकता. करोड़ों श्रोता हमारी इस यात्रा के ऐसे साथी हैं, जिनका मुझे निरंतर सहयोग मिलता रहा. उन्होंने देश के कोने- कोने से जानकारियां उपलब्ध कराई. श्रोता ही इस कार्यक्रम के असली सूत्रधार हैं. उन्होंने कहा कि एक धारणा ऐसी है कि जब तक चटपटी बातें न हो, नकारात्मक बातें न हो, तब तक उसको ज्यादा तवज्जो नहीं मिलती है, लेकिन, 'मन की बात' ने साबित किया है कि देश के लोगों में सकारात्मक जानकारी की कितनी भूख है. सकारात्मक बातें प्रेरणा से भर देने वाले उदाहरण, हौसला देने वाली गाथाएं, लोगों को बहुत पसंद आती हैं. पीएम मोदी ने उदाहरण देते हुए कहा कि एक पक्षी होता है ''चकोर'' जिसके बारे में कहा जाता है कि वह सिर्फ वर्षा की बूंद ही पीता है. 'मन की बात' में हमने देखा कि लोग भी चकोर पक्षी की तरह, देश की उपलब्धियों को, लोगों की सामूहिक उपलब्धियों को गर्व से सुनते हैं. दस वर्ष की यात्रा ने एक ऐसी माला तैयार की है, जिसमें, हर एपिसोड के साथ नई गाथाएं, नए कीर्तिमान, नए व्यक्तित्व जुड़ जाते हैं.

### पहले की सरकारों में महाराष्ट्र के विकास के लिए जरूरी प्रोजेक्ट डिरेल हुए : मोदी

**नयी दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार को वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से महाराष्ट्र में 11, 200 करोड़ रुपये की कई परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास किया. उन्होंने महाराष्ट्र में सोलापुर एयरपोर्ट का उद्घाटन भी किया. साथ ही डिस्ट्रिक्ट कोर्ट से स्वारगेट के बीच 1, 810 करोड़ रुपये की लागत वाली पुणे मेट्रो के भूमिगत खंड का उद्घाटन भी किया. इस दौरान पीएम मोदी ने पिछली सरकारों पर निशाना साधते हुए कहा कि दुर्भाग्य से, पिछले दशकों में हमारे देश में शहरी विकास में योजना और दूरदर्शिता दोनों का अभाव था. अगर कोई चर्चा में आती थी तो उसकी फाइलें कई वर्षों तक अटकी रहती थी. अगर कोई योजना बन भी गई, तब भी परियोजनाएं सालों-साल अटकी रहती थी. उस पुराने वर्क कल्चर का बहुत बड़ा नुकसान हमारे देश, महाराष्ट्र और पुणे को हुआ.

# भाजपा की बागियों पर कार्रवाई चौटाला समेत आठ निष्कासित

एजेंसी। नयी दिल्ली

कांग्रेस के बागियों पर कार्रवाई करने के बाद अब भाजपा भी एक्शन मोड में आ गई है. भाजपा ने रविवार को आठ उन बागी नेताओं को पार्टी से निकाल दिया है, जो निर्दलीय चुनाव लड़ रहे हैं. पार्टी प्रदेशाध्यक्ष मोहन लाल बड़ौली ने जिन आठ नेताओं को 6 साल के लिए पार्टी से निकाला है, इनमें पूर्व मंत्री रणजीत चौटाला भी शामिल हैं. रणजीत चौटाला लोकसभा चुनाव से ठीक पहले 25 मार्च को आनन-फानन में भाजपा में शामिल हुए थे और पार्टी ने उनको हिसार से प्रत्याशी बनाया था. इनके अलावा लाडवा से संदीप



गर्ग, असंध से जिलेराम शर्मा, गन्नौर से देवेंद्र कादियान, रानियां से रणजीत चौटाला, महम से राधा अहलावत, गुरुग्राम से नवीन गोयल और हथीन से केहर सिंह रावत को पार्टी से निकाला गया है.

इससे पहले 27 सितंबर को हरियाणा कांग्रेस ने 13 नेताओं को पार्टी से 6 साल के लिए निष्कासित कर दिया था. यह फैसला इसलिए लिया गया क्योंकि उन्हें पार्टी उम्मीदवारों के खिलाफ चल रहे विधानसभा चुनाव लड़कर पार्टी विरोधी गतिविधियों में शामिल पाया गया. हरियाणा प्रदेश कांग्रेस कमेटी ने ये फैसला लिया है. कांग्रेस ने गुहला सीट से नरेश, जींद से प्रदीप गिल, पुंडरी से सज्जन सिंह और सुनीता, नीलोखेड़ी से राजीव मामूराम और दयाल सिंह, पानीपत ग्रामीण से विजय जैन, उचाना कला से दिलबाग, दादरी से अजीत फोगाट, भिवानी से अभिजीत सिंह, बवानीखेड़ा से सतबीर, पृथला से नीतू और कलायत से अनीता को निष्कासित किया था.

मुद्रक तथा प्रकाशक लगातार इंफोटेनमेंट प्राईवेट लिमिटेड द्वारा लगातार इंफोटेनमेंट प्राइवेट लिमिटेड के पक्ष में, सिमलिया, रिंग रोड, पीएस-रातू, रांची - 835222 से मुद्रित तथा 304-305 समृद्धि स्क्वायर, किशोरगंज चौक, हरमू रोड, रांची- 834001, झारखंड द्वारा प्रकाशित.
संपादक - **सुरजीत सिंह**, स्थानीय संपादक - **संजय सिंह***. फोन नंबर- 0651-2961734 आर.एन.आई. नंबर - **JHAHIN/2023/84487** ( *पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार.)